सुप्रभात
रांची, बुधवार
17.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी/ सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 185
06 श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अमृतकाल

# इडी के नाम पर हमें डरायें नहीं, हम लड़नेवाले लोग हैं : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के प्रति झामुमो का हमलावर रवैया जारी है। मंगलवार को झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इडी पर कई गंभीर आरोप लगाये। साथ ही इडी को सलाह दी कि उसे पारदर्शी होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए भाजपा, केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर हमें डराने की कोशिश कर रही है। इडी के नाम पर डराया जा रहा है, मगर हमलोग डरनेवाले नहीं, लड़ने वाले लोग हैं। कहा कि सीएम के नाम आठवां समन का जिक्र मीडिया में आया, लेकिन सवाल है कि जब भी इडी समन जारी करती है तो नोटिस का मजमून कैसे पब्लिक डोमेन में आ जाता है। सुप्रियो ने कहा कि ऐसे में हमें इडी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई लड़ने को विवश किया जा रहा है।

**भाजपा-इडी की साजिश से लोग आक्रोशित :** झामुमो नेता ने कहा, इसका मतलब है कि इडी राज्य सरकार को बदनाम करने और कामकाज को रोकने के लिए ऐसा काम कर रही है। इससे लोगों में आक्रोश है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या बोले पार्टी नेता सुप्रियो भट्टाचार्य**
- अब लोग भी आक्रोशित हो रहे हैं
- इडी को पारदर्शी होना होगा
- इडी एक पार्टी के रूप में काम कर रही है
- हमें भी अब राजनीतिक लड़ाई लड़नी होगी
- नोटिस का मजमून पहले कैसे बाहर आ जाता है


पत्रकार वार्ता करते झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य।

## बंधु के बयान को कांग्रेस का सपोर्ट

इडी के खिलाफ कांग्रेस नेता बंधु तिर्की के विवादित बयान पर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गयी है। कांग्रेस ने बंधु तिर्की का समर्थन किया है। हालांकि प्रदेश उपाध्यक्ष काली चरण मुंडा ने बंधु के बयान पर टिप्पणी नहीं की। वहीं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सुरेश बैठा सह खूंटी जिला प्रभारी ने बंधु के बयान का समर्थन किया है। सुरेश बैठा ने बंधु के बयान पर कहा कि बंधु आंदोलनकारी नेता रहे हैं और सभी जाति और धर्म के अलावा आदिवासी मूलवासी के हितों को भली-भांति जानते हैं। ऐसे मुख्यमंत्री को बार-बार ईडी के द्वारा समन किया जाना उचित नहीं है।

## चुनाव से पहले दलों को डराने का काम

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को केंद्रीय एजेंसियां के माध्यम से डराया जा रहा है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई यह बता रही है कि पहले धर्म के नाम पर, फिर संप्रदाय के नाम पर, उसके बाद इडी की कार्रवाई के नाम पर डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद इडी की कार्रवाई चलती रही, जिसका फायदा भाजपा को मिला।

### अब चुनाव में भाजपा को जनता सबक सिखायेगी

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की चाल समझ गयी है। चुनाव में उसे सबक सिखायेगी। इडी सिर्फ यहां भ्रम की स्थिति पैदा कर, विशेष राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। सुप्रियो ने कहा, 14 जनवरी को इडी ने समन जारी किया, जबकि इस दिन सीएम काफी व्यस्त रहते है। यह जानते हुए भी इडी ने समन जारी किया। पूछा कि इडी जानकारी दे कि किसके पास से क्या बरामद हुआ है।

राम राज्य का अर्थ है सबको विकास का समान मौका देना : मोदी

# जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे पर चल रहे पीएम मोदी ने रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुए कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे। उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है। आज पूरा देश राममय है, उनकी भक्ति में सराबोर है, क्योंकि 22 जनवरी को अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राममंदिर बनने जा रहा है। ऐसे माहौल में हमारे लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि प्रभु श्रीराम का जीवन भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है। प्रभु श्री राम शासन चलाने के उदाहरण थे। वे सुशासन के ऐसे प्रतीक थे, जो आज भी संस्थाओं के लिए प्रेरणा हैं, उक्त बातें पीएम मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के पलासमुद्रम में कही।

**श्री राम ने सामाजिक जीवन की सीख दी :** पीएम ने कहा कि प्रभु श्री राम ने इस बात की सीख दी है कि सामाजिक जीवन कैसे जीना है और देश का शासन कैसे चलाना है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उन्होंने इस बात को स्थापित किया है। मोदी ने कहा कि देश में पुरानी सरकारों ने प्रोजेक्ट्स को अटकाने का किया, जिससे देश के साथ-साथ आम नागरिकों का भी नुकसान हुआ। पर आज परिस्थिति बदल चुकी है। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने लागत का ध्यान रखा है और योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को केंद्र में रखकर योजनाएं बनायी जिसकी वजह से हाशिए पर पड़ा यह वर्ग सशक्त हुआ। हमने इन लोगों को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनायी और उन्हें कार्यान्वित कराया।

### लोकतंत्र में प्रजा ही राजा



पीएम मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था।

हजारीबाग, रामगढ़ में अंसारी के ठिकानों पर इडी का छापा

# चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/हजारीबाग।** झारखंड के जाने-माने कोयला कारोबारी मोहम्मद इजहार अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। इडी की टीम मंगलवार को सुबह से दिन भर हजारीबाग और रामगढ़ में उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। छामारी के बाद देर शाम इडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर ली। गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारी उन्हें ले कर रांची आ गयी।



**लाखों कैश व दस्तावेज मिले :** जानकारी के अनुसार इजहार अंसारी के ठिकानों से 13 लाख नकदी के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों और निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। जांच टीम के अधिकारी इनके सत्यापन में लगे हैं। रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में भी इजहार की फैक्ट्री व एक अन्य ठिकाना में भी छापेमारी की गयी थी। पूर्व में भेजे गये समन की अवहेलना कर रहे थे और पूछताछ में उपस्थित नहीं हो रहे थे। अब इडी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। उनके पेलावल स्थित आवास पर इडी ने सुबह 6:30 बजे दस्तक दी थी। इस दौरान सीआरपीएफ ने पूरे घर को सुरक्षा घेरा में ले लिया था। उनपर आरोप है कि उन्होंने फर्जी कंपनियों के नाम पर कोयला कंपनियों से रियायती दर पर कोयला उठाया और उसे खुले बाजार में बेच दिया। पहले भी इडी ने उनके घर छापेमारी की थी और समन कर उन्हें रांची कार्यालय बुलाया था। पिछले तीन मार्च को घर से तीन करोड़ से अधिक की नकदी बरामद की थी। (शेष पेज 11 पर)

## इडी ऑफिस नहीं पहुंचे पिंटू, दूसरा समन संभव




वहीं इडी के समन पर सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू मंगलवार को इडी दफ्तर नहीं पहुचे। इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन भेज कर बुलाया था। तीन जनवरी को इडी ने साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में झारखंड और बंगाल में एक दर्जन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इसी के बाद इडी ने पिंटू को समन जारी कर 16 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। वहीं आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह भी सोमवार को इडी दफ्तर नहीं पहुंचे थे। उन्होंने पत्र भेज कर समय मांगी है।

# हाइकोर्ट ने केंद्र से पूछा अपील में क्यों हुई देरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील /(एलपीए) की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने शपथ दायर कर पूछा है कि अपील दायर करने में क्यों देरी हुई। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया, अर्पण मिश्रा ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में होगी।

**न्यूक्लियस मॉल मामला**

दरअसल, मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने प्रार्थी सेना के अधिकारियों की याचिका को 5 अप्रैल 2023 को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ सेना की ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। खंडपीठ ने बीते नवंबर माह में जिमखाना क्लब की जमीन पर बना रहे न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी थी।

बता दें कि हाईकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बन रही है, वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। (शेष पेज 11 पर)

# ज्ञानवापी के वजूखाने की होगी सफाई

- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में वजूखाने की सफाई की जायेगी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए मंजूरी दे दी। टॉप कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर यह आदेश दिया और कहा कि वहां पर साफ-सफाई का काम जिलाधिकारी (डीएम) की देखरेख में किया जाये। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई। 3 जनवरी को याचिका पर उन्होंने जल्द सुनवाई का भरोसा दिया था। वजूखाना में मछलियों के मर जाने के बाद यह याचिका दाखिल की गयी थी।

हिंदू पक्ष ने अपनी याचिका में कहा कि वजूखाने की मछलियों की मौत 12 से 25 दिसंबर, 2023 के बीच हुई है। इस वजह से बदबू आना शुरू हो गया है। याचिका में कहा गया, 'वहां मौजूद शिवलिंग हिंदुओं के लिए बहुत पवित्र है। इसलिए उसे किसी भी तरह की धूल, गंदगी और मरे हुए जानवरों से दूर रखना चाहिए। उसकी सफाई होनी चाहिए। अभी वह मरी हुई मछलियों से घिरा हुआ है, जिसकी वजह से भगवान शिव को मानने वाले भक्तों की भावनाएं आहत हो रही हैं।

### मथुरा शाही ईदगाह के सर्वे पर रोक



वहीं यूपी के मथुरा में शाही मस्जिद (विवादित परिसर) के सर्वे के आदेश पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। मामले की सुनवाई के दौरान टॉप कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट याचिकाओं के सुनवाई योग्य होने के खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका को सुने। इससे पहले, सर्वे से जुड़ा आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया था, जबकि शाही ईदगाह कमेटी ने मथुरा की जिला अदालत से सभी मामले हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने का विरोध किया है। 23 जनवरीको अब इस मसले पर अगली सुनवाई होगी।

भाजपा-संघ के अन्याय के विरुद्ध है कांग्रेस की न्याय यात्रा

# गठबंधन में सीटों के बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं : राहुल

**एजेंसी**

**कोहिमा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह की दिक्कत नहीं है। सभी दलों के साथ आसानी से सीटों के बंटवारे का काम कर दिया जायेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश की जनता के साथ अन्याय हो रहा है। इसलिए कांग्रेस की ओर से वह लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं।

**यात्रा का लक्ष्य, जनता को न्याय :** श्री गांधी ने आज यात्रा के तीसरे दिन आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा और आरएसएस की अन्य के कारण देश में नफरत बढ़ रही है। चुनिंदा लोगों को फायदा दिया जा रहा है और लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी जो सफल रही। अब जनता की पीड़ा को देखते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गयी है। उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को एक वैचारिक यात्रा बताया और कहा कि यह यात्रा एक विचारधारा द्वारा कील जा रही सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक अन्याय के खिलाफ है। यात्रा से जनता को न्याय दिलाना ही उनकी यात्रा का लक्ष्य है। मणिपुर से यात्रा शुरू करने का फैसला इसलिए लिया कि इस राज्य के लोग संकट में हैं। मणिपुर में लोग किस हाल में है, उनके इस दर्द को उन्होंने लोगों से मिलकर महसूस किया है।




# अयोध्या पहुंची 108 फीट लंबी अगरबत्ती



रामलला आ रहे हैं...

**एजेंसी**

**अयोध्या।** रामनगरी में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्सव का माहौल है। देश के कोने-कोने से राम मंदिर के लिए नायाब चीजें आ रही हैं। गुजरात के वड़ोदरा में एक ऐसी अगरबत्ती तैयार कर मंगलवार को अयोध्या पहुंची, जिसकी लंबाई 108 फीट है। यह अगरबत्ती गुजरात से 108 फीट लंबे रथ से अयोध्या करीब नौ दिनों में लाया गया। वहीं चित्रकूट में मंदाकिनी के जलकलश के साथ भरतकूप से 15 जनवरी को शुरू हुइ श्रीराम चरण पादुका 19 जनवरी को राम की नगरी अयोध्या पहुंचेगी।

**19 को पहुंचेगी श्रीरामचरण चरण पादुका :** चित्रकूट में मंदाकिनी के जल कलश के साथ भरतकूप से 15 जनवरी को शुरू श्रीराम चरण पादुका 19 जनवरी को राम की नगरी अयोध्या पहुंचेगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार त्रेतायुग में माता कैकेयी की हठ पर राजा दशरथ के द्वारा भरत को अयोध्या की राजगद्दी तथा प्रभु श्रीराम जी को 14 वर्ष का वनवास दिया था। (शेष पेज 11 पर)



### 50 किलोमीटर तक सुगंध फैलेगी

अयोध्या नया घाट बस स्टेशन पर इस अगरबत्ती को मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास ने प्रज्वलित भी किया। इस अगरबत्ती को बनाने वाले कारीगर ने बताया कि यह जो अगरबत्ती प्रज्वलित की गयी है इसके अंदर से जो उर्जा निकल रही है यह 50 किलोमीटर तक की एरिया को कवर करेगी। हालांकि किन्ही कारणों से इस अगरबत्ती को राम जन्मभूमि परिसर में ले जाने की अनुमति नहीं मिल सकी। मंगलवार से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का 7 दिवसीय महाअनुष्ठान भी शुरू हो रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान ये अगरबत्ती पूरी अयोध्या को महकायेगी। इसका वजन साढ़े तीन हजार किलो है। इसे बनाने में छह महीने का समय लगा है और इसकी कीमत 500000 बतायी जा रही है।

# डोबो में 110 एकड़ में मेगा कैंपस बना रहा श्रीनाथ विवि

- नये कैंपस का भूमि पूजन संपन्न

**सत्येन्द्र कुमार/ विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी का नया मेगा कैंपस सरायकेला-खरसावां जिले में तेजी से उभर रहे डोबो क्षेत्र में 110 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। प्रथम चरण में यहां 70 एकड़ जमीन पर कैंपस का विकास किया जायेगा। इसके लिए कुलाधिपति सुखदेव महतो ने नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ भूमि पूजन किया। मेगा कैंपस में इंजीनियरिंग ब्लॉक, फार्मा ब्लॉक, एमबीए ब्लॉक एवं डिग्री कॉलेजों के ब्लॉक तो रहेंगे ही यहां 600 बेड का श्रीनाथ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का कैंपस भी विकसित किया जायेगा।

**श्रीनाथ विवि पर नाज : सुखदेव महतो-** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने **खबर मन्त्र** से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा निवेश करने जा रहे हैं। वर्ष 2030 तक श्रीनाथ विवि सबसे बड़ी आधारभूत संरचना वाला निजी विवि बनाने का लक्ष्य है ताकि पूरे झारखंड के लोग इस पर नाज कर सकें। श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि पूरे कैंपस के विकास में करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपये तक का निवेश करने की जरुरत पड़ेगी।

## न्यूज डायरी

### कोलकाता से रांची आ रही बस से 18 लाख लूटे

**रांची।** कोलकाता से रांची आ रही शिवम बस में अपराधियों ने लूटपाट मचायी है। अपराधियों ने विरोध करने पर कई यात्रियों को जख्मी भी कर दिया है। सब्जी व्यवसायियों से अपराधियों ने रुपयों से भरा बैग लूट लिया। जिसमें 18 लाख रुपये थे। घटना रांची जिले के दशमफॉल थाना क्षेत्र में घटी है।

### तट रक्षक बल ने 181 तीर्थयात्रियों को बचाया

**काकद्वीप।** भारतीय तट रक्षक बल (आईसीजी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में सागर द्वीप के पास काकद्वीप के नामखाना में नाव में फंसे लगभग 181 तीर्थयात्रियों को जलाशय से बाहर निकाल लिया है।

### पश्चिम सिंहभूम में पांच किलो का आइइडी मिला

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में मंगलवार को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम लेमसाडीह और बामियाबुरु जंगली इलाकों में सुरक्षाबलों ने एक पांच किलो का आईईडी बरामद किया। बाद में बम को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से नष्ट किया गया।

### 94 लाख गरीब परिवारों को मिलेंगे दो-दो लाख

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ा दाव खेला है। बिहार सरकार गरीबी रेखा से नीचे रह रहे 94 लाख परिवारों में एक-एक सदस्य को दो लाख रुपये अनुदान देगी। बिहार कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है।

### सूर्यकुंड मेला जा रहे दो युवकों की हादसे में मौत

**गिरिडीह।** बगोदर थाना इलाके के जीटी रोड स्थित संतरुप्पी मोड़ में मंगलवार दोपहर सूर्यकुंड मेला जा रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक डोंडलो का अजय कुमार (20) और सन्नी कुमार (19) शामिल हैं। वे बाइक से घर से हजारीबाग-बरकट्ठा के सूर्यकुंड मेला देखने जा रहे थे।

### जम्मू में सीमा के पास से पाक नागरिक पकड़ाया

**श्रीनगर/बारामूला।** जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को मकवाल के पास से पकड़ा गया है।

### अनुष्का-विराट को मिला प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

**मुंबई।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसमें शामिल होने को हर फील्ड की बड़ी हस्तियों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। अब एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और उनके क्रिकेटर पति विराट कोहली का भी नाम शामिल हो गया है। इस प्यारे कपल को भी समारोह का न्योता मिला है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## सीएम से मिले कोयला मंत्रालय के अपर सचिव



**रांची।** कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू और सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर सीसीएल के साथ टीवीएनएल के विस्तार पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे भी मौजूद थे।

## अवर सचिव अनिल सिंह के घर चिपकाया इश्तेहार

**रांची।** घर छोड़कर फरार हेहल के पूर्व सीओ और वर्तमान में अवर सचिव अनिल सिंह के छपरा स्थित घर पर पंडरा ओपी क्षेत्र की पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया है। कार्रवाई की है। चस्पा इश्तेहार में कुर्की की भी चेतावनी दी गई है। बता दें कि पंडरा में आदिवासी जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में उनके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। सीएम हेमंत सोरेन ने पूर्व सीओ के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

# सरकार एसएलपी दाखिल करेगी या फिर होगा चुनाव!

### नगर निकाय चुनाव पर संशय बरकरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निकाय चुनाव पर एक बार फिर ग्रहण लगने जा रहा है। एक तरफ राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव कराने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है, वहीं दूसरी ओर सरकार झारखंड हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ एसएलपी दाखिल करने की तैयारी में है।

बता दें कि झारखंड हाई कोर्ट की एकल पीठ ने पिछले दिनों तीन सप्ताह के अंदर सरकार को नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया था। जिसकी समय सीमा 25 जनवरी को समाप्त हो रही है। नगर विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक ओबीसी आरक्षण ट्रिपल टेस्ट को लेकर सरकार कदम बढ़ा चुकी है और इस संबंध में न्यायालय के समक्ष हलफनामा भी दाखिल कर चुकी है इसलिए इसे पूरा किए बिना चुनाव कराना संभव नहीं है। इस संबंध में विधि सलाह भी ली गई है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का हवाला दिया गया है।

### निर्वाचन आयोग तैयार, निर्णय लेना है सरकार को

इन सबके बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को हाई कोर्ट के आदेश की प्रति लगाकर चुनाव कराने संबंधी रिपोर्ट भेज दी है। इसमें फरवरी के अंत में ईवीएम के जरिए एक ही दिन में सभी 48 नगर निकायों में चुनाव कराने की तैयारी पूर्ण होने की बात कही गई है। सरकार की अनुमति के पश्चात इसकी औपचारिक घोषणा करने की तैयारी आयोग ने की है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में सभी जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र भेजकर निर्वाचन कार्य में होने वाले खर्च का ब्यौरा सरकार को देने का निर्देश दिया है।

### एक तरफ अवमाननावाद दाखिल करने की तैयारी

नगर निकाय चुनाव को लेकर याचिका दाखिल करने वाले अरुण कुमार झा का मानना है कि सरकार यदि 25 जनवरी तक हाई कोर्ट के निर्देशानुसार सरकार राज्य के सभी 48 नगर निकाय क्षेत्रों में चुनाव कराने की घोषणा नहीं करती है तो अवमाननावाद दाखिल किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कराने के लिए तैयार है और इस संबंध में सभी उपायुक्तों को भी पत्र लिखा जा चुका है, ऐसे में सरकार यदि टाल मटोल का रवैया अपनाएगी तो हाई कोर्ट के फैसले का अवमानना माना जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग मतदान केंद्र और मतदाता सूची तैयार कर चुका है। चुंकि यह चुनाव शहरी क्षेत्र में होगा इसलिए कोई ज्यादा व्यवधान नहीं होगा। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में शहर की सरकार बनाई जा सकती है, बशर्ते कि सरकार की मंशा साफ हो।

# ट्रांसजेंडर के लिए बनेगा बोर्ड, जिलास्तर पर भी कमेटी होगी गठित : कृपानंद झा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कहा कि ट्रांसजेंडर्स के उत्थान के लिए बोर्ड का गठन किया जायेगा। श्री झा मंगलवार को सूचना भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में ट्रांसजेंडर कमेटी का गठन किया जायेगा। वर्तमान में ट्रांसजेंडरों को ओबीसी-टू का दर्जा दिया गया है। विभाग उनके उत्थान के लिए एक समेकित योजना तैयार कर रहा है।

श्री झा ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत राज्य में कुल नौ योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें तीन योजनाएं केन्द्र संपोषित हैं। छह योजनाएं राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनधारियों को ससमय लाभान्वित किया जा सके, इसके लिए सरकार ने अलग से ₹100 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड का इंतजाम किया है। चार वर्षों में राज्य के पेंशनधारियों में 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 2023 में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुल 6 लाख 56 हजार से ज्यादा पेंशन के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 50 से 60 आयु वर्ग की एससी-एसटी एवं महिलाएं भी अब वृद्धावस्था पेंशन की पात्र होंगी।

उन्होंने बताया कि राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत ड्रॉप आउट बच्चियों को प्रोत्साहित करने के लिए और उन्हें शिक्षित बनाने के लिये 2023-24 में अब तक 6 लाख 21 हजार लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया गया है।

**6850 आंगनबाड़ी केन्द्रों को किया जायेगा विकसित** : श्री झा ने बताया कि राज्य में कुल 378 हजार 432 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 6850 केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही 29 हजार से ज्यादा सेविकाओं को स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 10 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन का निर्माण डीएमएफटी-सीएसआर फंड के तहत कराने की योजना है। इन केन्द्रों में एलपीजी सिलेंडर, वाटर प्यूरीफायर और स्मार्ट टीवी जैसी सुविधा दी जायेगी। मानदेय को लेकर कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए 9500 रुपये प्रतिमाह तथा सहायिकाओं के लिए 4750 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इसके अलावा प्रतिवर्ष क्रमशः 500 रुपये और 250 रुपये मानदेय वृद्धि का प्रावधान भी किया गया है। सेविकाओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है। राज्य में विधवा पुनर्विवाह पर सरकार की ओर से ₹2 लाख की आर्थिक राशि दी जायेगी।

श्री झा ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 11 हजार 880 कन्याओं को विवाह पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गयी है। राज्य में 6 लाख गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए योजना शीघ्र प्रारंभ करने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं, बाल कल्याण के तहत विषम परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के संरक्षण और देखभाल के लिए बच्चों को 4 हजार रुपये प्रति बच्चा स्पॉन्सरशिप उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक यह लाभ 4 हजार 497 बच्चों को यह दिया जा चुका है। विधि के उल्लंघन में लिप्त बच्चों के मामलों के निपटारा हेतु सृजित किशोर न्याय बोर्ड को बढ़ाकर 26 किया गया है।

### जल्द भरी जायेंगी रिक्तियां

विभाग के अधीन बाल विकास परियोजना के रिक्त पदों में विरुद्ध 64 पदों पर तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं के रिक्त पदों के विरुद्ध 444 पदों पर नियुक्ति संबंधी कार्रवाई की जा रही है। इन रिक्त पदों को भरने के लिए जेपीएससी और जेएसएससी की सहायता ली जायेगी। इस अवसर पर कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री ने बीजेपी की योजनाओं को बंद करने का लगाया आरोप

# झामुमो सरकार चार वर्षों तक जनता की आंखों में धूल झोंकती रही: लुईस मरांडी

- राज्य महिला आयोग का गठन नहीं कर सकी राज्य की गठबंधन सरकार
- भाजपा सरकार में महिलाओं के लिए शुरू हुई कल्याणकारी योजनाओं को किया बंद
- सरकार में 6000 से ज्यादा बहन बेटियों के साथ हुई दुष्कर्म की घटना




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने कहा कि 4 वर्षों में जनता के बीच जिस तरह से आंख में धूल झोंककर राज्य की झामुमो नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार सत्ता में आयी है। लुईस मरांडी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार में समाज कल्याण विभाग में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका-सहायिका को किसी भी तरह का यूनिफार्म उपलब्ध नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि आज कुपोषण दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। रघुवर दास की सरकार में पोषण सखी का नियुक्तियां हुई थी और वे सभी अपनी सेवाएं भी दे रही थीं। लेकिन झामुमो सरकार आयी और उन्होंने पोषण सखी की नियुक्तियां को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना शुरू हुई थी उसे इस सरकार सिर्फ नाम बदलकर सावित्री बाई फुले योजना कर वाहवाही लूटी रही है। रघुवर सरकार में 0 वर्ष से ऊपर के कक्षा तक पैसा देने का प्रवधान था लेकिन हेमन्त सरकार ने सिर्फ 8वीं कक्षा से ऊपर तक को पैसा देने का काम कर रही है। यह तो उन गरीब परिवार के बच्चों के साथ अन्याय है। रघुवर सरकार में बेटी के जन्म से लेकर 12वीं पास करने तक 30 हजार रुपया और 18 साल की आयु होने पर 10 हजार रुपये मिलते थे। भाजपा सरकार में 1 रुपए में महिलाओं के लिए 50 लाख तक की जमीन एवं मकान की रजिस्ट्री होती थी जिसे हेमंत सरकार ने बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने महिला आयोग का गठन तक नहीं किया।

भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि झामुमो नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में पिछले 4 वर्षों में छह हजार से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सत्ता में आने से कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग से बैंक खोलेंगे और 3 लाख की आबादी में महिला थाना खोलने की घोषणा की थी, लेकिन यह भी सिर्फ ख्वाली पुलाव निकला। उन्होंने कहा कि इस सरकार में कस्तूरबा स्कूल की स्थिति काफी दयनीय एवं दर्दनाक है। कस्तूरबा स्कूल में बढ़ रही बच्चियों के लिए मूलभूत सुविधा का अभाव है। ना वहां अच्छा पौष्टिक भोजन मिल पा रहा है और न ही पढ़ाई की सामग्री। सुरक्षा के लिहाज से सरकार की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार से अपने घोषणा में गरीब महिलाओं को प्रत्येक महीना चूल्हा खर्च के रूप में 2000 रुपया देने का वादा किया था, लेकिन यह भी झूठा साबित हुआ। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित थीं।

## सीएम ईडी को घर बुलाते हैं और इधर झामुमो के नेता दे रहे धमकी: भाजपा



**भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा– पश्चिम बंगाल से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकती है हेमंत सरकार**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के उस बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है जिसमें ईडी को धमकी दिया गया है। श्री वर्मा ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8वीं नोटिस के बाद ईडी को पूछताछ केलिये अपने पास ही बुलाना चाहते हैं और दूसरी ओर उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भप्ताचार्य ईडी को धमकी भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में तो मुख्यमंत्री को कैबिनेट से यह भी निर्णय कर लेना चाहिये कि राज्य के किसी व्यक्ति को पूछताछ केलिये अधिकारी अपने ऑफिस में नही बुलायें। अधिकारी पूछताछ केलिये घर जायें। क्योंकि कानून के नजर में सब बराबर हैं। उन्होंने कहा कि जब अपराध केलिये सजा सबके लिये बराबर है तो फिर कानूनी प्रक्रिया भी बराबर होनी चाहिये।


# शारदा ग्लोबल स्कूल में विन्टर कार्निवल यूफोरिया की धूम

## बच्चों एवं अभिभावकगण ने उठाया भरपूर लुत्फ

रॉंची। 14 जनवरी 2024 शारदा ग्लोबल स्कूल में चिरप्रतिक्षित 'विन्टर कार्निवल यूफोरिया का आयोजन पूरे जोश एवं उत्साह से सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यालय एवं विद्यालय से इतर छात्रों, बच्चों एवं अभिभावकगण ने कलरफुल गेम स्टॉल्स, राइड्स, स्पोर्ट एक्टीविटिज, रैम्पवॉक, फोटो बूथ, टैटू स्टॉल फोटो शूट के साथ-साथ लजीज व्यञ्जनों के साथ-साथ पतंगबाजी का जमकर आनन्द उठाया तथा अभिभावकों ने इनमें हिस्सा लेकर अपनी बचपन की यादों को ताजा किया।

वास्तव में ऐसे आयोजनों से छात्रों को दिमागी और रोचक प्रशिक्षण मिलता है जहाँ बच्चे खेल-खेल में ही जीवनपयोगी क्रिया कलापों से परिचित हो जाते हैं जैसे कूपन लेकर खेलना और खिलवाना उन्हें कॉमर्स की सीख देता है क्योंकि प्रैक्टिकली किया कार्य बच्चे जल्दी सीख जाते हैं क्योंकि वह जीवन्त स्तर पर किया जाता है।

चित्रकला के लिए चित्रकला में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए कैनवास और रंग उपलब्ध थे जहाँ बच्चों ने अपने अन्दर की प्रतिभा को चित्रों एवं रंगों के माध्यम से कैनवास पर साकार रूप दिया।


पेंटिंग करते बच्चे

पतंगबाजी जो बहुत पुराना और मनोरंजक खेल है लेकिन समय के साथ-साथ विलुप्त होता जा रहा है इसके द्वारा ऊपर हवा में कैसे बैलेंस बनाकर पतंग उड़ाई जाती है बच्चों को यह सीखने को मिला।

इसी तरह तीरन्दाजी द्वारा बच्चों ने लक्ष्य साधने का अभ्यास किया। छात्रों ने स्कूल कैम्पस में उपलब्ध इस खेल में अति उत्साही बनकर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में श्री करमवीर जी (संगठन महामंत्री, झारखण्ड स्टेट भाजपा), श्री बिरन्ची नारायण (एम.एल.ए) बोकारो, श्री बालमुकुन्द सहाय (भाजपा झारखण्ड स्टेट महामंत्री) एवं डायरेक्टर इण्डियन बैंक रहे, इसके अतिरिक्त विद्यालय के चेयरमैन श्री संजय शारदा, डायरेक्टर श्री दीपक बंका तथा अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ॰ (श्रीमती) रंजना स्वरूप, प्राचार्या महोदया जसमीत कौर, श्रीमती दीपा बंका तथा शिक्षकवृन्द उपस्थित थे।





2024 का कैलेंडर जारी करते हुए अतिथिगण

अतिथिगण ने छात्रों के सभी स्टॉल्स का भ्रमण किया तथा स्टॉल्स की सजावट एवं उनके द्वारा आयोजित स्पोटर्स में भाग लेकर छात्रों की प्रशंसा तथा उत्साहवर्धन किया।


ट्रिक एंड ट्रिट

अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से परिचित करवा रहा है जहाँ एक ही जगह छात्र ज्ञान, विज्ञान खेल, चित्रांकन, तीरंदाजी आदि खेलों को रोचक ढंग से सीख रहे हैं ऐसा कार्यक्रम किसी और विद्यालय में देखने को नहीं मिलता है। यह अपने में बिल्कुल ही अनूठा है। वास्तव में सही शिक्षा वही है जो जीवन के लिए उपयोगी हो।


डायरेक्टर दीपक बंका द्वारा मुख्य अतिथि करमवीर सिंह को मोमेंटो प्रदान करते हुए

विद्यालय के चेयरमैन श्री संजय शारदा, डायरेक्टर श्री दीपक बंका एवं श्री अनुज रंजन ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. (श्रीमती) रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या महोदया श्रीमती जसमीत कौर का उचित एवं दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि यहाँ के छात्र सही निर्देशन एवं मार्गदर्शन में न केवल शिक्षण बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।


डायरेक्टर दीपक बंका द्वारा बोकारो एमएलए बिरंची नारायण को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए


बोकारो एमएलए बिरंची नारायण बैलून शूट करते हुए





डायरेक्टर दीपक बंका द्वारा बाल मुकुन्द सहाय को मोमेंटो प्रदान करते हुए


स्ट्राईक गेम का लुत्फ उठाते हुए अभिभावक




तीरंदाजी का आनन्द उठाते अभिभावक


मिक्की जंपिंग का आनन्द उठाते बच्चे



# गुरु गोबिंद सिंह जयंती आज, टेल्को से निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

## सीजीपीसी की विनती, शाम को घरों में करें दीपमाला, पालकी साहिब का स्वागत केसरी या नीली दस्तार और ओढ़नी धारण कर करें

खबर मन्त्र ब्यूरो


प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर जगमग करता साकची गुरुद्वारा।

**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाशपर्व बुधवार को जमशेदपुर में श्रद्धा भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। प्रकाशोत्सव पर 17 जनवरी को टेल्को गुरुद्वारा साहिब से निकलने वाले भव्य नगर कीर्तन को लेकर कोल्हान के सभी गुरुद्वारों में तैयारियां पूरी कर ली गयीं है। मंगलवार को प्रकाशपर्व की बधाई देते हुए प्रधान सरदार भगवान सिंह ने संगत से करबद्ध अपील करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालु गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के सम्मान में केसरी या नीली दस्तार और ओढ़नी धारण कर पालकी साहिब का स्वागत करे। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) ने कोल्हान की सभी 34 गुरुद्वारा कमिटियों से अपील करते हुए बयान जारी किया है कि प्रकाशपर्व के पावन मौके पर संगत तथा अन्य संस्थाएं दर्शक बनने के बजाय केसरी या नीली दस्तार और ओढ़नी धारण कर बड़ी संख्या में सीजीपीसी के साथ नगरकीर्तन में शामिल हों। पूर्वसंध्या पर प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष चंचल सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, सुखदेव सिंह बिट्टू, अमरीक सिंह, दमन सिंह, अकाली दल के सुखदेव सिंह खालसा और रामकिशन सिंह ने टेल्को गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर हो रही तैयारियों का जायजा लिया। नगर कीर्तन के दर्शनीय आयोजन और सफलता के लिए सीजीपीसी पूरी तरह से तत्पर है अन्य सभी गुरुद्वारा प्रतिनिधियों संग संपर्क में हैं। नगर कीर्तन सुबह ठीक साढ़े ग्यारह बजे टेल्को गुरुद्वारा साहिब से रवानगी होगी तथा पूर्व निर्धारित मार्ग से होता हुआ शाम को ठीक पांच बजे साकची गुरुद्वारा साहिब में संपन्न होगा। टेल्को गुरुद्वारा से गुरु महाराज जी की पालकी साहिब की रवानगी भव्य रूप से होगी। बुधवार को टेल्को गुरुद्वारा से नगरकीर्तन के आरम्भता की अरदास के बाद मौजूद गुरुप्यारी साध-संगत गुरु महाराज जी की शान में पुष्प वर्षा कर पालकी साहिब की रवानगी देगी। निर्धारित रूट अनुसार सुबह साढ़े ग्यारह बजे टेल्को गुरुद्वारा से भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो टाटा मोटर्स मेन गेट, नीलडीह गोलचक्कर, तार कंपनी, टिनप्लेट, गोलमुरी, आर डी टाटा गोलचक्कर व कालीमाटी रोड़ होते हुए साकची गुरुद्वारा में पहुंच कर शाम पांच बजे संपन्न होगा। सभी गुरुद्वारों में शब्द-कीर्तन के विशेष दिवान का आयोजन होगा साथ ही इस शुभ अवसर पर शहर के सभी गुरुद्वारों में अटूट लंगर की व्यवस्था होगी। नगर कीर्तन में पालकी साहिब के स्वागत के लिए पुरे मार्ग में लगभग 38 सजावटी तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं। पुरे नगरकीर्तन के ट्रैफिक की जिम्मेदारी सेंट्रल सिंह नौजवान सभा ही होगी। विभिन्न जत्थे क्रमानुसार 1 घुड़सवार, 2 गतका पार्टी (मानगो, साकची, टूइलाडुंगरी), 3 टर्बन बैंक, 4 सिख विजडम, 5 निहंग जत्थेबंदी, 6 विभिन्न स्कूल, 7 सीजीपीसी, 8 जाग्रति मंच, 9 अकाली दल, 10 पालकी साहिब, 11 गुरुप्यारी साध संगत, 12 स्त्री सत्संग सभा, 12 विभिन्न कीर्तनी जत्थे 13 सफाई टीम नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाएंगे। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति तथा नमदा बस्ती गुरुद्वारा कमिटी, टिनप्लेट गुरुद्वारा व बारीडीह गुरुद्वारा की ओर से निर्धारित मार्ग पर संगत के लिए शौचालय की भी व्यवस्था की गयी है। वहीं समाप्ति पर साकची गुरुद्वारा साहिब में पालकी साहिब का स्वागत धूमधाम से किया जायेगा। साकची में नगर कीर्तन पहुँचने पर पुष्पवर्षा की जाएगी।

### 1943 को निकला था जमशेपुर में पहला नगर कीर्तन

इतिहास के झरोखे से देखें तो जमशेदपुर में नगर कीर्तन सन 1943 में सर्वप्रथम निकाला गया था, इस हिसाब के जमशेदपुर में नगर कीर्तन शोभायात्रा निकलते हुए 81 साल हो गए हैं। इस पर प्रकाश डालते हुए सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह और महासचिव अमरजीत सिंह ने बताया कि, पहले पहल केवल सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाशपर्व पर ही नगर कीर्तन निकाला जाता था और उस वक़्त सीजीपीसी के अंतर्गत केवल 22 गुरूद्वारे ही आते थे। समय के साथ नगर कीर्तन की लोगप्रियता और लोगों की आपार धार्मिक भावनाओं की कद्र करते हुए 1947 को दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के जन्म दिहाड़े पर भी नगर कीर्तन निकाला जाने लगा, जो तब से आज तक लगातार आयोजित किया जा रहा है।

### जोगिन्दर सिंह जोगी बिछाएंगे पालकी साहिब की राहों में पुष्प

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें प्रकाशोत्सव को लेकर शहर के सभी श्रद्धालु उत्साहित होकर कोई न कोई सेवा अपने हिस्से में ले लेने को ललायित हैं इसी कड़ी में टेल्को से निकलनेवाले नगर कीर्तन में समाजसेवी जोगिन्दर सिंह जोगी ने आरम्भ से लेकर गंतव्य तक पालकी साहिब के आगे पुरे राह पुष्प बिछाने की सेवा निभाने के बीड़ा उठाया है।

### साकची बाजार शिव मंदिर में 35वां श्याम महोत्सव 20 को

जमशेदपुर। श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वॉ श्री श्री श्याम महोत्सव आगामी 20 फरवरी 2024 मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में श्याम परिवार की एक बैठक अध्यक्ष बबलू अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए ?उमेश शाह ने बताया कि मंगलवार 20 फरवरी को बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कोलकाता से शुभम-रूपम की जोड़ी शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी।

### गरीबों को खिलाया खाना

**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा ट्रस्टी जूली सिंह ने अपने बेटा के जन्मदिवस के उपलक्ष में बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर के बाहर स्थित बेघर गरीब लोगों को भोजन कराया एवं सुखी खाद्य सामग्री के रूप में बिस्कुट का वितरण किया। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एक अच्छा संदेश देना है ताकि सभी लोग जन्मदिन एवं शादी के सालगिरह के उपलक्ष में अपने आसपास के रहने वाले जरूरतमंदों को उनकी जरूरत का सामान दे, भूखे को खाना खिलाए। बदले में यह बहुत आशीर्वाद देते हैं। स्वादिष्ट भोजन खाकर सभी बहुत खुश हुए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पल्लवी दीप, जूली सिंह, रितु सोनकर, विजय सिंह, आशीष सिंह इत्यादि क्ी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### गोराई कुलु समाज का वनभोज 21 जनवरी को

**जमशेदपुर।** आज डिमना में गोराई (तेली) कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति जमशेदपुर झारखंड का बैठक किया गया जिसमें सूचित किया गया कि आगामी 21 जनवरी रविवार को वार्षिक पारिवारिक सम्मेलन सह वनभोज का कार्यक्रम सिदगोडा बिरसा मुंडा टाउन हाल नियर सुर्य मंदिर के पास होगा। इसी को लेकर विचार विमर्श किया गया। पिछले बार जैसा ही इस वर्ष सम्मेलन सदस्यता लेने वालों को ही लेकर किया जाएगा, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। कुपन का शुल्क 100 रुपया रखा गया है।

# रामभक्तों को अयोध्या धाम का दर्शन करायेगी जमशेदपुर भाजपा

## 29 एवं 19 फरवरी को टाटानगर स्टेशन से चलेगी स्पेशल ट्रेन

## रामभक्तों को देने होंगे प्रति व्यक्ति 1300 रु., आवासन,भोजन-पानी पार्टी का

### सांसद की उपस्थिति में लोकसभा स्तरीय बैठक में भाजपा ने बनाई रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता


अयोध्या दर्शन की तैयारी बैठक को संबोधित करते सांसद विद्युतवरण महतो।

**जमशेदपुर।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अपने आखिरी चरण में पहुंच चुकी हैं। 22 जनवरी को होने वाली भव्य प्राण प्रतिष्ठा के लिए सम्पूर्ण विश्व व्याकुल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर श्रद्धालुओं के लिए भी खुल जाएगा। वहीं, अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के लिए भाजपा की तरफ से भी मेगा प्लान तैयार किया गया है। जिसके तहत रेलवे की ओर से लोगों की मांग को देखते हुए अभी 29 जनवरी एवं 19 फरवरी को टाटानगर स्टेशन से दर्शन नगर आस्था स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। इस यात्रा के तह हजारों श्रद्धालुओं को राम मंदिर के विधिवत दर्शन करवाने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में, मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर एवं जमशेदपुर ग्रामीण की लोकसभा स्तरीय संयुक्त बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के मानस सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरव चक्रवर्ती, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, विनय लाल, बब्बन गुप्ता, शशि भूषण भगत समेत पार्टी के तमाम वरीय नेताओं के संग विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों के बूथों से हजारों कार्यकताओं को आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से टाटानगर स्टेशन से दर्शन नगर के लिए 29 जनवरी एवं 19 फरवरी को एकसाथ ले जाया जाएगा। टाटानगर स्टेशन पर ट्रेन का समय सुबह 11:50 बजे है। जो अगले दिन सुबह 3:20 में दर्शन नगर पहुंचेगी। 20 बोगियों वाली इस आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भाजपा कार्यकताओं को इसकी जिम्मेदारी दे रही है जिसमें पहले श्रद्धाजलुओं का आधार कार्ड एवं अन्य जरूरी कागजात के साथ पंजीयन होगा। इसके बाद चयनित यात्रियों को परिचय पत्र दिया जाएगा। यात्रियों को ट्रेन खुलने से 2 घंटे पहले स्टेशन आने एवं अपने साथ गर्म कपड़े एवं बिछावन साथ लाने का आह्वान किया गया है। श्री रसम जन्मभूमि अयोध्या दर्शन के लिए आने-जाने का किराया रुपया 1300/- रखी गयी है। इस किराया शुल्क में राम भक्तों के लिए ट्रेन पर चढ़ने से लेकर अयोध्या दर्शन कराकर वापसी तक भोजन-पानी, ठहरने का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा वहां पर उनके रहने खाने व सभी व्यवस्थाओं का भी इंतजाम भाजपा की तरफ से किया जाएगा। सभी बोगियों में पार्टी की ओर से एक बोगी प्रमुख नियुक्त किये जाएंगे।

### दो स्पेशल ट्रेनों में जायेंगे 2600 रामभक्त : सांसद

अयोध्या धाम दर्शन के समन्वयक और जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो ने खबर मन्त्र को बताया कि उक्त दोनों स्पेशल ट्रेनों से कुल 2600 रामभक्तों को अयोध्या दर्शन करवाया जायेगा। इसके बाद भी ऐसी स्पेशल ट्रेने चलवायी जायेंगी।

### करणी सेना 5 को अयोध्या जाकर 105 गांव के प्रमुखों को पहनाएगी पगड़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो


पत्रकारों को पगड़ी दिखाते विनय सिंह व सहयोगी।

**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार के द्वारा मंगलवार की शाम साकची स्थित एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया और प्रदेश के पदाधिकारियों ने बताया कि अयोध्या स्थित आस पास के राजपूतों के 105 गांव के लोगों ने 500 साल तक पैर में चमड़े का चप्पल,जूता और सर पर पगड़ी नही पहनी,कारण यह था की राम जन्म भूमि में राम मंदिर के निर्माण के जगह बाबरी मस्जिद के निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा था जिसका विरोध पूरे गांव के राजुपूतो ने किया था और उसी दिन करीब 90000 राजपूतों के साथ लोगों ने मिलकर ये संकल्प लिया था की जब तक राम जन्म भूमी में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता तब तक पूरे गांव के राजपुत अपने सर पर पगड़ी और पैर में चमड़ा का जूता चप्पल नही पहनेंगे।अपने पुरखों के द्वारा लिए गए इस संकल्प को आज तक उस गांव के लोग निभाते आ रहे थे और अब मंदिर के निर्माण होता देख और प्राण प्रतिष्ठा की तारीख की घोषणा के बाद अब फिर से लोग सर पर पगड़ी और पैर में चप्पल पहनेंगे। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने प्रेस के माध्यम से बताया कि क्षत्रिय करणी सेना परिवार की झारखंड टीम अगामी 5 फरवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगी और उन 105 गांव के प्रमुखों को पगड़ी पहना कर सम्मानित करेगी साथ ही राम मंदिर के निर्माण के लिए अब जिन बलिदानियों ने अपना संघर्ष किया।

# टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी का चुनाव 18 को

## श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संदीप गुप्ता होंगे चुनाव पर्यवेक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव की डुगडुगी आज से विधिवत बज गई। यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने आज विधिवत सदस्यों के नाम पत्र जारी कर बताया कि वर्तमान कार्य समिति का कार्यकाल फरवरी 2024 में समाप्त हो रहा है। अतः नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। टाटा वर्कर्स यूनियन के निबंध संविधान के अनुसार चुनाव हेतु एक निर्वाचित पदाधिकारी तथा 6 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन गुप्त मतदान के जरिए कराया जाता है। इस बार भी इस प्रक्रिया का पालन होगा और इसके लिए निर्वाचित पदाधिकारी तथा चुनाव समिति का चुनाव हेतु यूपी श्रम आयुक्त जमशेदपुर के द्वारा श्रम परिवर्तन पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता को चुनाव पर्यवेक्षक नामित किया गया है।

### यूनियन सभागार में मोबाइल, कैमरा ले जाने पर पाबंदी

एक नए नोटिस में यूनियन अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी और महासचिव सतीश कुमार सिंह ने तमाम पदाधिकारी एवं कमेटी मेंबरों से कहा है कि चुनाव पदाधिकारी और चुनाव समिति के सदस्यों के चुनाव को देखते हुए तत्काल प्रभाव से यूनियन सभागार में मोबाइल फोन कैमरा पेन कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को ले जाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

श्री चौधरी ने बताया कि निर्वाचन की समयावली का विवरण इस प्रकार है : वोट करने वाले कार्यकारिणी सदस्यों की सूची यानी मतदाता सूची का प्रकाशन 17 जनवरी की सुबह 9:30 बजे यूनियन कार्यालय में कर दिया जाएगा। नामांकन पत्रों का वितरण 18 जनवरी को सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा जो दिन के 10:00 बजे तक चलेगा। नामांकन पत्र जमा करने की तिथि 18 जनवरी को रखी गई है और इसे सुबह 10:15 बजे से लेकर दिन के 10:30 बजे तक जमा कर देना है। प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन भी 18 जनवरी को दिन के 11:45 बजे कर दिया जाएगा जबकि समीक्षा सुबह पौने ग्यारह बजे से लेकर दिन के 11:00 तक कर लिया जाएगा। प्रत्याशी की सूची का प्रकाशन 18 जनवरी को ही दिन के 11:00 बजे तक कर दिया जाएगा जबकि नामांकन भरने वाले लोग अगर चाहे तो समान दिन दिन के 11:00 से दिन के 11:15 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। प्रत्याशियों की सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी को दिन के 11:15 बजे यूनियन कार्यालय में कर दिया जाएगा जबकि मतदान और मतगणना भी 18 जनवरी को ही दिन के 11:30 बजे से होगा। मतदान पूर्ण होने तक एवं उसके बाद तत्काल मतगणना कर ली जाएगी।

## खबर एक नजर में

### राम मंदिर आंदोलनकारी सुबोध का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** 16 जनवरी को हिंदू वाहिनी के संयोजक रोशन कुमार के द्वारा राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े भाजपा नेता सुबोध झा को प्रभु श्री राम के तस्वीर देकर, सम्मानित करते हुए, अनूप पांडे, शुभम सिंह राजपूत, सौरभ कुमार के द्वारा अंग वस्त्र देकर और यश अग्रहरि द्वारा तलवार भेंट कर बागबेड़ा उनके निवास स्थान पर सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया। राम मंदिर आंदोलन में कर सेवा में शामिल हुए एवं राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कई मुकदमा उनके ऊपर हुआ। सुबोध झा 1988 से राम मंदिर आंदोलन से जुड़े 1989 में शिला पूजन कर शीला अयोध्या पहुंचने लगे। 1990 में फैजाबाद में गिरफ्तार किए गए और 1992 में 30 नवंबर को जमशेदपुर से कार सेवा के लिए बजरंग दल के जत्था के साथ निकले। सुबोध झा के साथ कर सेवा अयोध्या जाने वाले में प्रमुख रूप से कपिल शर्मा, कुमार प्रसाद पांडे संजय प्रसाद सिंह अशोक पोद्दार, मंतोष ठाकुर, राजू पात्रों, धर्मेंद्र सिंह, रामजी साहू, वीरू साहू, सुमन सिंह, राज किशोर अग्रवाल, बगड़ावत थाना क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता थे।

### बिष्टुपुर श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भगवान का नि:शुल्क बैच वितरण शुरू



**जमशेदपुर।** मंगलवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित आंध्रभक्त श्रीराम मंदिर में सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक समाजसेवी पप्पू सरदार ने पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम के बैच (बिल्ला) का आम लोगों के बीच नि:शुल्क वितरण का शुभारंभ किया। पंडित संतोष कुमार के नेतृत्व में पांच पंडितों ने पूजा की। साथ ही जय श्रीराम के आकार का बनाकर 1100 दिये प्रज्जवलित किये गये। पूजा एवं आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी पप्पू सरदार ने पांचों पंडितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पप्पू के सेवा कार्य को देखते हुए प्रमुख पंडित संतोष कुमार ने भी पप्पू को सम्मानित किया। इस दौरान पप्पू सरदार ने कहा कि अयोध्याधाम में बन रहे प्रभु श्री राम के भव्य और दिव्य मंदिर निर्माण को लेकर पूरे देश के साथ हमारे जमशेदपुर में भी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### कुणाल षाड़ंगी ने दिव्यांग मलकीत सिंह को आगाज(संस्था) के सहयोग से दी व्हीलचेयर



**जमशेदपुर।** पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री कुणाल षाड़ंगी जी की पहल पर दशमेश पिता गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित,आगाज संस्था के सहयोग से कदमा, भाटिया बस्ती निवासी मलकीत सिंह को व्हीलचेयर प्रदान की। जैसा कि ज्ञात है मलकीत सिंह जो की बचपन से ही बीमारी से ग्रस्त होने के कारण कमर के निचे का हिस्सा काम नहीं करता, जिससे की रोज की दिनचर्या मे काफी तकलीफ थी। परिवार की आर्थिक हालत भी काफी खराब के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,जब इसकी जानकारी श्री कुणाल षाड़ंगी को हुई तो उनकी पहल पर आगाज संस्था के इंदरजीत सिंह ने साथियों के सहयोग से दिव्यांग को व्हीलचेयर प्रदान की।आगाज संस्था के इंदरजीत सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा लगातार सेवा कार्य चल रहे है,दिव्यांगो को व्हीलचेयर,समय समय पर सदस्यों द्वारा प्लेटलेट्स औ? रक्तदान सहित कई सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रही है। आज के सेवा कार्य मे मुख्य रूप से सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान सरदार अमरीक सिंह,सलाहकार सुखदेव सिंह,महासचिव रणजीत सिंह, सुखदीप सिंह,परमिंदर सिंह गोल्डी, गौरव नगी,सुखदेव सिंह गोल्डी, सत विंदर सिंह, मनिंदर सिंह, युवराज सिंह आदि सदस्य मौजूद थे।

### गोपाल मैदान में स्वदेशी मेला 13 से 21 मार्च तक

जमशेदपुर। 17 वां स्वदेशी मेला गोपाल मैदान,बिष्टुपुर में 13 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। मेले का विवरणिका का विमोचन आज चैम्बर भवन में आयोजित एक सादे समारोह में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रतन लाल गुप्ता, अपर आयुक्त, राज्य कर (प्रशासन) उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि सर्वप्रथम अंग्रेजों के शासन में स्वदेशी का भाव लोगों के मन में जागृत हुआ। हमारा देश अंग्रेजों के शासन काल के पहले दुनिया में काफी समृद्ध और विकसित हुआ करता था। पूरी दुनिया इसे सोने की चिड़िया कहा करती थी। भारत खनिज संपदा से भरापूरा था। अंग्रेज यहां से कच्चे माल ब्रिटेन भेजकर वहां से तैयार आयातित माल को भारत सहित पूरी दुनिया में बेचकर नाम कमाता रहा। लगभग तीन हजार साल पहले पूरी दुनिया का 33 प्रतिशत व्यापार का हिस्सा हमारे देश का होता था। आज लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका का और 25 प्रतिशत हिस्सा चीन को है और बाकी 50 प्रतिशत हिस्सा पूरे विश्व के दूसरे देशों का है। अभी भी हमारे देश सभी राज्यों में कुछ न कुछ महत्वपूर्ण वस्तुओं का उत्पादन होता है।

# प्रशासन के साथ आपसी समन्वय से हो कंपनियों के सीएसआर फंड का उपयोग : डीसी

### अगले एक साल की सीएसआर कार्य योजना की रुपरेखा प्रशासन को सौंपेंगी कंपनियां

खबर मन्त्र ब्यूरो


कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के साथ बैठक करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री, डीडीसी मनीष कुमार,एसडीओ पियूष सिन्हा व अन्य।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सीएसआर कमिटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित विभिन्न कंपनी के प्रतिनिधियों से सीएसआर के तहत उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। साथ ही अगले वित्तीय वर्ष में सीएसआर फंड के उपयोग की कार्ययोजना पर विमर्श किया गया। जिन प्रतिनिधियों के पास आगामी कार्ययोजना को लेकर अधतन रिपोर्ट नहीं थे उन्हें आगामी बैठक में प्रतिवेदन के साथ आने को कहा गया। डीसी ने कहा कि हम सभी इस दिशा में समेकित प्रयास करें कि अगले 2 वर्षों में जिले से 200 नए उद्यमी सामने आ पायें। उन्होने कहा कि इस जिले में रोजगार सृजन के क्षेत्र में कई संभावनायें है, और जिलों की अपेक्षा यहां के युवाओं में बढ़िया एक्सपोजर है, जरूरत है उन्हें प्रोत्साहित करने एवं प्लेटफॉर्म देने की। जिले में ऐसी कई विश्वस्तरीय संस्थायें कार्य कर रही हैं विशेषकर टाटा फाउंडेशन, एनआईटी, छफ्क्क आदि जिनके विशेषज्ञों के साथ जिले के युवाओं को जोड़कर मार्गदर्शन दिया जाए तो रोजगार सृजन के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकते हैं। साथ ही एक उद्यमी अपने साथ 40-50 लोगों को रोजगार भी दे सकते हैं। श्री भजन्त्री ने सीएसआर राशि के उपयोग को लेकर योजनाओं के चयन में युवा, महिला, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सृजन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि सीएसआर फंड ऐसी चीज है जो विविध क्षेत्रों के लोगों की सुविधाओं को नया आयाम देने के लिए उपयोग किया जाता है। इसलिए संबंधित कंपनी / अधिकारियों को इस फंड से होने वाली योजनाओं के चयन में पूरी पारदर्शिता रखनी ही चाहिए। डीसी ने कहा कि सीएसआर फंड का उपयोग जिला प्रशासन के साथ आपसी समन्वय से हो तो और बेहतर तरीके से इसका उपयोग किया जा सकता है। जिला स्तर पर सीएसआर गतिविधियों के संचालन, क्रियान्वयन, प्रबंधन, मार्गदर्शन एवं निगरानी के लिए मैकेनिज्म तैयार करने के उद्देश्य से कमिटी गठित है। उन्होने राज्य सरकार के उद्योग विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुश्रवण पर बल देते हुए कहा कि योजनायें ओवरलैप नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपने सीएसआर प्रावधानों का जिस तरह से बेहतर उपयोग कर रही हैं, आवश्कयता है कि व्यापक हित को देखते हुए आवश्यकता व मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाये जाएं। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार समाज के वंचित वर्ग के आर्थिक-सामाजिक उत्थान की दिशा में जिला प्रशासन कार्य करती है, ऐसे में सीएसआर फंड जो अनिवार्य है कंपनियों के लिए व्यय करना, उसका सटीकता से आकलन कर व्यय किया जाए तो चीजें और आसान होंगी तथा एक बड़ा वर्ग इससे लाभान्वित हो सकेगा।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा से आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय मिलेगी : गीता कोड़ा

खबर मन्त्र प्रतिनिधि


बैठक को संबोधित करती सांसद गीता कोड़ा।

**जमशेदपुर/चाईबासा।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी प०सिंहभूम की बैठक मंगलवार को हुई। कांग्रेस भवन, चाईबासा में आयोजित जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कैसे सफल बनाया जाय, इस पर चर्चा हुई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड के तेरह जिलों में पहुँचेगी। बैठक में मुख्य रुप से उपस्थित सिंहभूम की सांसद सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उन गरीब, गांव के नौजवानों, किसानों, दबे-कुचले लोगों, व्यापारियों, जिनके साथ केंद्र सरकार के द्वारा कहीं न कहीं अन्याय हुआ हो, उन्हें यात्रा में शामिल करवाने का लक्ष्य है। उनकी आवाज को सड़क से सदन तक पहुंचाने के लिए उनसे संपर्क स्थापित कर समन्वय करने के लिए कार्य करना है। यह यात्रा न सिर्फ कांग्रेसजनों की यात्रा है, बल्कि यह यात्रा उन जवानों के लिए है, जो भयंकर बेरोजगारी का दंश झेल रहे ह और सड़कों पर ठोकरे खा रहे है। यह यात्रा उन महिलाओं के लिए है, जो कहीं ना कहीं से अत्याचार की शिकार हुई है। झारखंड राज्य से पलायन कर अन्य राज्यों में खास कर भाजपा शासित राज्यों में शोषित हुई है, उनकी आवाज भी इस यात्रा तक पहुँचानी है। महंगाई की वजह से बुझते हुए चूल्हे, यहां तक की रोजमर्रा की जिंदगी चलाना भी जिनके लिए मुश्किल हुआ है, ऐसे लोगों की आवाज इस यात्रा तक पहुंचाना अनिवार्य है। राहुल गांधी की यह यात्रा से आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय मिलेगी।

## स्पीड न्यूज

### हिंदुओं के महापर्व 22 जनवरी को ना बेचे मांस : प्रथम महापौर



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सभी मीट, मछली, मुर्गा बेचने वाले भाइयों से अनुरोध किया है 22 जनवरी को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम हिंदुओं की भावनाओं का कद्र करते हुए सभी तरह के मांस की बिक्री 22 जनवरी को बंद रखी जाए। साथ ही सभी रेस्टोरेंट, ठेला चाहे वह हिंदू , मुस्लिम, सिख, इसाई किसी का भी हो अपने प्रतिष्ठान से रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मांसाहारी व्यंजनों का बिक्री ना करें । प्रथम महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर शहर हिंदू मुस्लिम, सिख, इसाई एकता का प्रतीक है और हम सारे पर्व एक दूसरों के साथ मिलकर मनाते आए हैं जो एकता का मिसाल है । मुझे पूर्ण विश्वास है आप मांस काटकर बेचने वाले भाइयों, मांसाहारी व्यंजन परोसने वाले रेस्टोरेंट, मांसाहारी व्यंजन का ठेला लगाकर बेचने वाले भाइयों का यह सहयोग हम हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार में एक मिसाल बनेगा । उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है मांस बेचने वाले सभी भाई हम हिंदुओं की प्रार्थना को जरूर स्वीकार करेंगे ।

### बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम को सुरक्षा क्यों नहीं : उच्च न्यायालय

**मेदिनीनगर।** बागेश्वर सरकार कार्यक्रम की अनुमति पलामू जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिए जाने की सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने गंभीर संज्ञान लेते हुए कल मुख्य सचिव एवं डीजीपी को स्वयं उपस्थित होने का निर्देश दिया है। प्रथम महापौर एवं हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि जिला प्रशासन ने पुनः एक बार विधि व्यवस्था नहीं संभालने का हवाला देते हुए बागेश्वर सरकार को पलामू आने की अनुमति को रद्द कर दिया है । जब इसकी जानकारी उच्च न्यायालय को दी गई तो माननीय न्यायाधीश ने बहस को सुनते हुए कहा कि जब धार्मिक कार्यक्रम की विधि व्यवस्था यह नहीं संभाल सकते तो क्या यह राजनीतिक रैलीयो की सुरक्षा ही यह कर पाएंगे । प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि हम सबों को न्यायालय पर भरोसा है जब श्री हनुमान को रावण नहीं बांध सका तो उन्हें कौन रोक सकता निश्चित वह आएंगे।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल और मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**मेदिनीनगर।** राजा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चोरी की घटना को अंजाम बीती रात्रि को दिया गया। इस मामले में अस्पताल मैनेजर सुमित कुमार ने शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि पांच एसी का कवर वायर को काटकर चुरा लिया गया है। इस मामले में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल के पास रहनेवाले शिवनाथ डोम को चार एसी का कवर वायर के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह हाल ही में चोरी के मामले में जेल से छूटा है। उन्होंने कहा कि इस चोरी की घटना की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण विद्यालय के सामने तुलसी मानस मंदिर में भी अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस मंदिर से पूजा का सामग्री एवं मंदिर निर्माण के लिए रखे गये लौह सामग्री को चुरा लिया गया। इस मामले में भी पुजारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

### नौडीहा बीडीओ ने रोजगार सेवक, जेई और पंचायत सेवक संग की बैठक



**नौडीहा बाजार पलामू।** प्रखंड सभागार में बीडीओ संजय यादव ने सभी रोजगार सेवक, जेई ,पंचायत सेवक के साथ मनरेगा योजना के तहत चल रही सभी पंचायतों में योजना की समीक्षा बैठक । मौके पर बीडीओ ने सभी पुराने योजना के बंद करने का आदेश दिया । वहीं नया योजना जो चालू है उसे हर हाल में मजदूरों से काम करना सुनिश्चित करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि अगर किसी भी पंचायत से शिकायत मिला कि योजना में मशीन का प्रयोग किया जा रहा है तो सीधे तौर पर करवाई की जायेगी और जांच के दौरान कही कोई गड़बड़ी नहीं होने चाहिए । जो पंचायत में आवास अधुरा है वहां आवास भी पुरा करना है । इस मौके पर बिपीओ दिपक कुमार, आनंद कुमार, हरिनंदन कुमार, नंदन कुमार सहित कई पंचायत सेवक मौजूद थे।

### पहले ही प्रयास में शिक्षक की बेटी प्रियांशु बनीं ऑफिसर, शिक्षक समाज में खुशी की लहर



हरिहरगंज पलामू । मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती कहावत को चरितार्थ करते हुए पिपरा प्रखंड क्षेत्र के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार उपाध्याय की पुत्री प्रियांशु कुमारी ने पहले ही प्रयास में ही 68 वीं बीपीएससी की परीक्षा की है। इस सफलता से घर सहित परिचितों में खुशी का माहौल है। वहीं शिक्षकों में हर्ष है। इस सफलता से हर्षित प्रियांशु के पिता शिक्षक सुनील कुमार उपाध्याय ने कहा कि उनकी बेटी ने सफलता का परचम लहराकर पूरे शिक्षक समाज को गौरान्वित किया है। माता गिनिता देवी एक कुशल गृहिणी एवं पिता झारखंड सरकार में सरकारी शिक्षक है। प्रियांशु की प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 10 तक रोटरी स्कूल डाल्टेनगंज मेदिनीनगर से, इंटरमीडिएट विज्ञान की शिक्षा डीएवी स्कूल मेदिनीनगर से एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई जीएलए कॉलेज से प्राप्त की है। प्रियांशु ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दी है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### 22 को मांस की बिक्री पर रोक लगे : निखिल

मेदिनीनगर । अयोध्या के श्रीराम राम मंदिर मे भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। देश भर में इस दिन जय श्रीराम के जयकारा से गूंजेगा । साथ ही देश भर में उस दिन दीपावली भी मनाया जायेगा । मौके पर पुरा देश भक्तिमय रहेगा । कांयकुब्ज ब्राम्हण महासभा के सदस्य निखिल पाण्डेय ने जिला प्रशासन से अपील किया है कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्राण प्रतिष्ठा के दिन मांस बिक्री पर रोक लगाएं। ताकि इस दिन की पवित्रता बनी रहे।

### गरीबों का दर्द बांटने का प्रयास करते रहता हूं : अभिमन्यु सिंह



**विश्रामपुर (पलामू) ।** युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 18,19 व 20 में अपनी ओर से दो हजार लोगों के बीच कंबल वितरित किया। वृद्ध महिलाओं, पुरुषो और दिव्यांगों को बबलू सिंह ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। मौके पर उन्होंने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं इसलिएगरीबों का दर्द खूब समझता हूं। गरीबों का दर्द बांटने का प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने क्षेत्र की भलाई हेतु राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन का अपील करते हुए कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र से अंजू सिंह को एक बार अपना आशीर्वाद प्रदान करें। मौके पर बसपा नेता नईमुदीन अंसारी,सलीमुदीन अंसारी,राहुल दुबे,प्रवीन सिंह,श्यामबिहारी विश्वकर्मा,उस्मान अंसारी, शदानंद शुक्ला,रामजी यादव,विजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार जागरूकता रथ को टाउन हॉल से रवाना किया गया

# पिछड़ा वर्ग को छलने का काम छोड़ें सरकार : ब्रह्मदेव

### पिछड़ा वर्ग अपना अधिकार मांग रहा है भीख नहीं : रामदास

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य में पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज के लोग अपने हक व अधिकार को लेकर आंदोलनरत है। इस आंदोलन के तहत ओबीसी एकता अधिकार जागरूकता रथ का रवाना समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद, रामदास साहु, युगल पाल, शैलू चंद्रवंशी, सतीश कुमार, शंकर विश्वकर्मा, राजनारायण पटेल, रवि पाल, ललन साहु, शैलेश चंद्रवंशी, अजीत मेहता, लाल सूरज, विनोद सोनी, रामनाथ चंद्रवंशी समेत अन्य लोगों ने झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व गांधी स्मृति टाउन हॉल में राष्ट्रपिता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि भारत में विभिन्न छोटी छोटी जातियां हैं। जो राज्य के अनुसार आरक्षण कोटि में आते हैं। इसमें झारखंड राज्य में भी पिछड़ी जाति, अत्यंत पिछड़ी जाति के कोटिवार पिछड़ी जातियां निवास करती हैं। जो जनसंख्या के अनुसार झारखंड में पिछड़ी जातियों के अनुपात अत्यधिक है। इसके बावजूद भी झारखंड में हमें उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। पिछड़ा वर्ग को विगत वर्षों से छल्ने का व लुभाने का काम राज्य सरकार करती आई है। यह काम राज्य सरकार छोड़े वरना आंदोलन को तेज किया जायेगा। समाजसेवी रामदास साहु ने कहा कि पिछड़ा वर्ग अपना हक व अधिकार मांग रही है कोई भीख नहीं। हमें जनसंख्या के आधार पर झारखंड में 27 प्रतिशत के बदले 54 प्रतिशत सरकार दे अन्यथा आनेवाले समय में परिणाम भुगतने को तैयार रहे। सतीश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ी जातियों को केंद्र व राज्य सरकार दोनों मिलकर छल्ने का काम कर रही है। संविधान के अनुसार हमें हक मिलनी चाहिए। युगल पाल ने कहा कि देश आजादी के बाद जब बाबा साहब अंबेडकर ने सभी जाति वर्ग धर्म के लोगों को अधिकार दिया है । संविधान के उस नियम के अंतर्गत हमसभी पिछड़ी जातियों को देश व राज्यों में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। कंचन केशरी ने कहा कि हम पिछड़ी जाति के महिलाओं के साथ भी सरकार भेदभाव करती है। हम महिलाओं को समाज में या सरकार में आरक्षण के तहत जो लाभ मिलना चाहिए वह नहीं दिया जाता है।

### पूर्वडीहा में मकर संक्रांति पर मेला का आयोजन

# मेले के स्वरूप को विकसित किया जायेगा : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** पलामू संसदीय क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पूर्वडीहा में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले विख्यात मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम ने फीता काट कर किया । इस मौके पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ,पूर्वडीहा के मुखिया संतोष दुबे उर्फ पप्लू दुबे, बिकास दुबे, संतोष दुबे, अरुण दुबे, नान्दलाल दुबे , अजीत दुबे , सबलू दुबे, अशोक दुबे, मिथिलेश दुबे, नवनीत दुबे एवं मेला संचालन समिति के सदस्य मौजूद थे। मौके पर सांसद ने कहा कि मकर संक्रांति काफी शुभ दिन है और इस दिन मेले का उदघाटन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेले का स्वरूप में काफी बदलाव हुआ है आगे चलकर इसे और विकसित किया जायेगा मुझे पूर्ण विश्वास है। मेला देखने दूर दराज के लोग पहुंचते हैं । सांसद ने सभी को इस अवसर पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री के द्वारा राम मंदिर का उदघाटन किया जाएगा इस अवसर पर सभी लोग अपने-अपने घरों एवं आसपास के मंदिरों में दीपोत्सव मनाए ।

# खेल में अनुशासित रहने वाले खिलाड़ी को हार नहीं देखना पड़ता : कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के चराई-पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित फाइनल क्रिकेट मैच में बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ चेक व पौधा प्रदान किया। उन्हें देश व समाज के कल्याण के लिए पर्यावरण धर्म से भी जुड़ने का आह्वान किया। पर्यावरणविद ने कहा कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन का हिस्सा ही नहीं बल्कि इससे युवा अपने सुनहरे भविष्य को भी संवार सकते हैं। इतना ही नहीं खेल में अनुशासित रहने वाले खिलाड़ियों को कभी भी उन्हें हार का सामना नहीं करना पड़ता बशर्ते कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी व निष्ठापूर्वक करें। मैच आयोजन करता उपेंद्र सिंह खरवार अध्यक्ष संदीप कुमार यादव, सचिव गुड्डू पाल ,कोषाध्यक्ष चंचल सिंह खरवार ने बताया कि उक्त क्रिकेट टूनामेंट में कुल 16 टीमें भाग लिया था। जिसमें सिलदाग व चिरु की टीमें फाइनल मुकाबला में पहुंची। फाइनल मैच में सिलदाग की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में सिलदाग कई टीम ने 147 रन का स्कोर खड़ा किया जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी चिरु की टीम ने 102 पर ही सिमट गई। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद ने विजेता टीम को 7000 हजार रुपये चेक व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। वहीं उपविजेता टीम को मैच का आयोजन उपेंद्र सिंह,पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह और समाजसेवी सुभाष कुमार बॉस ने 5000 हजार चेक व ट्राफी प्रदान किया। कौशल ने ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि खेल और पर्यावरण जीवन के अंग होते हैं ।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में सबसे अधिक 800 किलोमीटर की यात्रा होगी : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में जिला कार्य समिति की बैठक परिसदन भवन में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह पलामू जिला के प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू मौजूद थे। बैठक में सभी कार्यों की समीक्षा की गई । मौके पर जिला प्रभारी विनय सिन्हा ने कहा कि पलामू जिला में संगठन काफी सक्रिय के साथ काम कर रहे हैं। कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 5000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इससे देश में फर्क पड़ा नफरत के बाजार में हमने मोहब्बत की दुकान खोली । अब 14 जनवरी से न्याय यात्रा पर राहुल गांधी जी निकले हैं । मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी प्रदेश की तकलीफ को जानेंगे और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे । भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में सबसे अधिक 800 किलोमीटर की यात्रा होगी अन्याय के खिलाफ न्याय के हक तक यात्रा और पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। राहुल गांधी जी के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाने का काम कांग्रेस के कार्यकर्ता कर रहे हैं। 2024 के चुनाव इंडिया गठबंधन जबरदस्त बहुमत हासिल करेगी । विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया।

### हुसैनाबाद की सबसे महत्वपूर्ण जपला नबीनगर पथ का हुआ शिलान्यास



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद की सबसे महत्वपूर्ण जपला नबीनगर पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि काफी प्रयास के बाद झारखंड सरकार ने जपला नबीनगर मुख्य पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण को स्वीकृति दी है। 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण 49 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की करीब सभी महत्वपूर्ण सड़को को दुरुस्त कर दिया गया है। कुछ ग्रामीण सड़को की निविदा निकल चुकी है। वर्ष 2024 में सभी सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथ की चौड़ाई 5.50 मीटर होगा। जबकि सड़क निर्माण कार्य 18 महीना में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य सड़को का भी शिलान्यास कर कार्य शुरू कराया जाएगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण हो जाने से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अलावा बिहार के औरंगाबाद जिला के लोगों को भी लाभ होगा।

## खबर एक नजर में

### बोहिता मुखिया ने कार्डधारियों के बीच चना दाल वितरण की शुरूआत की



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता पंचायत सचिवालय में मंगलवार को चना दाल का वितरण कार्डधारियों के बीच शुरू किया गया, जिसकी शुरूआत मुखिया कलावती देवी ने की।बोहिता के सरस्वती आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा चना दाल का एक किलो का बंद पैकेट को वितरण करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए चना दाल से अब प्रत्येक कार्डधारियों को चावल के साथ एक किलो दाल भी मिलेगा।यह योजना काफी जनउपयोगी साबित होगी। सामाजिक कार्यकर्ता सह मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी प्रसाद ने बताया कि सरस्वती आजीविका स्वयं सहायता समूह के पास कार्डधारियों की संख्या 260 के लगभग है। पहले दिन नेटवर्क के गड़बड़ी के बावजूद 12 :00 बजे तक 100 कार्डधारी को प्रति एक-एक किलो चना दाल दी गई है शेष लोगों अगले दिन दिया जाएगा। इस मौके पर चना दाल वितरण के दौरान ललित राम ,शहाबुद्दीन ,नसीम एसएचजी ग्रुप की महिलाएं समेत कई लोग मौजूद थे।

### सतबरवा में उदित नारायण और दीपा का स्वागत



**सतबरवा ।** सतबरवा प्रखंड मुख्यालय के कंचन ढाबा में मंगलवार को छत्तीसगढ़ के तातापानी महोत्सव से वापस लौटने के क्रम में फिल्मी जगत के मशहूर गायक उदित नारायण और उनकी धर्मपत्नी दीप नारायण का कंचन ढाबा में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कंचन ढाबा के संचालक सुधीर कुमार ने बताया कि उदित नारायण और उनकी पत्नी ने लोगों के भावनाओं से अवगत होते हुए कई फोटो खिंचवाई । गायक उदित नारायण ने इस दौरान ढाबे में चाय नाश्ता भी की। मौके पर कई प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत दर्जनों लोगों ने फोटो तथा वीडियो खिंचवाया। उदित नारायण ने कहा कि यहां के लोग हमें काफी अच्छे लगे। सुबह 9 :15 के करीब इस ढाबे में रुका। मुझे काफी सुकून महसूस हो रहा है।

### धर्मेंद्र चुनाव जीतकर बनें शिक्षक प्रतिनिधि

**तरहसी पलामू।** सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव विश्व विद्यालय प्रतिनिधि सह चुनाव प्रभारी डा अंजू के निगरानी में संपन्न हुआ । दो उम्मीदवार धर्मेंद्र कुमार और ओम कुमार मिश्र मैदान में थे । जिसमे धर्मेंद्र कुमार को आठ मत जबकि ओम कुमार मिश्र को छः मत प्राप्त हुए । इस प्रकार धर्मेंद्र कुमार बिजई घोषित हुए। चुनाव प्रभारी ने धर्मेंद्र कुमार को विजेता घोषित होने पर प्रमाण पत्र दिया। मौके पर कॉलेज कर्मियों ने धर्मेंद्र कुमार को बधाई दिया है।

### बकोईया गांव में हाथियों का उत्पात जारी, किसान परेशान



**सतबरवा।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के सरजा पंचायत के बकोईया गांव में मंगलवार के अहले सुबह हाथियों के झुंड ने दोबारा खेतों में लगाए गए गेहूं के फसल को रौद डाला है। किसानों ने बताया कि इससे पहले दो से ढाई एकड़ में लगाए गए गेहूं को फसल को हाथियों ने रविवार को नष्ट कर दिया था।मंगलवार को करीब 2 एकड़ से ज्यादा में लगे गेहूं को फसल को फिर से हाथियों के झुंड ने रौद दिया गया । किसान गोविंद प्रजापति ने बताया कि पड़ रहे कड़ाके की ठंड और हाथियों के चिघाढ़ने की आवाज सुनकर हम लोग घर में दुबक गए थे। किसान बुलाकी पाल ने बताया कि महंगी खाद- बीज और मेहनत करके फसल को लगाए थे ,परंतु हाथियों के द्वारा फसल को नष्ट कर दिया गया। मुंशी पाल ने कहा कि किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। इधर शत्रुघ्न पाल, दिलीप पाल ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। इधर गोविंद प्रजापति ने बताया कि इस संबंध में कुंदरी रेंज के वनपाल को जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि फसल का आंकलन करने के बाद संबंधित हल्का कर्मचारी के माध्यम से डालटेनगंज प्रखंड के सीओ के पास मुआवजा क्षतिपूर्ति राशि के लिए भेजा जाएगा।

### मंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ : जसमती

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अयोध्या में स्थापित भगवान श्रीराम का मंदिर वर्षों पुरानी है, जिस पर मुसलमान आक्रमणकारियों ने आक्रमण कर मंदिर के मुख्य गुंबद को तोड़कर बाबरी ढांचा का रूप देकर भारत में हिंदू-मुसलमान के बीच कटूता फैलाने का काम किया। जब देश आजाद हुआ तो रामभक्त सनातन हिंदुओं ने बाबरी ढांचा को मुक्त कर स्वतंत्र रूप से भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण की मांग केंद्र सरकार से करने के लिए आग्रह किया। लेकिन किसी सरकार ने इस मांग पर कोई गौर नहीं किया। इसके बाद इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरूकता अभियान चलाते हुए कई प्रकार के रूप रेखा को तय कर भारत के सभी राज्य, जिला व प्रखंड स्तर के गांव तक आंदोलन को धीरे धीरे तेज करता गया। जिसे लेकर भारत ही नहीं पूरे विश्व में निवास करनेवाले हिंदू सनातन धर्मावलंबियों में प्रभु श्रीराम को लेकर जुनून आ गया। जिसे देखते हुए छह दिसंबर 1992 को कार सेवा किया गया। जिसमें लाखों लाख की संख्या में महिला, पुरूष , बुजूर्ग, दिव्यांग समेत पूरे देश से लोग एकत्र हुए। छह दिसंबर 1992 को जितने भी लोग अयोध्या रामलाल गर्भगृह के पास मौजूद थे उन सबो ने जय श्रीराम नारे के साथ एक ही नारा लगा रहे थे। अभी नहीं तो कभी नहीं। इसमें कोई भी महिला पुरूष अपने आप को रोक पाने में विफल हो रहे थे। इसी बीच पलामू के पूर्व सांसद स्व रामदेव राम की पत्नी जसमती देवी अपने छोटे छोटे बच्चों की मोह माया त्यागकर पेड़ के सहारे बाबरी ढांचे पर चढ़ गई और सबल लेकर तोड़ने लगी। इसी बीच रामकथा कुंज मुख्य मंच से आह्वान किया गया कि सभी लोग नीचे उतरें।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज अपने सामाजिक दायित्व का भी करती है निर्वहन : हितेन्द्र अवस्थी

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू) ।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज का सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच 500 कंबल व गुड़ा चूड़ का वितरण किया। वितरण समारोह का आयोजन बेलचम्पा व्यवसायिक केंद्र में किया गया था। कंबल वितरण समारोह की अध्यक्षता ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद अवस्थी व संचालन जन सेवा ट्रस्ट के अनिल गिरी ने किया। मौके पर हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज हमेशा से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है। संस्थान आसपास के क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी संकल्प के तहत स्वास्थ, शिक्षा, सामाजिक सरोकार, जरूरतमंदों की मदद सहित कई कार्य किया जाता है। श्री अवस्थी ने कहा कि जनसेवा ट्रस्ट स्थानीय महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षित करता है। इतना हीं नहीं रोजगार के लिए दर्जनों स्वयं सहायता समूह का गठन करते हुए सभी को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ चुकी है। अनिल गिरी ने भी सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लोगों को दी। बताया कि इस वर्ष कुल 1500 कंबल वितरित करने का लक्ष्य है।

# विरोधियों को हजम नहीं हो रहा है छतरपुर पाटन विस क्षेत्र का विकास : पुष्पा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** विधायक पुष्पा देवी ने नगर पंचायत क्षेत्र के करमा कला डैम पर मंगलवार को विधायक मद की राशि से विधि विधान पूर्वक पूजन व नारियल फोड़ कर कई योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि उक्त स्थल पर माता सेवरी की प्रतिमा और विवाह मंडप का भव्य निर्माण किया जाएगा । पूर्व सांसद ने बिधायक पर तंज कसते हुए कहा कि आज क्षेत्र का विकास उन्हें हजम नहीं हो रहा है जिसका परिणाम हाल में हुए सुंगरी बटाने नदी पर पुल का स्वीकृति जो करा कर हमने शिलान्यास किया आज उसे वह रोकने का कार्य कर रहे हैं। हम सभी को समझने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि पाटन छतरपुर विस क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर विधायक पुष्पा देवी ने खिंची है। कहा कि पिछले 9 जनवरी को मेरे काफिले पर उदयगढ़ मोड़ पर टारगेट कर हमला किया गया । हम डर के क्षेत्र में नहीं आए लेकिन विरोधियों को मैं इस मंच से कहना चाहता हूं कि हम डरने वाले नही हैं। इस बिधानसभा का एक एक घर मेरा है । यहां के लोग के हर घर से मेरा भावनात्मक लगाव रहा है । मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि शिलान्यास समारोह में उपस्थिति से स्पष्ट है कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और छतरपुर में हमलोग का प्रयास है कि सभी लोगो के चेहरे पर खुशहाली हों ।

स्पीड न्यूज

## बाघमारा कॉलेज के प्रोफेसर से मारपीट

**बाघमारा।** मंगलवार को कुछ शरारती तत्वों ने बाघमारा कॉलेज के प्रोफेसर ब्रह्मानंद पांडे के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। सूत्रों के माने तो दिनांक 12 जनवरी 2024 को प्रोफेसर बिन पांडे के द्वारा एक छात्रा को बोर्ड में इंग्लिश में कुछ लिखने को दिया गया था वह नहीं लिख पाए थे जिसके बाद छात्र ने इस बात को अपने प्रतिष्ठा में ले लिया। और बाहर से कुछ शरारती तत्वों को बुलाकर मंगलवार को सेमेस्टर 5 एग्जाम हॉल में प्रोफेसर की पिटाई करवा दी । वही इस घटना के बाद बाघमारा पुलिस घटना में शामिल कुछ युवकों को पड़कर थाना में बैठ। कर रखी हुई थी।

## राजद नगर अध्यक्ष ने जीएम से की मुलाकात

**कतरास।** राष्ट्रीय जनता दल कतरास नगर अध्यक्ष बिनय पासवान ने कतरास क्षेत्र के जीएम एमएस दूत से मिलकर सलानपुर बस्ती मे बीसीसीएल का पानी देने और सलानपुर बस्ती मे वेलफेयर फंड से माता देवी मंदिर को बाउंड्री वाल करवाने की मांग की। जीएम ने नये बजट में नये काम करने की बात कही।

## पटना से हावड़ा वाया धनबाद चले वंदे भारत

**धनबाद।** दानापुर मंडल संसदीय सलाहकार समिति की बैठक महेंद्र पटना में आयोजित हुई। जिसमें राज्यसभा सांसद सह रेलवे बोर्ड स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य खीरू महतो के प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह ने यात्रियों की समस्याओं को रखा। उन्होंने 11 सूत्री मांग पत्र पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक को सौंपा। महा प्रबंधक ने उक्त मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है उक्त बैठक में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद सुशील मोदी, सांसद रामकृपाल यादव, सांसद चंदेश्वर सिंह चंद्रवंशी, राज्यसभा सांसद सह रेलवे बोर्ड स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य खीरू महतो के प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह, हाजीपुर जोन तथा दानापुर रेल मंडल के वरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**केंदुआ ।** भोलानाथ बसेरिया में मंगलवार को स्वह्न भोला प्रसाद यादव की 21 वीं पुण्यतिथि सादगी पूर्वक मनाया गया । स्व भोला प्रसाद यादव के पुत्र टुनटुन यादव,शिव कुमार यादव , भुटली यादव, जितेंद्र यादव ने पिता के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये । वही कार्यक्रम मे उपस्थित आगन्तुक अतिथियों ने भी तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए'वही हर साल की तरह पिता की पुण्यतिथि पर पुरे परिवार वालो ने मिलकर 250 सौ कंबल वितरण किया गया। मौके पर राजेश यादव,संतोष यादव,मोहन राम, भोलू यादव, रामाशीष यादव, राजकुमार रजवार, सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, बबलू गुप्ता, बम बम यादव आदि मौजूद हुए ।

## शिक्षक के निधन पर शोकसभा

**शिकारीपाड़ा ।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय भुगतानडी में कार्यरत सहायक अध्यापक सीरील इनोसेंट मुर्मू ;57द्ध का ब्लड प्रेशर से आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्री तथा अपनी पत्नी को छोड़कर गए हैं।

# समाहरणालय भवन में खुला धनबाद उपायुक्त का कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज नए समाहरणालय भवन में अपने कार्यालय का शुभारंभ फिता काटकर किया। साथ-साथ उन्होंने उप विकास आयुक्त के कार्यालय का भी शुभारंभ फिता काटकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पहले सभी विभागों के ऑफिस अलग-अलग स्थान पर थे। अब एक ही भवन में सभी विभाग के कार्यालय होने से विभागीय सामंजस्य आसान होगा। एक ही जगह पर सारे विभाग होने से आम जनता की समस्या का समाधान भी एक ही स्थान पर किया जाएगा। नए समाहरणालय भवन में उपायुक्त, एसएसपी, उप विकास आयुक्त, रेवेन्यू, अपर समाहर्ता, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, शिक्षा, समाज कल्याण आदि के कार्यालय है। वहीं हर फ्लोर में एक एटीएम, पलाश मार्ट इत्यादि भी लगाया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त ने समाहरणालय के सभागार में सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और शीघ्र अपने कार्यालय को पूरी तरह से शिफ्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर को स्वच्छ रखने का और आगंतुकों को कोई समस्या नहीं होने देने का निर्देश दिया।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, भू अर्जन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार, आइटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, डीडीएमए के संजय कुमार झा, जिला नाजिर आनंद कुमार सहित सभी कार्यालय प्रधान व कर्मी मौजूद थे।

## चार अपराधियों को तीन साल की सजा, जुर्माना

आर्म्स एक्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** न्यायिक दंडाधिकारीए प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा की अदालत ने मंगलवार को आर्म्स एक्ट में दोषी करार देते हुए हंसडीहा के चार अपराधियों को तीन.तीन साल की सजा एवं जुमार्ना किया है। अपराधियों में जयकांत यादवए मुजाहिद अंसारीए विभास चौधरी एवं आनंद राउत है। न्यायालय ने अभियुक्तों को आर्म्स एक्ट 25;1.बीद्ध के दोषी पाते हुए तीन साल और पांच हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना नहीं जमा करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। वहीं आर्म्स एक्ट 26 ;1द्ध में भी न्यायालय ने तीन साल की सजा एवं 5 हजार जुमार्ना किया है। जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ.साथ चलेंगी। मामले में 9 गवाहों की गवाही गुजरी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक यादव व सरकार की ओर से एपीपी भवेंद्र सोरेन ने बहस की।

### कई आपराधिक कांडों में थे संलिप्त

नौ मार्च 21 को हंसडीहा थाना प्रभारी आकृष्ट अमन को पता चला कि जलवे पहाड़ के पास एक बाइक में दो युवक खड़े हैं। दोनों संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं। थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे तो दोनों बाइक से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर बमनखेता गांव के जयकांत यादव व मुस्लिम मुहल्ला के मुजाहिद अंसारी को धर दबोचा। तलाशी में दोनों के पास से तमंचा मिला। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि आठ मार्च को हंसडीहा निवासी विभास चौधरी व आनंद राउत के साथ मिलकर एक ट्रक के साथ साथ लूटपाट की थी। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर बारीडीह गांव से विभास व आनंद को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बताया कि लूट में जो पैसा मिला थाए उसे आपस में बांट लिया। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर चारों को आर्म्स एक्ट का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## गोड्डा : तालाब किनारे झाड़ी में मिला बुजुर्ग का शव

**गोड्डा।** कृठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के पीतांबरकित्ता गांव के निकट तालाब किनारे झाड़ी में मंगलवार को एक बुजुर्ग का शव ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ठाकुर गंगटी थाना की पुलिस को दिया। सूचना मिलने के बाद ठाकुर गंगटी थाना की पुलिस दलबल के साथ पीतांबरकित्ता गांव के निकट पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर थाना लाया। शव की पहचान के लिए विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया। पता चला कि उक्त बुजुर्ग व्यक्ति चोकला ग्राम निवासी 65 वर्षीय मुरिया पहाड़िया है।

# दुमका में दो बाइक की भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका.पाकुड़ मुख्य पथ पर झपाड़ पुल के पास दो बाइकों की टक्कर में एक 66 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार को दोपहर में घटी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कुसुमडीह निवासी सामुएल मुर्मू के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार वृद्ध व्यक्ति मूलरुप से काठीकुंड के छोटा नारगंज के निवासी था। वे काठीकुंड ब्लॉक से रिटायर हुए थे। मंगलवार को वे बाइक से अकेले किसी काम से काठीकुंड ब्लॉक के लिए निकले थे और दुर्घटना में गंभीर रुप से जख्मी हो गए। वृद्ध को इलाज के लिए फुलो.झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### नाले में मिला अधेड़ का शव, हुआ शिनाख्त

**दुमका।** रिंग रोड सोना डंगाल में नाले में गिरा एक अधेड़ का शव मिला। सूचना पर पुलिस मंगलवार सुबह को पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज शिनाख्त में जुट गई। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त विनय कुमार 50 के रूप में हुई। जो मिहिजाम का रहने वाला बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि व्यक्ति की मौत संभवतः अधिक शराब का सेवन हो सकता है। पुलिस परिजनों को सूचना दे दी है।

## उपायुक्त ने किया सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत नए समाहरणालय भवन से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि 15 जनवरी से 24 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। इसी के तहत जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त श्री वरुण रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) श्री राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, सड़क सुरक्षा समिति के सुनील कुमार मौजूद थे।

# धनबाद में एयरपोर्ट के लिए निकला मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार 16 जनवरी को जिला मुख्यालय धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर मिशन एयरपोर्ट द्वारा एक विशाल मशाल जुलूस निकाल गया ।मशाल जुलूस का नेतृत्व उदय प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। मशाल जुलूस का नेतृत्व करते हुए उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज का यह विशाल मशाल जुलूस यहां के जनप्रतिनिधियों को जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। धनबाद में राष्ट्रीय एयरपोर्ट की मांग दशकों पुरानी है। यह मांग धनबाद की जनता लगातार करते आ रही है, लेकिन हमारे धनबाद के जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं करने के कारण आज तक अपने इस मिशन में हम धनबादवासी आज तक वंचित हैं ।मिशन एयरपोर्ट के प्रवक्ता पप्पू सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट की मांग को लेकर हमारा संगठन सड़क से लेकर सदन तक जनता की इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार है। 27 जनवरी को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर मिशन एयरपोर्ट के सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर एयरपोर्ट की मांग को लेकर एक ज्ञापन/मांग पत्र देने का काम करेंगे। इसके पूर्व जिले के सभी जनप्रतिनिधियों से मिलकर एयरपोर्ट की मांग को लेकर जनता की इस मांग को उचित मंच पर रखने का आग्रह किया जाएगा ।मिशन एयरपोर्ट के सचिव अनिल जैन ने एयरपोर्ट किया लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है जनता लड़ाई में लगातार अपना समर्थन दे रही है और विभिन्न माध्यमों से सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रख रही है।




### जुलूस में थे शामिल

इस साल जुलूस के कार्यक्रम में मंटू महतो, दिलीप सिंह, प्रेम प्रकाश पासवान, जीराखन सिंह,अमित सिंह, शशि सिंह, पप्पू यादव, उदय मालाकार, सचिन महतो, भवानी बंदोपाध्याय, सुरेश तिवारी, मिलन सिंह, अशोक चटर्जी, प्रेम ठाकुर मनोज मिश्रा, चंदन बरनवाल, सौमित्र बक्शी एवं अन्य शामिल थे।

# श्रीमद्भागवत कथा को लेकर निकली तुलसी भागवत यात्रा

## पूर्व टेलीफोन एक्सचेंज रोड में दीप प्रज्वलित कर कथा का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** प्रभु श्री राम के मंदीर के शुभ उद्घाटन के पावन बेला पर 16 से 24 जनवरी तक सुरेन्द्र हरीदास महाराज के मुखारबिंद से श्री मद्भागवत महापुराण मॉर्निंग वॉक योगा ग्रुप के द्वारा किया जा रहा है। श्री मद्भागवत महापुराण कथा की शुरूआत दीप प्रज्वलीत कर के हुई दीप प्रज्वालित मुख्य अतिथि सांसद पशुपतिनाथ सिंह, कॉग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने किया। उनके साथ दीप प्रज्वलित राममोहन सिंह अरविंद गुप्ता, कृष्णा सुलतानिया व ददन सिंह ने किया इसके पूर्व विशाल तुलसी भागवत यात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले शिव मंदिर मंदिर से दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर दर्शन बैकमोड होते हुए बिकास नगर छठ तालाब से जल भर कथा पंडाल तक निकाली गयी जिसमें माताओं-बहनों और भाई-बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाराज ने भागवत तुलसी यात्रा की शुरूआत से पहले सर्वप्रथम मंदिर जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद यात्रा में शामिल हुए और खूब आनंद उठाया। इस विशाल तुलसी भागवत यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। भागवत तुलसी यात्रा ढ़ोल नगाड़ों, बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा इतनी भव्य थी कि उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां जहां से कलश यात्रा गुजरी, उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कलश यात्रा से पूरा टेलीफोन एक्सचेंज रोड धनबाद बैंक मोड़ विकास नगर बैंक धनसार धनबाद भक्ति के सागर में डूब गया यात्रा में राधे राधे के जोर जोर से जयकारे लगाए गए।



### कार्यक्रम को सफल बनाने में कर रहे सहयोग

कथा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने मे सर्वश्री ददन सिंह,संजय सिंह प्रभात सुरोलिया, सतीश कुमार सिंह, सी पी सिंह, हीरा सिंह, भावेश मिश्रा,वीरेंदर सिंह,महेश सुलतानिया, कृष्णा सुलतानिया, दिलीप साव,दीपक तिवारी,श्रवण कुमार, प्रदीप पांडे,धर्मेंदर पांडे, अशोक सिंह ,रणजीत पांडे अप्पू सिंह, राजेश झा, मुन्ना बरनवॉल, सुनील राय, सक्रिय रहे।

## स्कूल परिसर के निर्माण कार्य का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय , पंडरकनली में मंगलवार को डीएमएफटी के मद से स्कूल परिसर में एसेंबली स्टेज , हॉल , वाटर स्टोर टैंक , शौचालय , ड्रिंकिंग वाटर पॉइंट , चारदीवारी , पार्किंग शेड व अन्य का निर्माण कार्य आदी का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा किया गया। विधायक राज सिन्हा ने बताया की आज यहाँ पर डीएमएफटी मद से जो एक शिक्षा के क्षेत्र में हमलोगो ने जो सोचा था की हर जगह पर पहले संसाधन संरचना जो है वो ठीक करना है उसी कड़ी में आज विद्यालय में भी लगभग 1.50 करोड़ की राशि का काम हुआ ह। मौके पर विद्यालय प्रभारी चंद्रशेखर मूर्मू , पंडरकनली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश पासवान ,मनोज मालाकर, कपिल देव पासवान , सुप्रभात कुमार , राजेश रजक , बालमुकुण्ड राम , कल्याण महेश चटर्जी , नीता कुमारी , रवींद्र कुमार , जनजीवत , संवेदक जॉइंट कंस्ट्रक्शन के इंचार्ज समीम अख़्तर , अनुराग , अनिल , गुड्डु सिंह व अन्य मौजूद थे ।



### सिंदरी की मुख्य सड़कों का होगा पुनरुद्धार

**सिंदरी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 27 जनवरी को प्रस्तावित सिंदरी आगमन को लेकर जिला प्रशासन लगातार सिंदरी दौरा कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने अटल चौक से रोहड़ाबाँध तक सड़कों सहित साफ सफाई का निरीक्षण किया।

**MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAGH**
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Municipal Corporation, Hazaribagh – 825301
Email :- municipality_08@rediffmail.com
Ref : UDD/HMC/HZB/SBD/05/2023-24 Letter No. 250 Dated : 13.01.2024

e-Procurement Notice

Name of Tender Inviting Officer : Municipal Commissioner-Cum-Administrator
1.Date of Publication of Tender on Website : 17-01-2024
2.Last Date/Time for receipt of online bids : 10-02-2024 up to 05:00 PM
3.Date/Time of Opening bids : 12-02-2024 05:00 PM
4.Contact No. of Procurement officer : 8219204356

| Sl. No. | Name of Work | Value of Work (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation of Jheel Area Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,97,39,000/- | 14,00,000/- | 29,500/- | (24 Months) |

NOTE :
•Only e-Tenders will be accepted.
•Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Municipal Commissioner-Cum-Administrator
Municipal Corporation, Hazaribagh

PR 316111 Urban Development and Housing(23-24)D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष 2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 29.01.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र०सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपय में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत निरीक्षण भवन, कोडरमा के परिसर में डीप बोरिंग एवं परिसर का विकास कार्य वर्ष 2023–24 | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01(एक) माह |
| 2 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत निरीक्षण भवन एवं कार्यालय का day to day maintenance कार्य वर्ष 2023–24 | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 12(बारह) माह |

➢ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1.प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2.कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,GSTiN, UCANसे संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०,पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 316208 (Road)23-24*D

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या – 10 रा0 , दिनांक – 14/06/2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए कोडरमा जिला के पात्र लाभुकों का चयन जिला स्तरीय समिति से किया गया है। निर्देशानुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभुकों का Escrow/Dedicated Bank Account खोला जाना है, उक्त खाते को पंचायतवार बैंक प्रतिनिधि द्वारा खोला जा रहा है । इस क्रम में माह दिसम्बर 2023 तक लक्ष्य के अनुरूप काफी कम खाता खोला गया है एवं लाभुक अंशदान की संख्या भी काफी कम है।

वर्ष 2023–24 में वैसे लाभुकों के खाते में सरकारी अनुदान की राशि DBT की जाएगी जो पहले अपने Escrow/Dedicated Bank Account में अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करेंगे।

सभी चयनित लाभुकों से अपील है कि Escrow/Dedicated Bank Account में अपना लाभुक अंशदान यथाशीघ्र जमा कर जमा–पर्ची/साक्ष्य, जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में जमा करेंगे ताकि उनके खाते में सरकारी अनुदान की निर्धारित राशि DBT की जा सके। चयनित लाभुकों की सूची प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास उपलब्ध है। ससमय लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान पहले नहीं जमा किया जाता है तो सरकारी अनुदान की राशि का DBT संभव नहीं है। एसी परिस्थिति में प्राप्त आवंटन की राशि का व्ययगत (Lapse) होने की संभावना है। यह भी ज्ञातव्य है कि 01 मार्च 2024 से अन्यथा कोई आदेश न हो तो प्राप्त आंवटन का 15 प्रतिशत ही राशि की निकासी कोशागार से अनुमान्य है।

राज्यादेश के आलोक में योजना के अनुसार एवं लाभुक वर्ग के अनुसार लाभुक अंशदान का ब्यौरा निम्न प्रकार है –

1.दो गाय / भैंस की योजना :–

| योजना का नाम | ईकाई योजना लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | प्रथम चरण (01 गाय) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुदान | लाभुक अंशदान |
| 02 गाय / भैस की योजना (90%) | 135050 | 121545 | 13505 | 59753 | 6639 |
| 02 गाय / भैस की योजना (75%) | 135050 | 101288 | 33762 | 49795 | 16597 |

2. कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत 05 गाय/भैंस की योजना :–

| योजना का नाम | ईकाई योजना लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | प्रथम चरण (03 गाय) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुदान | लाभुक अंशदान |
| 05 गाय / भैस की योजना (75%) | 337625 | 253219 | 84406 | 148913 | 49638 |
| 05 गाय / भैस की योजना (90%) | 337625 | 168813 | 168813 | 99276 | 99276 |

3. कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत 10 गाय/भैंस की योजना :–

| योजना का नाम | ईकाई योजना लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | प्रथम चरण (05 गाय) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुदान | लाभुक अंशदान |
| 10 गाय / भैस की योजना (75%) | 675250 | 506438 | 168812 | 248970 | 82990 |
| 10 गाय / भैस की योजना (90%) | 675250 | 337625 | 337625 | 165980 | 165980 |

नोट :– उपरोक्त योजनाओं में सूचना एवं सहयोग और अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदनक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा

PR 316153 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D

# शैक्षणिक स्तर

कक्षा तीन से पांचवीं तक के छात्रों की सीखने की स्थिति ने खराब शिक्षण मानकों को ही उजागर किया है। दरअसल, इन छात्रों को संख्याओं के सामान्य जोड़-घटाव, अक्षरों और कहानियों को पढ़ने-लिखने को कहा गया था। लेकिन इसका परिणाम छात्रों की शैक्षणिक संभावनाओं के लिये सकारात्मक संकेत नहीं कहा जा सकता। वहीं यह स्थिति राज्य की स्कूली शिक्षा प्रणाली की निराशाजनक तस्वीर भी उकेरती है। जो कहीं न कहीं छात्रों के पढ़ाई के बीच स्कूल छोड़ने और कालांतर बेरोजगारी बढ़ाने का कारक भी बनता है। इस सर्वे में जो स्थिति सामने आई है वह परेशान करने वाली है। आज हमें इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि अंग्रेजी और गणित की पढ़ाई के स्तर में इतनी गिरावट क्यों है। सही मायनों में ये विषय ही कालांतर बच्चों के कैरियर की दशा-दिशा निर्धारित करते हैं। सर्वे के आंकड़ों से उपजी स्थिति कितनी गंभीर है वह इस बात से पता चलती है कि 75-80 फीसदी बच्चे अंग्रेजी की कहानी नहीं पढ़ पाए। यह स्थिति न केवल छात्रों की शोचनीय स्थिति को दशार्ती है बल्कि उन शिक्षकों के पठन-पाठन पर भी सवाल उठाती है, जो बच्चों को इन विषयों की शिक्षा दे रहे हैं। निश्चित रूप से अधिकांश बच्चों को गणित का विषय ज्यादा रोचक नहीं लगता, लेकिन यदि चालीस प्रतिशत बच्चे सामान्य जोड़-घटाव भी न कर सकें तो यह गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से यह स्थिति सामान्य नहीं है। दूसरे अर्थों में कह सकते हैं कि ये बच्चे कमजोर बुनियाद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सवाल यह है कि व्यावहारिक जीवन के लिये बेहद महत्वपूर्ण इन विषयों के प्रति बच्चों में इतनी गहरी उदासीनता क्यों है। इस बारे मे शिक्षा विभाग और राज्य सरकार को गंभीर मंथन करना चाहिए। यह स्थिति सिर्फ झारखंड की नहीं पूरे उत्तर भारत के राज्यों की है जो चिंता का विषय है।

# वैश्विक मंदी की बात

दुनिया 56 प्रतिशत मुख्य अर्थशास्त्रियों ने 2024 में वैश्विक आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी की है। विश्व आर्थिक मंच पर हाल ही में जारी मुख्य अर्थशास्त्रियों के आउटलुक में बताया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि विश्व अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी नहीं दिख रही है और अनिश्चित है। समस्याओं में सीमित धन उपलब्धता, अंतर्राष्ट्रीय असहमति और एडवांस अक की तेज प्रगति शामिल है। ज्यादातर लोगों को उम्मीद है कि अगले वर्ष नौकरी बाजार (77%) और वित्तीय स्थितियां (70%) कम तनावपूर्ण हो जाएंगी। हालांकि विकास की भविष्यवाणियां क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग होती हैं, लेकिन 2024 में बहुत मजबूत वृद्धि की उम्मीद नहीं है। हालांकि, दुनिया भर में उच्च मुद्रास्फीति की उम्मीदें कम हो गई हैं। विश्व अर्थव्यवस्था बढ़ते मतभेदों के साथ चुनौतियों का सामना कर रही है। जबकि मुद्रास्फीति नीचे जा रही है, विकास धीमा हो रहा है, फाइनेंशियल कंडिशन कठिन है, वैश्विक तनाव बढ़ रहा है, और असमानताएं बढ़ रही हैं। दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत में अच्छी आर्थिक संभावनाएं होने की उम्मीद है, ज्यादातर लोग 2024 में अच्छी वृद्धि (क्रमशः 93% और 86%) की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, चीन अपने दृष्टिकोण के बारे में ज्यादा सावधान है, 69% ने कम उपभोक्ता खर्च, कम औद्योगिक उत्पादन और प्रॉपर्टी मार्केट के बारे में चिंताओं के कारण मध्यम वृद्धि की भविष्यवाणी की है। यूरोप का आर्थिक आउटलुक खराब हो गया है, 77% लोगों को सितंबर 2023 के बाद से कमजोर या बहुत कमजोर वृद्धि की आशंका है। संयुक्त राज्य अमेरिका और मध्य पूर्व/उत्तरी अफ्रीका में लगभग 60% ने इस वर्ष मध्यम या मजबूत विकास की भविष्यवाणी की है। हालांकि, लैटिन अमेरिका/कैरिबियन, उप-सहारा अफ्रीका और मध्य एशिया में विकास की उम्मीदों में सुधार हुआ है।

# श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अमृतकाल



**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर का पुनर्निर्माण और प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अभ्युदय का अमृतकाल है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर हमें अपनी साझी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखने में मदद देगा।

श्रीराम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आए हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्रीराम, मयार्दा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं। हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिरकाल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं। यहां राम सब के हैं और सब राम के हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाए हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएं और आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा-दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम-राम से लेकर जय सिया राम और जय श्रीराम हमारे लिए अभिवादन और अभिनन्दन हमारे व्यवहार में समाहित/सन्निहित हैं।

भारत ही नहीं राम का संदेश भौगोलिक सीमाओं से परे, सार्वभौम और कालातीत है, उनकी प्रासंगिकता महज भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं है। रामकथा के अनगिनत संस्करण दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, म्यांमार, लाओस में आज भी प्रचलित हैं। आज भी, भगवान राम और देवी सीता का चरित्र चित्रण इन देशों की लोक परंपराओं का हिस्सा हैं। आज यही राम हमारे मानस से निकल कर प्राकट्य में आ रहे हैं। परिणामतः पूरा देश राममय हो गया है। राम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या अपने पुरातन वैभव की पुनः पाते हुए हमारी सांस्कृतिक राजधानी के रूम में प्रतिष्ठापित हो रही है। यह पूरे देश के लिए गौरव बोध का समय है। राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था को जिसमे सभी के लिए शांति, न्याय और समानता हो, सुनिश्चित करती है। इसीलिए श्रीराम मंदिर का निर्माण न केवल भारतीय सांस्कृतिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है, यह सुशासन और सामाजिक समरसता की ओर प्रवृत्त करने की दिशा में एक महती प्रयास भी है। मंदिर ही एक वह जगह होती है जहां सभी वर्गों, जातियों, और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं और साझा व्यवहार करते हैं जिससे धर्मिक एकता का संवर्धन होता है। रामायण में श्रीराम की कथा ने सभी वर्गों और समुदायों को एक साथ लाने का संदेश दिया है तथा भारतीय समाज में धर्म, नैतिकता और सत्य के मूल्यों को प्रोत्साहित किया है। परिणामतः श्रीराम मंदिर निर्माण एक बड़े सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संवाद का हिस्सा बन गया है जो भारतीय समाज को धार्मिक और सांस्कृतिक आधारों पर मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। निःसंदेह समाज में एकता और सभी धर्म-सम्प्रदायों के बीच समरसता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



-श्याम जाजू

> राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था को जिसमे सभी के लिए शांति, न्याय और समानता हो, सुनिश्चित करती है। इसीलिए श्रीराम मंदिर का निर्माण न केवल भारतीय सांस्कृतिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है, यह सुशासन और सामाजिक समरसता की ओर प्रवृत्त करने की दिशा में एक महती प्रयास भी है। मंदिर ही एक वह जगह होती है जहां सभी वर्गों, जातियों, और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं और साझा व्यवहार करते हैं जिससे धर्मिक एकता का संवर्धन होता है।

इसी 22 जनवरी को होने वाले प्रतिष्ठा समारोह में वाल्मीकि और रविदास मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति और महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्याधाम हवाई अड्डे का नामकरण, माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषादराज के नाम पर अतिथि निवास, सामाजिक एकता, न्याय और सद्भाव का ही एक उदाहरण है। बौद्ध और जैन परंपराओं में भी इस नगरी का विशेष महात्म्य है। साथ ही अयोध्या के मुस्लिम समुदाय का मंदिर निर्माण की तैयारियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना और फारूक अब्दुल्ला जैसों का यह कहना, कि ₹राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं, राम सभी के हैं₹, सचमुच एक महान परिवर्तन है।

अयोध्या में नव निर्मित राममन्दिर मात्र मंदिर न केवल करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक है बल्कि यह भारत की सोयी अस्मिता और आत्मविश्वास के जागरण का प्रतीक भी है। श्रीराम जन्म भूमि का आंदोलन हिन्दू समाज का आत्म साक्षात्कार है। यह इस बात का प्रमाण है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हिन्दू साढ़े पांच सौ बरस की लंबी लड़ाई लड़ और जीत सकते हैं। सच में अयोध्या में रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण सभी भारतीय नागरिकों के लिए सदियों पुराने सपने के पूरे होने जैसा है। पांच सौ वर्षों बाद रामनगरी का वैभव व कीर्ति लौट रही है।

इसे विधि का विधान भी कह सकते हैं कि नवनिर्मित मंदिर में श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ कार्य राम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक पूर्व उपप्रधानमंत्री और सबके सम्माननीय लालकृष्ण आडवाणी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हो रहा है जो स्वयं भी राम जन्मभूमि आंदोलन के नायकों में से एक रहे हैं। सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री मोदी साल 1990 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष आडवाणी जी की सोमनाथ से अयोध्या तक की उस रथयात्रा के सारथी रहे हैं, जिसने मंदिर आंदोलन को निर्णायक रफ्तार देने का काम किया था।

मंदिर निर्माण के न केवल धार्मिक ० सांस्कृतिक बल्कि अन्य पहलू भी हैं जिसमें सामाजिक और आर्थिक प्रमुख हैं। मंदिर से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ेगी बल्कि आर्थिक संवर्धन भी होगा। अयोध्या हिन्दुओं का तीर्थस्थल पहले से है, लेकिन श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद इसका दरजा भी अमरनाथ यात्रा जैसी तीर्थ यात्राओं जैसा हो जाएगा। यह आने वाले समय में हरिद्वार, ऋषिकेश, बद्रीनाथ, कामरूप, द्वारका, श्रीजगन्नाथ पुरी जैसे हिंदू तीर्थस्थलों के बीच स्थापित जाएगा। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि अयोध्या हिंदुओं के लिए ही नहीं, बौद्ध और जैन धर्मावलंबियों के लिए भी महत्व रखती है। ऐसे में अयोध्या अंतरराष्ट्रीय तीर्थस्थल के तौर पर उभरेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। धार्मिक पर्यटन का मॉडल न केवल आस्था का संवर्धन करेगा बल्कि आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश की समृद्धि के द्वार खोलेगा। सकारात्मक रूप से सोचें तो अयोध्या ने अपने विकास का मार्ग श्रीराम मंदिर के केंद्र में सुनिश्चित कर लिया है। ( लेखक भाजपा से जुड़ें हैं।)

**मंदिर** निर्माण के साथ सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के भाग्य का नया सूर्य उदित होगा। निःसंदेह यह अवसर हर्ष और उल्लास का है। अयोध्या इस तरह प्रसन्न है, जैसे कि अपने आराध्य का पुनः प्राकट्य हो रहा हो है।

**– श्री नृत्य गोपाल दास,**
**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख महंत**

## रोचक ट्वीट

मानननीय गृह मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह जी की बहन श्रीमती राजेश्वरीबेन जी के निधन का दुःखद समाचार मिला।परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





अपने,आपके, हम सबके सौभाग्य पर इतरा रही हूं हमारे राम बस आ ही रहे हैं,सो देवालय का अंगना सजा रही हूं। जय जय श्रीराम!!

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## खास बात

# दुलारा शायर

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**उर्दू** साहित्य का विशाल वटवृक्ष रविवार की सर्द शाम को नवाबों के शहर लखनऊ में ढह गया। 26 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के जिले रायबरेली में जन्मे मशहूर शायर जनाब मुनव्वर राणा ने एक अस्पताल में अंतिम सांस लेकर नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। खुदा ने उनके निधन की वजह दिल के दौरे के रूप में मुकर्रर की, जबकि थे कैंसर से पीड़ित। उनके न रहने की खबर सोमवार तड़के पूरे संसार में आग की तरह फैली, जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बड़ी-बड़ी हस्तियों ने दुख जताया। मुनव्वर के निधन से न सिर्फ उर्दू-साहित्य को नुकसान होगा, बल्कि अवधी-हिंदी भाषा को भी गहरा धक्का लगेगा। विश्व पटल पर उन्हें अवधी का खूब प्रचार-प्रसार किया। उर्दू शायरी में नया प्रयोग करके उन्होंने देसी भाषाओं को अपनी जुबान बनाई थी।

राणा की कही प्रत्येक शायरी-कविता में ऐसी तल्खियां होती थीं, जो सियासतदानों को हमेशा नागवार गुजरी। उनकी प्रस्तुति में झलकता अलहदापन सुनने वालों को अपनी ओर खींचता था। मुनव्वर राना का जन्म बेशक उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन ज्यादा वक्त उन्होंने कोलकाता में ही बिताया। वहां उनके वालिद का छोटा-मोटा कारोबार था। बचपन में वह बेहद शरारती व नटखट रहे। पहलवानी का भी शौक था जिसका हुनर उन्होंने मदरसे में तालीम लेने के दौरान टीचर को पटक कर दिखाया था। गलती पर टीचर ने डांटा तो उन्हें चित कर दिया, उसके बाद राणा को उनके वालिद ने खूब पीटा, तभी से उन्होंने पहलवानी का शौक त्याग दिया।

ये नाम उर्दू-साहित्य में सदैव अदब-सम्मान से लिया जाता रहेगा। साहित्य के अलावा अन्य सामाजिक मसलों पर उनकी बेबाक टिप्पणियां भी जगजाहिर रहीं। शायरी में शोहरत प्राप्ति की जहां तक बात है, तो मुनव्वर को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'मां' के स्नेह और रिश्तों पर उकेरी कविताओं से ही मिली। मां की ममता को दशार्ने वाली कविता की एक लाइन हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेगी। 'किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में मां आई...।'

# विनय न मानत...

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**समुद्र** ने राम का क्रोध देखकर विनती किया प्रभु अगर हमारा जल खत्म हो गया तो मेरी महिमा खत्म हो ज एगी। अतः मैं अपनी गलती स्वीकारकरता हूं और क्षमा प्रार्थी हूं। आप कैसे पार करेंगे इसका उपाय बता देता हूं। आपकी सेना मेंनल ओर नील नामक दो बंदर हैं ।ये जानते हैं कि क ौन सा पत्थर तैर सकता है और कौन सा पत्थर नहीं तैर सकता है। ये लोग चाहेंगे तो एक साथ इन्हें जोड़कर पुल बना देंगे। मैं भी सहयोग करूंगा। जब पुल बन जाएगा तो आपकी सेना उसी पुल से निकल जाएगी। ऐसा करेंगे तो आपका काम भी हो जाएगा और मेरी मर्यादा भी बच जाएगी। समुद्र की यह बात राम को अच्छी लगी और इस तरह ही करने का फैसला ले लिया गया। जब सेतुबंध होने लगा तो यह संसार की आश्चर्यजनक घटना थी। समुद्र में पुल बनाया जा रहा था। पहले कुछ छिछला जल जहां गहराई कम थी। ऐसे जगह पर श्रीराम ने दूर दराज से कंकड़ पत्थर मंगवा कर भरावा दिये। जहां से गहराई शुरु हो रही थी वहां से तय किया गया कि पुल का निमार्ण किया जाए। इस इलाके में बहुत से ऐसे पत्थर थे जो तैर सकते थे। पत्थरों को एक साथ बांधने का काम नल औरनील कर रहे थे। देखते देखते ही समुद्र पर सुसज्जित पुल बन गया और इस पार से उस पार आना-जाना आसान हो गया। श्रीराम ने ऐसा करके अपने शंकर स्वरूप गुरु को याद किया और प्रतीकात्मक शंकर की पूजा की। आगे वे सेना सहित लंका पहुंच चुके थे।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड

### मालदीव में चीन का निवेश




## लेटर टू एडिटर

### विकसित होती अर्थव्यवस्था

**दुनिया** की सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था के सबसे तेज गिरावट वाली अर्थव्यवस्था बन जाने की खबर ने टिप्पणियों की बाढ़ ला दी। इस दौरान कहा गया कि भारत की वृद्धि संभावना 6 फीसदी से घटकर 5 फीसदी रह गई। यह स्पष्ट हो चुका है कि कोविड-19 के कारण बनी मंदी की परिस्थितियों से उबरने तक राजकोषीय घाटा और सार्वजनिक ऋण रिकॉर्ड स्तर पर होगा। **– ममता यादव, रांची।**

### राहुल से उम्मीद

**आजादी** से लेकर आज तक कांग्रेस नेहरू गांधी परिवार की बपौती रही है। एक-दो बार छोड़कर कोई राजनेता इसको चैलेंज नहीं कर सका; यदि किसी ने हिम्मत भी की तो कांग्रेस का ही विभाजन हो गया, परन्तु फिर भी यह गांधी परिवार की ही सम्पदा बनी रही। अबकी बार फिर कोशिश हुई परन्तु उन्हीं के पर काट दिए गए।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# राम वन गमन मार्ग का काम अब भी अधूरा है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**दरअसल,** यहां जिक्र हो रहा है "राम वन गमन" मार्ग का। अपने 14 वर्ष वनवास काल में मयार्दापुरुषोत्तम राम, माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ मप्र के जिन स्थलों से होकर गुजरे, वह पूरा क्षेत्र आज भी पूर्णता को प्राप्त कर विकसित मार्ग एवं विकास की बाट जोह रहा है। मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ चित्रकूट से अमरकंटक तक 370 किलोमीटर है। यहां भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय व्यतीत किया। वह जिन रास्तों से गुजरे उसे ही "राम वन गमन पथ" कहा जाता है।

प्रदेश में सतना, पन्ना, कटनी, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर जिले के स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहस्पति कुंड, अग्निजिह्वा आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कंडेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास का काम केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश में चिह्नित श्रीराम वन गमन पथ के 23 स्थलों का विकास करना है। इन स्थानों को जोड़ने वाले मार्ग को सुगम और सुविधाजनक बनाने के साथ पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यात्री सुविधाओं का विकास और उनका संचालन किया जाना है।

## सामयिक

इस कार्य के विस्तार एवं भव्यता प्रदान करने की शुरूआत यहां साध्वी उमा भारती के सत्ता में आते ही शुरू हुई थी, वहीं, उन्होंने उस दौरान कहा भी था कि हम "रामपथ गमन मार्ग" को विकसित करेंगे । लेकिन वे ज्यादा दिन मुख्यमंत्री नहीं रहीं और उनके जाने के बाद जैसे यह कार्य नेपथ्य में चला गया हो। फिर जब इसके बारे में मीडिया समेत तमाम श्रीराम के भक्तों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर को याद दिलाया तो उन्होंने भी इसके प्रति अपनी रूचि प्रकट की और संपूर्ण क्षेत्र के विकास का सिर्फ वादा किया। इसके बाद एक नया युग मप्र की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान का शुरू होता है, रामपथगमन क्षेत्र भी एक ऐसा कार्य रहा, जहां विकास जमीन पर उतरे जरूरी लेकिन अधुरे-अधुरे। शिवराज के सीएम रहते हुए ही आगे बढ़े, जिसमें कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और जैन तीर्थ सिद्धवरकूट क्षेत्र का विकास, सलकनपुर देवि धाम जीर्णोद्धार, महाकाल लोक जैसे तमाम बड़े कार्य सम्पन्न हुए लेकिन हर बार की तरह उनके कार्यकाल में भी "राम वन गमन पथ" का कार्य अधूरा ही रह गया।जब बीच में 16 माह तक के अल्प समय के लिए कांग्रेस की सत्ता रही तब इतना भर इसमें हुआ कि "राम वन गमन पथ" के विकास के लिए कमलनाथ सरकार ने वर्ष 2019 में कार्ययोजना तैयार कर 22 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान तो किया गया पर इस सरकार में भी काम कुछ नहीं हुआ। जो कुछ भी चचाओं में रहा, वह भी कागजों तक सीमित था।

इसके बाद दोबारा सत्ता में आते ही शिवराज सरकार ने इस कार्य को आगे बढ़ाया और 2022 में मध्य प्रदेश में "राम वन गमन पथ" (कॉरिडोर) का काम पहले चरण में आरंभ करने की मंशा से मूलभूत सुविधाएं जुटाने हेतु 300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अनुमति दे दी थी। लेकिन बात यहां भी पूरी तरह से नहीं बनी। हां इतना जरूर हुआ कि "राम वन गमन पथ" के लिए न्यास का गठन मध्य प्रदेश की पिछली शिवराज सरकार ने कर दिया था, जिसकी बैठक होकर इससे जुड़े आवश्यक निर्णय लिए जाने थे, लेकिन एक भी बैठक नहीं हो पाई और विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित हो गयी।

# मुझको अपनी मां की, मैली ओढ़नी अच्छी लगी...

**मुकुंद**

**बेहद** अजीम और अजीज शायर मुनव्वर राणा तहजीबी शहर लखनऊ की सरजमीं पर सोमवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिए गए। रविवार देररात दिल का दौरा पड़ने से राणा ने इसी शहर में फानी दुनिया को अलविदा कहा। मुशायरों की महफिल को लूटने वाले मुनव्वर उर्दू को ही नहीं उसकी बहन हिन्दी को भी गहरी उदासी के समंदर में डुबो गए। मुशायरों और दीगर महफिलों में भी मुनव्वर राणा से मां पर केंद्रित उनकी गजलों को हजारों बार सुनाया गया। 71 वर्षीय राणा के चाहने वाले सदमे में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुनव्वर राणा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जन्मे मुनव्वर राणा ने उर्दू साहित्य में समृद्ध योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर कहा, श्री मुनव्वर राणा जी के निधन से दुख हुआ। उन्होंने उर्दू साहित्य और काव्य में समृद्ध योगदान दिया। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

मुनव्वर राणा ने अपनी शायरी, गजल, नज्म और कविताओं से हर किसी के दिल को छुआ है। उन्होंने मां और पुत्र के पवित्र रिश्ते, मां के प्रेम और करुणा के अहसास को अपनी रचनाओं के जरिये बयां किया है। इस फनकार के न रहने पर उनकी गजल की यह चंद पंक्तियां जेहन में उभर आईं-"दुख भी ला सकती है लेकिन जनवरी अच्छी लगी/जिस तरह बच्चों को

## श्रद्धांजलि

जलती फुलझड़ी अच्छी लगी/रो रहे थे सब, तो मैं भी फूटकर रोने लगा/मुझको अपनी मां की, मैली ओढ़नी अच्छी लगी।" यह वो पंक्तियां हैं, जिन्होंने मुनव्वर को रातों-रात देश-दुनिया में शोहरत प्रदान की। यह भी इत्तेफाक है कि 2024 में जनवरी आई और एक अजीम शख्सियत दुनिया से उठ गया। लेकिन यह जनवरी मुनव्वर की उस ख्वाहिश को पूरा कर गई, जो उन्होंने अपनी मां की मौत पर भरभराई आवाज में कहा था-"मेरी ख्वाहिश है कि मैं फिर से फरिश्ता हो जाऊं/ मां से इस तरह से लिपट जाऊं की बच्चा हो जाऊं।"

मुनव्वर राणा के न रहने की बात जैसे ही अस्पताल से बाहर आई, रात सोने के लिए बिस्तरों पर पहुंच चुके उनके चाहने वाले लाखों लोग हड़बड़ाकर उठ बैठे। उनकी नींद उड़ गई। इन्हीं में से एक हैं वरिष्ठ शायर और पत्रकार हसन काजमी। वो उनके हम प्याला-हम निवाला रहे हैं। कहते हैं बताने को ढेरों यादें हैं। वो रायबरेली के थे पर कोलकाता रहते थे। वहीं पढ़े-लिखे। ट्रांसपोर्ट के धंधे में हाथ आजमाया। फिर लखनऊ आए। उन्हें उस्ताद वाली आसी की शागिर्दी मिली। मैं यहीं उनसे मिला। कब दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। गुलमर्ग होटल अमीनाबाद में उन्होंने एक कमरा लिया और शुरू हो गया महफिलों का दौर। इस बीच अखबार निकालने की एक कोशिश की गई पर वो नाकाम हो गई।

उनके जिगरी दोस्तों में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक एपी मिश्रा भी हैं। वो कहते हैं, बड़ा बेईमान निकला। कहता था कि जाने को हम पाकिस्तान चले जाते, पर ये दोस्त कहां मिलेंगे। उसने हम कुछ दोस्तों पर लिखा था- जाने को हम पाकिस्तान चले जाते, पर ये दोस्त कहां मिलेंगे/ ये बड़े लोग हैं जीने का हुनर जानते हैं...।

वह कहते हैं कि मुनव्वर से पहली मुलाकात 2000 कुंभ में हुई थी। तब से शायद कोई एक दिन नहीं रहा, जब बात न होती रही हो। अभी कुछ दिन पहले वादा किया था कि मेरे चैंबर में आकर मुझे कुछ सुनाएगा। सब झूठ निकला।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दिगवार : सड़क हादसे में एक की मौत



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के बोंगाबार नीम टोला के समीप बाईपास पर सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि दिगवार हथमारा निवासी सलीम अंसारी ( 58 वर्ष ) पिता स्व हाजी नूर मोहम्मद कुजू कोलियरी स्थित अपनी दुकान को बंद कर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त सड़क पार करने के क्रम में अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। बाद कुजू पुलिस द्वारा इलाज के सदर अस्पताल ले जाया गया ।जहां उसकी मौत हो गई। मंगलवार को अंत्यपरीक्षण कराकर पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौप दिया गया। तत्पश्चात शव का मिट्टी मंजिल स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया।

### दोतल्ला पंचायत में साइकिल प्रतियोगिता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला में मंगलवार को नमामि गंगे योजना अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाने को लेकर साइकिल दौड़ प्रतियोगिता हुआ। साइकिल रेस में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मो. सदान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनायक ने द्वितीय व निश्चय कुमार तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुए। सफल प्रतिभागियों को मुखिया सत्यवंती देवी ने नमामि गंगे का मेडल पहनाकर सम्मानित पुरस्कृत किया। सत्यवंती देवी ने बताया कि नमामि गंगे योजना अंतर्गत अपने ग्राम पंचायत के नदियों, नालो, झरनों, तालाब व जलाशयों को पूरी तरह से साफ-सफाई करके स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, पंचायत सचिव सागर कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, वार्ड सदस्य वीणा देवी, प्रशांत कुमार, विप्लव कुमार, शशिकांत सिंह, भीम सिंह, राजू कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

### प्रजापति समाज का वनभोज 28 को



**रजरप्पा ।** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की ओर से 28 जनवरी को पतरातू डैम परिसर में वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, पतरातू पार्षद राजाराम प्रजापति सहित रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, हजारीबाग आदि जिले से समाज के कई शिक्षित, कर्मठ, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध, महिलाएं एवं युवा वर्ग के लोग शामिल होंगे। इस दौरान गोला, दुलमी, चितरपुर, मांडू एवं पतरातू प्रखंड का कमेटी गठन किया जाएगा. यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष राधा विनोद प्रजापति, सचिव उमेश प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष नरेश प्रजापति ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए उन्होंने सभी से आह्वान किया कि एक-दूसरे का सहयोग करें।

### किन्नर समाज का सम्मेलन शुरू

**चरही।** चुरचू प्रखंड के इंद्रा स्थित 14 माइल के पास चरही रेलवे स्टेशन के समीप किन्नर समाज के द्वारा सात दिवसीय सम्मेलन किया गया ।सम्मेलन का प्रारंभ 12 जनवरी से किया गया है, 18 जनवरी को विधि-विधान के साथ संपन्न किया जाएगा ।इस सम्मेलन में देश के कई जगहों से बड़ी संख्या में किन्नर समाज के लोग जुटे हैं। किन्नर समाज के नेतृत्व कर्ता आरती नायक है। मंगलवार को सम्मेलन स्थल पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा और कलश को स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना किया गया। मौके पर किन्नर समाज के आरती नायक,अनवर मां,सोनी नायक,रानी किन्नर,रमा किन्नर,पायल नायक,चंदा नायक, बेबो किन्नर,पूजा किन्नर,सपना किन्नर,नूरी किन्नर सहित कई किन्नर थे।

### महायज्ञ को ले नौ दिवसीय पूजा शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भुरकुंडा बाजार प्राचीन हनुमान मंदिर सह श्री खोपडिया बाबा धर्मशाला में आयोजित 48 घण्टे का अखंड हरिकीर्तन का मंगलवार को हवन पूणाहुति और भंडारे के साथ समापन हुआ। भंडारे में भारी संख्या मे भक्तजन शामिल हुए और प्रसाद पाया। अखंड हरिकीर्तन के दौरान हरे राम हरे कृष्ण के भजन जयकारो से भुरकुंडा कोयलांचल गूंजता रहा है। वहीं अयोध्या मे नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर मे भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भुरकुंडा प्राचीन हनुमान मंदिर सह श्री खोपडिया बाबा धर्मशाला में भी विशेष पूजा अनुष्ठान शुभारंभ हुआ। यह पूजा अनुष्ठान नौ दिनो तक चलेगा। अखंड हरिकीर्तन पूजा अनुष्ठान को सफल बनाने मे पुरोहित नंदकिशोर मिश्रा यजमान बाबुलाल नायक,मंजू देवी, शम्भू साव, बृजनंदन दास बाबू भैया ,अशोक ,राजेंद्र रोशन,अभिषेक मिश्रा, भीम सिंह ,नान्हू राय, सुभाष राय ,राजेन्द्र सिंह,भोला प्रसाद गुप्ता , गुलाब मिश्रा, विनय मिश्रा, प्रदीप सिंह, बिट्टू, अमित शर्मा , नरेश साव, किशोर कुमार संतोष मिश्रा , ओमप्रकाश गुप्ता, सुनील सिंह, राकेश सिंह, अजय मिश्रा, संतोष ,पवन कुमार, किशन, साहिल, विकास सचिन, कुमार, पंकज, करण, रवि कुमार, कृष्णा यादव आदि भक्तजन योगदान दे रहे है।

### विधायक मनीष जायसवाल ने सदर प्रखंड के तीन पंचायतों का किया दौरा, कहा

# सदियों का सपना हो रहा साकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायतों का सघन दौरा किया और आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इस ऐतिहासिक बनाने के लिए घर-घर पहुंचकर अक्षत वितरण किया और लोगों से दीपोत्सव व रामोत्सव मनाने का अपील किया। विधायक मनीष जायसवाल ने सदर प्रखंड के अमृतनगर, अमनारी और चुटियारो पंचायत के कई गांवों में पहुंचे और लोगों से खुशियां मनाने का अपील किया । विधायक मनीष

**22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने को घर-घर किया अक्षत का वितरण**

जायसवाल अमृतनगर के घर- घर में अक्षत बांटे, डंडई कला स्थित मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के द्वारा निकले शोभायात्रा के समापन पर उनके बीच पहुंचकर उन्हें संबोधित किया। वहीं चुटियारो एवं सरैनी के ग्रामीणों के साथ रामभक्ति में रमे दिखें। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की सनातनियों के सदियों का सपना साकार हो रहा है तो उल्लास मनाने का आकार भी हृदय से बड़ा होना चाहिए। शांतिपूर्ण तरीके से घर और मंदिर में रामोत्सव मानना चाहिए ।मौके



अक्षत का वितरण करते विधायक मनीष जायसवाल।

पर विशेष रूप से सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद, अमृतनगर मुखिया दिनेश कुमार, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बहु ने निभाया बेटे का फर्ज

### ससुर को मुखाग्नि देकर पेश किया मिसाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में टुकन साव उम्र (80 वर्ष) की मौत बीमारी के कारण 13 जनवरी को हो गई थी। घर परिवार के कोई सदस्य इस दुख की घड़ी में आगे नहीं आए। मृतक के पुत्र की भी मौत 15 वर्ष पहले हो गई थी। काफी विचार विमर्श के बाद मृतक की बहु मोसोमात सोहरी ने मृतक ससुर टुकन साव का अंतिम संस्कार के लिए आगे आई। उन्होंने 14 जनवरी को बहु ने ससुर को मुखाग्नि देकर प्रखंड क्षेत्र में अनुठी मिशाल कायम की। मंगलवार बंधिया पोखर घाट में जाकर तृतीय गात्र श्राद्ध पिंडदान कार्यक्रम को किया ।मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां थे। जिसमें पुत्र सुरेश साव की 15 वर्ष पहले मौत हो चुकी है ।तीन बेटियों की



शादी भी हो चुकी है। तीनों ही अपने पिता की मौत पर पहुंचे है। बहु मोसोमात सोहरी ने बताया कि घर परिवार को ससुर के श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया था। जिसमें कोई भी मुखाग्नि देने के लिए घर परिवार का सदस्य तैयार नहीं हुआ। बहु ससुर को पिता की तरह मानती थी। जब कोई सामने नहीं आया तो मैने इनका अंतिम संस्कार पुत्र की भांति किया। उनके अंतिम संस्कार में झरपो के कई लोग शामिल थे। बहु के द्वारा ससुर को मुखाग्नि देने के बाद क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई है।

### अन्नपूर्णा देवी से मिला भुरकुंडा विकास मंच



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्रांति के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से उनके आवास कोडरमा में भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। गिरधारी गोप के नेतृत्व में मंच के प्रतिनिधि मंडल ने अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा क्षेत्र में ही स्थायी रूप से स्थापित करने से सबंधित ज्ञापन भी सौंपा। मंच ने केंद्रीय विद्यालय के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय से पारित आदेश की प्रति भी मंत्री को सौंपा।

### श्रीराम गंगा आरती के होर्डिंग पर वनभोज का फ्लैक्स लगाना ओछी मानसिकता : निशि पांडेय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नलकारी नदी तट पर 21 जनवरी को होने वाले श्रीराम गंगा महाआरती को लेकर मतकमा चौक में लगाये गये होर्डिंग के ऊपर कांग्रेस के वनभोज का फ्लैक्स लगाने मामले पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका निशि पांडेय ने कहा कि यह हिन्दू विरोधी ओछी मानसिकता का परिचय है। विधायक अंबा प्रसाद का असली चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि जिस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर पूरे सनातन धर्म और देशवासियों में हर्षोल्लास का माहौल है, वहीं कार्यक्रम के फ्लैक्स के साथ इस तरह की राजनीति करना विधायक की हिन्दू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।



# धौड़ा में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत के नीचे धौड़ा फुटबॉल मैदान में जिला उपायुक्त जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को नमामि गंगे योजना अंतर्गत मैराथन दौड़ व साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में भुरकुंडा पंचायत क्षेत्र के दर्जनों नन्हे-मुन्ने बच्चे व बच्चियों ने उत्साह के साथ मैराथन दौड़ व साइकिल दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

मैराथन दौड़ में बेहतर प्रदर्शन के लिए अंश कुमार को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। आर्यन पांडेय द्वितीय व आयुष कुमार को तृतीय स्थान पाने पर मैडल व ट्रॉफी देकर मुखिया अजय पासवान ने सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता को लेकर जागरूकता




अभियान चलाया गया। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद के लिए भी प्रेरित किया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने कहा कि अपने घर व आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तरह खेलो में भी बेहतर प्रदर्शन कर करियर बनाया जा सकता है। मौके पर पंचायत सचिव सावित्री कुमारी, वार्ड सदस्य रौशन पासवान, लाली करमाली, अमित पासवान, राजू राम, शिवकुमार दास, विजय पासवान, द्रोपदी देवी, अनिता देवी, गुड़िया देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### देवचंदा में पूर्व विधायक के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

**जनता की सेवा मेरी पहली प्राथमिकता : मनोज यादव**

**बरही।** प्रखण्ड के केदारुत पंचायत अंतर्गत ग्राम देवचंदा गांव में बीतें कई दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी ।ग्रामीणों के शिकायत पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनके गांव में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने तत्काल 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफर्मर का उद्घाटन मनोज यादव की उपस्थिति में जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, स्थानीय मुखिया सरिता देवी एवं वार्ड सदस्य सुषमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों को पूर्व विधायक ने आश्वस्त किया कि जनता की सेवा करना उनका उद्देश्य है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, प्रदुमन सिंह, वार्ड सदस्य सुषमा देवी, इन्दर देव ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# फ्लैग फाउंडेशन ने शुरू किया तिरंगा अभियान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा रहे फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने शनिवार की देर शाम नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर ह्लहर दिन तिरंगाह्व शपथ अभियान की शुरूआत की। बताया गया की इस अभियान में कोई भी भाग ले सकता है। इसके लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर शपथ लेनी होगी। जिसके लिए खास प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर बताया गया की



फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने 13 जनवरी को हर दिन तिरंगा शपथ अभियान की शुरूआत की है। फाउंडेशन के सेक्रेटरी जनरल, मेजर जनरल (अवकाश प्राप्त) अशीम कोहली ने बताया कि दोपहर बाद करीब 1 बजे यह कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कारगिल समेत अनेक युद्धों के अपने अनुभव लोगों के साथ साझा किये और देशवासियों का आह्वान किया कि वे रोज राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा लें। लगभग 7 घंटे चले इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज थाम कर प्रत्येक दिन तिरंगे के माध्यम से देशप्रेम प्रदर्शित करने की शपथ ली।

### 21 नकली सिलाई मशीन बरामद

**रामगढ़ ।** पुराना बस स्टेंड में पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी अमन इंटरप्राइज से 21 नकली सिलाई मशीन जब्त किया ।थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि नूर सिलाई मशीन कंपनी के दो अधिकारी बंगाल से थाना पहुंचे। इनका आरोप था की अमन इंटरप्राइज दुकान से नकली नूर कंपनी के सिलाई मशीन का अवैध कारोबार हो रहा है ।जिसके बाद पुलिस द्वारा छापेमारी की गई । 21 सिलाई मशीन को जब्त कर पुलिस अपने साथ ले गयी।

# रामगढ़ जिले में फल फूल रहा अवैध कोयले का कारोबार

### गोल- चिमनी भट्ठों व फैक्ट्रियों के माध्यम से खपाया जा रहा अवैध कोयला

**ज्योति सिन्हा**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में इन दिनो अवैध कोयले का धंधा तेजी से फल फूल रहा है। सीसीएल की खदानो से चोरी किये गये कोयले तथा साइडिंग में ट्रांसपोटिंग होने वाले कोयले को रात के अंधेरे में खपाया जा रहा है। इससे लिंकेज के कोयले को एक ओर बाहर के कोयले की मंडियों में भेजकर धंधेबाज मुनाफा कमा रहे हैं।

वहीं, दूसरी ओर औने पौने दाम पर कोयले की खरीदारी कर चिमनियों का धुआं निकाला जा रहा है। जिले के वेस्ट बोकारो, कुजू, रजरप्पा, भुरकुंडा, पतरातू आदि क्षेत्रों में स्थित फैक्ट्रियों , गोल भट्ठों, को सरकार द्वारा सस्ते दर पर लिंकेज का कोयला प्रति माह



उपलब्ध कराया जाता है। इस लिंकेज के कोयले को फैक्ट्री व गोल भट्ठे संचालक संबंधित कोलियरियों से उठाव कराकर उच्चे दर पर कोयले की मंडियों में भेज रहे हैं। वहीं, इन फैक्ट्रियों व गोल भट्ठों में स्थानीय धंधेबाजों की मदद से कोयले को मंगवाकर अपनी फैक्ट्री व गोल भट्ठे चला रहे हैं। बताते चलें कि वेस्ट बोकारो क्षेत्र में तीन फैक्ट्री व दो गोल भट्ठे संचालित हैं। वहीं, कुजू ओपी क्षेत्र के करमा व मुरपा कुजू स्थित फैक्ट्री तथा लगभग आठ गोल भट्ठों में चोरी का कोयला खपाया जा रहा है। जिसका खुलासा सोमवार को सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों ने एक 16 चक्का हाइवा को पकड़कर किया। बताया जाता है कि उक्त हाइवा करमा से कोयला लेकर कुजू न्यू साइडिंग के लिए चला था।

लेकिन चल रहे धंधे के अनुसार कोयले को साइडिंग में न लेजाकर स्थानीय एक फैक्ट्री में गिराया गया। उसी फैक्ट्री में कोयले की जगह मिट्टी पत्थर लादकर साइडिंग में गिराया जा रहा था। उसी दौरान सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ी। मौके की नजाकत को देखते हुए हाइवा चालक भागने में सफल रहा। परंतु उक्त हाइवा को जब्त कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि कुजू न्यू साइडिंग से प्रतिदिन 10-12 हाइवा कोयले को मुरपा व बुढ़ाखाप स्थित फैक्ट्री में गिराया जा रहा है। इस कोयले के बदले सस्ते दाम पर कोयला ट्रांसपोटिंग में लगे ठेकेदार द्वारा कोयले के चूर्ण व कोयला नूमा पत्थर को साईडिंग में गिराकर रैक लोडिंग के माध्यम से पॉवर प्लांट में भेजा जा रहा है। यह सब सारा खेल स्थानीय पुलिस व सीसीएल के चंद कोयला कर्मियों की मिलीभगत से हो रहा है।

## एक नजर में

### पंचायत वासियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य : सिकंदर राणा



**बरही।** बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा ने मुखिया के कार्यकाल के लगभग डेढ़ वर्षो में विकास की एक नई कहानी लिखी है। मुखिया पद के शपथग्रहण के साथ इन्होंने पंचायत के लगभग सभी लोगो के मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पोडैया में आंगनबाड़ी की चाहरदीवारी,व 100 फीट पीसीसी रोड, कोयली शिवमंदिर में हैंड वॉश, कोयली मस्जिद में हैंड वॉश, कोयली में चबूतरा निर्माण सहित कई जगहों पर हैंड वॉश, चबूतरा का निर्माण, उज्जैना स्कूल में चाहरदीवारी निर्माण, पंचायत भवन का रंग रोगन, नाली का निर्माण, उनके पहल कर डीवीसी से 1300 फिट का पीसीसी बेंदगी में, डीवीसी द्वारा पोडेया में 1200 फीट का पीसीसी, पीएचईडी से 20 सोखता, पीएचईडी से गोबर खाद, रूर्बन मिशन से 40 सोलर लाइट लगवाया है। दर्जनों सार्वजनिक स्थलों पर हैंड वॉश एवं चबूतरा का निर्माण करवाया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति भी हमने पंचायत में कई कार्य करवाए है।

### पुत्र के जन्मदिन पर पिता ने सूर्य मंदिर में दिया इन्वर्टर व बैटरी



**बरही।** बरही निवासी तिरुपति भारत गैस के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर ने छोटे पुत्र रिशान ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर सूर्य मंदिर के लिए इन्वर्टर के साथ बैटरी दान किया। उन्होंने बताया कि हमें अपनी आय का एक निश्चित अंश सामाजिक सेवाओं में खर्च करना चाहिए। मान्यता के अनुसार ऐसा करने वालों की जेब कभी खाली नहीं होती। इस बात का हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा हर काम ईश्वर की नजर में है। इस बाबत उन्होंने कहा कि बरही के अधिकांश मंदिरों में उन्होंने बैटरी व इन्वर्टर उपलब्ध कराया है ताकि हर मंदिर रौशन हो सकें। उमेश ठाकुर की पत्नी किरण कुमारी ने कहा कि दान करने से न सिर्फ पुण्य मिलता है बल्कि भगवान की कृपा भी बरसती है। मौके पर प्रोपराइटर उमेश ठाकुर,किरण कुमारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, राजकुमार केशरी, पिंटू ठाकुर, मुकेश सिंह, भोली पासवान, पंचम चंद्रवंशी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

### प्रखंड मुख्यालय में सीपीआइ ने किया प्रदर्शन



**कटकमसांडी।** मंगलवार को कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय में सीपीआइ के अंचल कमिटी ने अपने नौ सूत्री मांगो को लेकर किया प्रदर्शन। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि सीपीआई ही एक ऐसी पार्टी है, जो मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवाओं व महिलाओं के विरुद्ध शोषण हमेशा आवाज उठाने का काम किया है। उन्होने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि विगत नौ वर्षो मे बेरोजगारी चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जहां बीडीओ मनरेगा व आवास योजना में लूट मचा रखा है। वहीं सीओ पांच वर्षों से एक ही जगह रहकर म्यूटेशन, एलपीसी व जमीन बंदोबस्ती में करोड़ों रूपए बटोरने का काम किया है। वहीं सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि न्याय व समता मूलक समाज बनाने में सीपीआई की अहम भूमिका रही है। अपने हक व अधिकार पाने के लिए तमाम जनता को लाल झंडे के बैनर तले एकजुट होना होगा। कार्यक्रम के बाद सीपीआई अंचल कमिटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर धरने में अशोक मेहता, मो. हकीम, विजय मिश्रा, राजू मेहता, जहीर खान, बबलू मेहता, किशोरी प्रसाद मेहता सहित सैकड़ों समर्थक व महिला पुरूष शामिल थे।

### 20 सूत्री अध्यक्ष ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद का व्यस्त कार्यक्रम होने के कारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम लोगों की समस्या सुनी। 20 सूत्री अध्यक्ष द्वारा समस्या एकत्रित कर संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। तबस्सुम ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद की व्यस्त कार्यक्रम के कारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय वे नहीं पहुंच पाए। साप्ताहिक जनता दरबार में आए ग्रामीणों की समस्या एवं आवेदन मेरे द्वारा लिया गया एवं संबंधित विभाग को समाधान के लिए प्रेषित की गई। मौके पर विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, मुखिया तकरीमुल्ला खान, बीरबल प्रजापति,प्रेमचंद महतो,निर्मल बेदिया, जागेश्वर महतो,शमशेर आलम,छोटे खान,मोहम्मद तसलीम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों से मिली विधायक अम्बा प्रसाद



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार को प्रखंड के ग्राम हाहे, रूददी गाली समेत कई जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार की रात हाथी द्वारा नष्ट किए गए फसल और मकानों को जायजा लिया। विधायक गोंदलपुरा,हाहे,रूददी के अलावे अन्य गांव में जाकर किसानों से मिली,क्षतिग्रस्त मकानों और उनके खेतों तक जाकर नष्ट की गई फसल का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 35 हाथियों का झुंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम रहे है। विधायक ने खेतों की स्थिति देखते हुए मौके पर उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण व किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई कर जल्द से जल्द इन्हें मुआवजा दिलाए। मौके पर जिप सदस्य सुनीता देवी,मुखिया वासुदेव यादव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

### पकरी बरवाडीह कोल खनन ने बांटा कंबल

**हजारीबाग।** एनटीपीसी पकरी बरवाडिह कोल खनन परियोजना द्वारा ओदरना में परियोजना प्रभावित ग्रामीणों के बीच 200 कंबल का वितरण किया गया ।कम्बल वितरण कोल परियोजना महाप्रबंधक पकज ध्यानी के दिशा निर्देश में किया गया ।साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता तुलसी प्रसाद कुशवाहा का सहयोग सराहनीय रहा। ग्रामीण जनता कंबल पाकर एनटीपीसी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी सीएसआर के अधिकारी रजनीश के उपस्थिति में कंबल का वितरण किया गया।

### मुखिया ने रामभक्तों को दिया अक्षत व कलश

**टाटीझरिया।** प्रखंड के नारायणपुर गांव में मंगलवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत को घर घर पहुंचाया गया। कार्यक्रम के पूर्व नारायणपुर के सैकडो की संख्या में महिला पुरुष जय श्री राम का जयघोष लगाते हुए खैरा के शिव मंदिर में पहुंचे. यहां अयोध्या से आए पूजित अक्षत की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद माथे पर कलश लेकर पूजित अक्षत को गाजे-बाजे के साथ झुमते-नाचते व जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा जय श्री राम के जयघोष से पुरा गांव गुंज उठा। उक्त पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र को सभी घरों में पहुंचाया गया। मौके पर मुखिया कुमारी माधुरी, पूर्व मुखिया सरिता देवी, प्रवील प्रसाद, सुरेश प्रसाद, प्रभु प्रसाद, अरविंद केसरी, प्रेम प्रकाश, सुनिल पांडेय, विजय पांडेय, किशुन ठाकुर, मनोज प्रसाद, मोहन प्रसाद, गणेश प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, जगन्नाथ प्रसाद, महादेव प्रसाद, महरू पासवान, सोनी देवी, बबीता देवी, मालो देवी, कोलैश्वरी देवी, शांति देवी, सहित सैकडो रामभक्त शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### खेल से सीखें जीवन जीने की कला : अभिषेक

**लोहरदगा।** वार्ड 19 में आजसू के नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक उर्फ सूर्या सिन्हा ने बॉलीबॉल खिलाड़ियों के बीच बॉलीबॉल और नेट (किट) बांटा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारें। शहर और राज्य का नाम रोशन करें। आजसू हर कदम पर युवाओं के साथ खड़ी है। बॉलीबॉल वितरण में कुमार अभिषेक के साथ नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल, प्रदीप नायक, हर्षित अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### एसपी पहुंचे घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र



**गुमला।** एसपी हरविंदर सिंह ने एएसपी अभियान मनीष कुमार, थाना प्रभारी बिशुनपुर कुंदन कुमार और सैट टीम के साथ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस क्रम में लापु, बड़कादोहर, करचा, हरैया, बंधुआ, गोटाग, बुलबुल, टेमरकरचा, जमटी, बनालात क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन कर नक्सल गतिविधियों के बारे में सूचना एकत्र कर क्षेत्र के विकास कार्यों की सुरक्षा की समीक्षा की। एसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान चलाकर क्षेत्र की स्थिति का भी जायजा लिया।

### रानी-सुशांति बनीं आंगनबाड़ी सहायिका



**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के उतका व गीतिलगढ़ में मंगलवार को आंगनबाड़ी सहायिका चयन को लेकर आम सभा सीडीपीओ सोनिया मंजुल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आवेदकों को अपनी योग्यता प्रमाण पत्र जमा करवाते हुए चुनाव के नियम व कार्य दायित्व के बारे में जानकारी दी गयी। उतका में रानी कुजूर को अनुकंपा के आधार पर व गीतिलगढ़ में सुशांति कुमारी का चयन उच्च योग्यता के आधार पर चुना गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, शिक्षक श्रवण कुमार, सीडीपीओ सोनिया मंजुल, पर्यवेक्षक जयमाला कुमारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### सीएम सारथी योजना कौशल प्रशिक्षण केंद्र के तहत लगाया गया रोजगार मेला



**घाघरा।** मुख्यमंत्री सारथी योजना कौशल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा घाघरा कार्यालय परिसर में मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस क्रम में 70 लोगों ने आवेदन भर कर जमा किया। ट्रेनर माधव पाल ने बताया कि सिलाई, सोलर टेक्नीशियन, कंस्ट्रक्शन, फिटर वेंडर असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर लैब, ड्रोन कैमरा रिपेयरिंग, नर्सिंग सहित कई अन्य क्षेत्रों में बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार से जोड़ा जायेगा।

### धनगांव डैम से चोरी सोलर प्लेट के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



**गुमला।** थाना क्षेत्र के धनगांव डैम से सिंचाई हेतु लगे सोलर प्लेट चोरी मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी के सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। धनगांव गाजाटोली की मंगिया देवी ने शंकर बिलुंग व चंद्रपाल बाड़ा के नाम से लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठित की गयी थी। गठित टीम अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर धनगांव गाजाटोली में छापामारी की। जहां अभियुक्त चंद्रपाल बाड़ा के घर छापामारी की गयी। अभियुक्त चंद्रपाल बाडा को घर पर ही टीम ने दबोचा। छापामारी दल में थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि कुंदन कुमार, सअनि धनंजय कुमार सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### उपायुक्त ने किया जागरूकता रथ रवाना



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया। इसके जरिये आम लोगों के बीच सड़क सुरक्षा अंतर्गत नियमित रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने, बाइक पर तीन सवारी नहीं चलने, शराब पीकर वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने समेत अन्य बिंदुओं पर जागरूक किया जायेगा। यह रथ सभी प्रखंडों में अगले सात दिन घूमेगा। मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसपी प्रमेश्वर प्रसाद, डीटीओ सौरभ प्रसाद, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्मन आदि थे।

### कामरेड महेंद्र सिंह के संघर्ष के रास्ते से ही मिलेगा हक और अधिकार : गजेंद्र



**गुमला।** भाकपा माले जिला कमेटी गुमला व जन संगठन के अगुवा कार्यकर्त्ता ने शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मंगलवार को मनाया गया। कामरेड गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। शहादत दिवस कार्यक्रम में महेंद्र सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके संघर्षों के विरासत को रेखांकित किया गया। जिला सचिव गजेंद्र सिंह ने कहा कि कामरेड महेंद्र सिंह के संघर्ष के रास्ते को आगे बढ़ाने की जरूरत तभी हम अपने अधिकार को हासिल कर सकते हैं। मोदी राज में उनके गरीब मजदूर विरोधी नीतियों के चलते लोग तबाह और परेशान हैं। महंगाई भ्रष्टाचार लूट का आलम है। केंद्र की मोदी सरकार जनता की असल मुद्दों से भाग रही है और सत्ता में बने रहने के लिए जाति धर्म का खेल खेल रही है। कार्यक्रम में झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के नेता महेंद्र जंक्शन उरांव, झामस के नेता बिरजानंद उरांव, ऐपवा नेत्री सुषमा देवी, मजदूर नेता बिष्णु मांझी, दर्शन उरांव, बांध उरांव, सुखदेव उरांव, राम बड़ाईक, चेंगरे उरांव, शांति बिलुग, संतोषी कुमारी, सुचिता लकड़ा, कमला देवी, बिहार देवी जगरानी खलखो, मानती उरांव, नीलम कुमारी भगत जॉनी उराव इतवारी देवी सुमंती देवी गंडोरी उरांव निर्मली देवी आदि दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आठ साल पहले बनकर तैयार नये विद्यालय भवन का नहीं हो रहा उपयोग
# जर्जर भवन और दूरी के कारण स्कूल में घट रही है विद्यार्थियों की संख्या

**संदीप गुप्ता**

**भंडरा।** प्रखंड में भवन के अभाव में विद्यालय में नामांकित बच्चों को दिक्कतों का सामना करना न पड़े, इसी उद्देश्य से सरकार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा में दोमंजिला नया भवन बनाया है। लेकिन उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा के नाम पर नवनिर्मित भवन के बने आठ साल से अधिक हो चुका है। विद्यालय परिसर में लगे हैंडपंप भी लोग उखाड़ ले गये हैं। बावजूद आज तक नये भवन में विद्यालय का संचालन नहीं हो सका। हालत ऐसी है कि नया भवन बेकार पड़ा है और पुराने भवन में बच्चे जाना नहीं चाहते हैं।

> बस्ती में विद्यालय होने से बच्चों की संख्या कम हो रही है। विभाग विद्यालय को नया भवन में स्थानांतरित कराती है तो बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। - **रेखा कुमारी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका**

> सेमरा बस्ती के जंगल में स्कूल चल रहा है, जहां विद्यार्थी नहीं जाना चाहते। सेमरा चौक में तैयार नवनिर्मित भवन में स्कूल चलने से बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी। साथ ही पढ़ाई में गुणवत्ता भी आयेगी। बस्ती में अधिकारियों का भ्रमण जरूरी है। - **सुमित उरांव, गडरपो मुखिया**

**क्या हैं समस्याएं**

सेमरा के बस्ती वाले स्कूल में बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि लगभग 52 लाख रुपये की लागत से नया स्कूल भवन बना है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा का पुराना भवन के आसपास जंगल है। इससे विद्यालय के क्लास रूम में दिन में भी अंधेरा छाया रहता है। कहने को सिर्फ विद्यालय में बिजली है, परंतु क्लास रूम में लाइट नदारद है। इस भवन का निर्माण आठ साल पहले शिक्षा विभाग द्वारा 52 लाख रुपये की लागत से किया गया था। भवन को हस्तांतरित भी किया गया है। इसके बाद भी उपयोग नहीं हो रहा है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा में वर्ग एक से दस तक में 196 विद्यार्थी नामांकित हैं, जिसमें वर्ग नौ में 24 व दस में 32 विद्यार्थी नामांकित हैं।



**क्या कहतीं है जिला शिक्षा पदाधिकारी**

जिला शिक्षा पदाधिकारी का कहना है कि भंडरा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा व उत्क्रमित उच्च विद्यालय आकाशी के लिए नया भवन बना है, जिसमें जल्द अध्यापन कार्य शुरू कराया जायेगा।

भंडरा बीईईओ से बात कर मामले से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सेमरा व आकाशी स्कूल को नये भवन में स्थानांतरित कराया जायेगा।

**सेमरा चौक पर बना नया सरकारी विद्यालय भवन :** भंडरा-सिसई मुख्य पथ में सेमरा चौक पर बना नया सरकारी विद्यालय भवन बेकार पड़ा हुआ है। इसके बाद भी सेमरा विद्यालय के शिक्षक बस्ती के अंदर के पुराने व जर्जर भवन में विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। इससे सेमरा विद्यालय में वर्ग नौ व दस में विद्यार्थियों की संख्या कम हो रही है। स्थानीय ग्रामीण दिलीप साहू कहते हैं कि गडरपो पंचायत के तिलसिरी, लालपुर, अमदारी, पलमी, पोड़हा गांव के बच्चे विद्यालय बस्ती में रहने के कारण भंडरा व बिटपी स्कूल जाना पसंद करते है। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा के नाम पर नया विद्यालय भवन बने आठ साल से अधिक हो चुका है।

**राहुल की यात्रा : जिला कांग्रेस कमेटी ने किया प्रेस कान्फ्रेंस**

# बेरोजगारी-कर्ज में डूबे किसानों के लिए है न्याय यात्रा : शाहदेव

- उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति का मामला विलोपित किये जाने को लेकर सरकार से होगी चर्चा : गीता श्री उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल कांग्रेसी।

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह गुमला जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने कहा है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा बेरोजगार युवाओं, कर्ज में डूबे किसानों और महंगाई की मार के बीच पढ़ाई, कमाय व दवाई के लिए संघर्ष करने वालें लोगों के आरंभ की गयी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश रोजगार संकट से झूझ रहा है। स्थिति तो यह है कि इंजिनियरिंग कर युवा कुली व पीएचडी धारक चपरासी का काम कर रहे हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है। जिसको लेकर राहुल गांधी न्याय यात्रा कर रहे हैं। कर्ज में डूबे किसानों के लिए न्याय यात्रा है। मोदी सरकार के नीति के कारण अमीर और अमीर होते जा रहे हैं जबकि गरीब कर्ज के दलदल में समाते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय व आर्थिक न्याय के तर्ज पर आयोजित है। जिसमें हर वर्ग के लोगों के लिए संघर्ष किया जा रहा है। न्याय यात्रा गुमला जैसे क्षेत्र से भी गुजर सकती है। जिसको लेकर प्रदेश कमेटी तैयारी कर रही है। पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के अच्छा रिस्पांस मिलने पर राहुल गांधी ने न्याय यात्रा आरंभ की है। न्याय यात्रा देश के उन लोगों के लिए आरंभ की गयी है जो वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में अपने को ठगा महसूस कर रही है।

# समस्या समाधान को लेकर सांसद और मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल





समस्याओं के समुचित समाधान के लिए लोहरदगा सांसद और मंत्री से मिलते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** रेलवे विभाग रांची के द्वारा किस्को मोड़ से होकर लोहरदगा-किस्को को जोड़ने वाले पथ के मार्ग को परिवर्तित कर कचहरी मोड़ से रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कर मार्ग परिवर्तित कर देने के कारण किस्को मोड़ और पतरा टोली के स्थानीय निवासियों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुराने मार्ग को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिये जाने के कारण यहां के व्यापारियों की स्थिति भी दयानीय हो गई है साथ ही लिवेंस स्कूल जाने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को या तो रेलवे की पटरियों को पार कर या तो लम्बी दूरी तय कर विद्यालय जाना पड़ रहा है। जिससे लोगों को समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं को लेकर किस्को मोड़ निवासियों का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद सुदर्शन भगत से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। सांसद ने डीआरएम रेलवे रांची से बात कर पूर्व में दिये हुए आवेदन पर कार्यवाही की जानकारी लेकर अंडरब्रिज जल्द निर्माण कराने की बात कही।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत 10924 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को प्री-मैट्रिक छात्रवृति एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति का अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति बैठक हुई। जिसमें प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10924 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 के 250 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के 44 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 26 शिक्षण संस्थानों के नवीकरण एवं 01 नये शिक्षण संस्थान के निबंधन के अनुमोदन पर चर्चा हुई। साथ ही, सर्वसम्मति से प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया एवं आवश्यक निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसी सौरभ प्रसाद भी थे।

## जय सरना लूरकुरिया विद्यालय प्रबंधन समिति व विधायक चमरा लिंडा में विवाद

- स्कूल संचालन को लेकर विधायक कर रहे थे बैठक, प्रबंधन समिति ने बैठक का किया विरोध
- पुलिस ने कराया मामला शांत, अगली बैठक 30 जनवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** देवाकी स्थित जय सरना लूरकुरिया विद्यालय में मंगलवार को विधायक चमरा लिंडा व प्रबंधन समिति के बीच खूब हो हंगामा हुआ। बतातें चलें कि मंगलवार को विधायक चमरा लिंडा अपनी समर्थको के साथ विद्यालय प्रांगण में बैठक कर रहे थे। जिसकी जानकारी प्रबंधन समिति को लगी और वे बैठक में पहुंचकर चल रहे बैठक का विरोध किया। इस क्रम में दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों को रख रहे थे। जहां कई बार की चर्चा, झगड़ा में बदलते प्रतीत हो रही थी। इस बैठक में हंगामा को देख घाघरा थाना को भी सूचित किया गया। जिसके बाद थाना के एसआई निर्मल कुमार अपने दलबल के साथ बैठक में शामिल होकर हो रहे हंगामा को शांत कराया। दोनों पक्षों की सहमति से बैठक को 30 जनवरी को पुनः करने का निर्णय लिया गया।



### जेठ जतरा स्थल पर भूमि पूजन 19 को

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजारटांड़ के पास 19 जनवरी को जेठ जतरा स्थल पर जतरा खूंटा निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया है। निर्माण समिति के उपाध्यक्ष बाबूलाल उरांव ने बताया कि 19 जनवरी को भूमि पूजन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा सहित क्षेत्र के समाजसेवी व धर्मरक्षक मौजूद रहेंगे।

### श्री देवी मंदिर कमेटी की बैठक संपन्न

**गुमला।** श्री देवी मंदिर कमेटी की बैठक श्री शीतला मंदिर में हुई। जिसमें मंदिर एवं परिसर की विशेष साफ सफाई, दोनों मंड में पुष्प सज्जा एवं झालर सज्जा कराने, मंदिर में गेट में तोरण द्वार लगाने एवं 251 दीपक प्रज्ज्वलित करने का निर्णय लिया गया। दोनों मंड में घी का बड़ा दीपक जलाया जायेगा। हॉल के मार्बल पर में राम लला की छवि लगायी जायेगी। साथ ही इस दिन संकीर्तन का भी प्रयास जारी है। बैठक में अध्यक्ष किशोर फोगला, लालचंद फोगला, सुदेश सौरभ, शशि प्रिया बंटी, मिंटू गुप्ता, चंद्रशेखर शहदेव, गोपाल शर्मा, रितेश कुमार, अरूण गोयल, विकास फोगला, नटवर लाल अग्रवाल थे।

### जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, समाधान का दिया आश्वासन



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस मनाया गया। जिसमें जिले के दूर दराज से आये नागरिकों ने भाग लिया। जन शिकायत निवारण दिवस में आये गुमला निवासी दिव्यांग सकूल अंसारी एवं विशुनपुर के दिव्यांग बीरेंद्र उरांव ने अपना आवेदन समर्पित किया एवं उन्होंने बताया कि वे 50 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण उन्हें चलने फिरने में समस्या होती है। जिसके लिए उन्होंने बैट्री चालित रिक्शा की मांग की। उपायुक्त ने उनकी समस्या को सुनते हुए जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से उन्हें अगले एक घंटे के अंदर ही बैट्री चलित रिक्शा उपलब्ध कराया। जन शिकायत निवारण दिवस में आए कई आवेदकों की समस्याओं को उपायुक्त द्वारा सुना गया कुछ आवेदकों को ऑन द स्पॉट सहायता दी गयी। वहीं कुछ आवेदन संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेज त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। गुमला के दिव्यांग हीरा मुंडा ने बताया कि वे अपने और अपनी पत्नी तथा पिता का नाम राशन कार्ड में जुड़वाना चाहते हैं। उपायुक्त ने प्राथकिमता के साथ उनके परिवार के नाम को राशन कार्ड में जोड़ने हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कहा। गुमला के दुलु सोरेन ने अपने दिव्यांगता के बारे में बताया एवं प्रत्येक माह दिव्यांग पेंशन की मांग करते हुए अपना आवेदन समर्पित किया। जिसपर उपायुक्त ने जिला सहायक सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को निर्देशित करते हुए उनके दिव्यांग पेंशन स्वीकृत करने को कहा।

## न्याय यात्रा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान की अध्यक्षता में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की झारखंड दौरे कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने हेतु प्रखंड के पदाधिकारी सभी पंचायत अध्यक्ष सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्यकताओं के बीच विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी पंचायत अध्यक्ष, मोर्चा संगठन के अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखें एवं जरूरी सुझाव दिया गया। सामुल अंसारी ने कहा कि देश में नफरत और असुरक्षा को लेकर श्री राहुल गांधी ने नफरत तोड़ो भारत जोड़ो पद यात्रा लगभग 4000 किलोमीटर कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक यात्रा की इस बार भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड से होकर गुजरेगी।

### श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक आज

**गुमला।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातन मंच गुमला ने 21 जनवरी को आयोजित भव्य शोभायात्रा तथा 22 जनवरी को मंदिरों में पूजा अर्चना तथा नगर में दीपोत्सव मनाने को लेकर आवश्यक विचार विमर्श हेतु श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक बैठक मंदिर प्रागंण में 17 जनवरी को संध्या 7 बजे से रखी गयी है। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार ने समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से बैठक में ससमय उपस्थित होने की अपील की है।

## भारतीय सेना का हिस्सा बनने को युवा अग्निवीर बनें : रेड्डी

- एनसीसी कैडेटों ने साइकिल रैली निकाल युवाओं को किया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में योगदान देने के लिए गुमला के युवाओं को प्रोत्साहित करने और अग्निवीर बन मिलने वाली प्रतिष्ठा एवं फायदे बताने के लिए मंगलवार को 10 एयरमैन सेलेक्शन सेंटर पटना के सौजन्य से ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने एक साइकिल रैली निकाली। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार एवं डीएवी गुमला प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने इसके लिए सभी को बधाई दी है। 10 एयरमैन सेलेक्शन सेंटर पटना कमान अधिकारी विंग कमांडर ए. प्रदीप रेड्डी ने संदेश दिया कि युवा भारतीय सेना का हिस्सा बनना चाहते हैं।

# शिक्षकों के सामने पढ़ाई छोड़ सोते-खेलते हैं गम्हरिया प्राथमिक विद्यालय के बच्चे

- पढ़ाई के समय बच्चे खेलत-सोते नजर आये, बैठकर शिक्षक देखते रहे
- विद्यालय के शौचालय में जड़ा है ताला, बाहर शौच करते हैं बच्चे
- घाघरा के हाल राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया का

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया में बच्चे पढ़ने नहीं सोने और खेलने के लिए विद्यालय आते हैं। इस बात की पुष्टि तब हुई जब ग्रामीणों की सूचना पर मंगलवार को लगभग 12 बजे पत्रकारों की टीम विद्यालय पहुंची। जहां देखा गया कि बच्चे दर्री में सोये हुए हैं। कुछ बच्चे लट्टू चला रहे थे तो कोई गुल्ली डंडा के अलावा कई अनावश्यक खेल खेल रहे थे। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस जगह पर बच्चे सोये हुए थे अनावश्यक खेल खेल रहे थे इन सभी चीजों को विद्यालय के प्राचार्य युसूफ खान सहित सहयोगी शिक्षक मजे लेकर देख रहे थे। पत्रकारों की टीम विद्यालय में आती देख एक शिक्षक बच्चों को समझाने में लग गये कि चलो खेलना नहीं है टिफिन का समय भी लेट है। जबकि प्राचार्य अपने कार्यालय की ओर चल दिये।

**शौचालय में ताला बंद, बाहर शौच जाते हैं बच्चे :** इस क्रम में विद्यालय का शौचालय में ताला जड़ा हुआ मिला। जिस पर शिक्षक से ताला बंद शौचालय में होने की बात पूछी गयी तो उन्होंने यह कह कर टाल दिया कि एक शौचालय जाम पड़ा हुआ है जबकि दूसरे की चाबी रखी रहती है। जरूरत के अनुसार खोला जाता है। बच्चों से पूछा गया तो बच्चों ने बताया कि वे लोग खुले में शौच करते हैं। आखिरकार विद्यालय में बच्चों की देखभाल किनकी जिम्मेवारी है या उक्त विद्यालय में सिर्फ सरकारी शिक्षक वेतन उठाने के लिए आते हैं। जब किचन में खाना बना रही सहायिका से पूछा गया कि कितने छात्रों का खाना बन रहा है, तो 6 किलो चावल का खाना बनाने की बात। कहा कि प्रत्येक बच्चों पर 100 ग्राम चावल तय की बात सहायिका ने कही। जबकि प्रधानाध्यापक ने बताया कि 74 बच्चे आये हैं। उनके लिए 7 किलो चावल बना है।



> **मामले की जांच के बाद सही पाये जाने पर होगी कार्रवाई : डीएसई-** इस संबंध में गुमला डीएसई ने दूरभाष पर बताया कि आप लोगों से ही मुझे यह जानकारी मिली है। शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घाघरा को निर्देश देकर जांच करायी जायेगी। जांच में बातों की सत्यता सामने आने पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जायेगी।

**शहीद पांडे गणपत राय ने हिला दी थीं अंग्रेजों की जड़ें, बचपन में ही जाहिर हो गया था देशप्रेम**

# शहीद पांडेय गणपत राय की 215वीं जयंती समारोह आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** देश की आजादी की लड़ाई में झारखंड के सैकड़ों सपूतों ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था और शहीद भी हुए थे। इन शहीदों में पांडेय गणपत राय भी थे, जिनका नाम बड़े गर्व से याद किया जाता है। उन्होंने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में आजादी के दीवानों के सेनापति के रूप में काम किया इथा और छोटानागपुर में अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं। आजादी की इस लड़ाई में शहीद पांडेय गणपत राय की 215वीं जयंती पर 17 जनवरी को लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौंरा गांव में जयंती समारोह सह विकास मेला का आयोजन किया जायेगा। इसमें सांसद सुदर्शन भगत सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी शामिल होंगे।

**बाल्यावस्था में ही जाहिर हो गया था देश प्रेम**



पांडेय गणपत राय का जन्म ग्राम भौंरो में 17 जनवरी 1809 को हुआ था। बचपन से ही वह कुशाग्र बुद्धि के थे। उनके भीतर देश भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था। वे अपनी कल्पना और सोच को वास्तविकता में परिणत करने के लिए सदा प्रयत्नशील रहे। तलवार चलाना और शिकार खेलना उनका शौक था।

**कैसे हुआ विवाह :** जीवन के 15वें साल में उनके साथ अजीब घटना हुई। वह अपने चाचा के साथ एक बारात में गये थे। जनवासा में जब शराती-बारातियों के बीच बहस होने लगी, तब इन्हें ही बारातियों की ओर से बहस के लिए आगे कर दिया गया। उनकी तर्क क्षमता से लोग इतने प्रभावित हुए कि लड़की वालों ने वहीं उनका तिलक कर दिया और उसी मंडप में विवाह भी कर दिया। अपने चाचा के निधन के बाद ये पालकोट के दीवान बन गये।

स्पीड न्यूज

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



चतरा। जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी और मलकपुर पंचायत भवन में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया। लोगों को केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनाया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के बीच गोद भराई रस्म और अन्नप्राशन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभुकों ने अपनी सफलता की कहानी साझा की इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, निरंजन सिंह, सुजीत भारती, रंजय भारती समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय पुस्तक मेला की तैयारी को लेकर डीडीसी ने की बैठक



कोडरमा। प्रखंड मुख्यालय में जिला प्रशासन द्वारा 20-21 जनवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पुस्तक मेले की तैयारी को लेकर डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मेले को लेकर प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारियों से आयोजन की तैयारी को लेकर जानकारी ली, साथ ही उन्होंने कोडरमा सीओ और नगर प्रशासक झुमरीतिलैया को ब्लॉक मैदान की साफ सफाई, मैदान का समतलीकरण, टेंट, लाइट आदि से सम्बंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने अधिकारियों को कहा कि आयोजन स्थल पर पेयजल और शौचालय का समुचित व्यवस्था करें, मेले में बुक डोनेशन को लेकर अलग से स्टॉल लगाने आदि का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि जिले में पहली बार वृहत रूप से पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है, इस मेले में जिलेवासी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर, इसे सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इच्छुक संस्था, व्यक्ति, प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता पुस्तकों का दान भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा की मेले में प्रवेश पूर्णतयः निःशुल्क है, दो दिवसीय मेले में दो दर्जन से अधिक प्रकाशकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पुस्तकें यथा पाठ्यक्रम से सम्बंधित व प्रतियोगिता परीक्षाएं, कहानी, उपन्यास व पत्रिकाओं का प्रदर्शनी लगाया जाएगा। साथ ही स्कुली छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा आदि मौजूद थे।

## बैट्री चोरी मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन



कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा जेसीबी बैट्री की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस व्यान जारी कर मामले का उद्भेदन किया। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि तिलैया थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा एक जेसीबी की बैट्री चोरी कर ली गई है। इस घटना के उद्भेदन के लिए एसपी द्वारा पु.नि. विनोद कुमार थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को चोरी की गई बैट्री, बैट्री खोलने में इस्तेमाल किये जाने वाले औजार, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल एवं दो मोबईल के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें 23 वर्षीय अखलाख अंसारी पिता मो. इनाम मल्लाहटोली थाना बरही जिला हजारीबाग एवं 25 वर्षीय मो. शमशेर पिता मो. सदीक कोन्द्रा थाना बरही जिला हजारीबाग निवासी के नाम शामिल हैं। इस संदर्भ में तिलैया थाना में कांड सं. 09/24 के तहत दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त में से अखलाख अंसारी का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरूद्ध हजारीबाग जिले के बरही थाना में चोरी के दो मामले में कांड संख्या 466/19 एवं 452/23 एवं लोहसिंघना थाना में चोरी का एक मामला में कांड संख्या 92/20 दर्ज है। छापेमारी दल में पु.नि. द्वारिका राम, प्रभारी कोडरमा थाना, पु.नि. राम नरायण ठाकुर, कोडरमा, पु.अ.नि ऋषिकेश सिन्हा, स.अ.नि. सुजीत सिंह, तिलैया थाना व तिलैया एवं कोडरमा थाना पैंथर एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## ग्रिजली विद्यालय में ओपन-डे 21 जनवरी को



कोडरमा। ग्रिजली चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में ओपन डे का आयोजन आगामी 21 जनवरी को विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जानकारी देते हुए ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम उन अभिवावकों के लिए है जो अपने बच्चे की शिक्षा के लिए ग्रिजली विद्यालय को एक अवसर के तौर पर रखते है। यह कार्यक्रम छात्रों तथा उनके माता-पिता एवं अभिवावकों को शिक्षकों के साथ जुड़ने, स्कूल की सुविधाओं का पता लगाने और अपने बच्चे की शैक्षणिक यात्रा के बारे में जानकारी हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। मौके पर अशरफ खान, विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चैधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार रॉय चैधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव आदि मौजूद थे।

# गोली शरीर की हत्या कर सकता है, लेकिन विचारों को कभी नही मार सकती : रामधन

### जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



डोमचांच (कोडरमा)। राइजिंग पब्लिक स्कूल, पुरनाडीह में मंगलवार को भाकपा माले प्रखंड कमेटी ने कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस पर कॉमरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव राजेन्द्र मेहता व संचालन विनोद पांडेय ने किया। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं कॉमरेड महेंद्र सिंह को याद करते हुए जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह गरीब-गुरबों और अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ने वाले योद्धा के रूप में पहचान बनाई थी। कॉमरेड महेंद्र सिंह संयुक्त बिहार और झारखण्ड निर्माण के बाद खेतिहर मजदूर से लेकर आम अवाम के लिए संघर्ष का रास्ता प्रशस्त किया। लेकिन उनकी हत्या कर दी गयी, ताकि उनकी आवाज सदन में नही गूंज पाए। लेकिन बुलेट शरीर की हत्या कर सकता है, लेकिन विचारों को कभी नही मार सकती। उन्होंने कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह की विचारधारा से झारखंड की तस्वीर बदलेगी। वहीं जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने कहा कि लाल झंडा का बुलन्द आवाज कॉमरेड महेंद्र सिंह ने विचारधारा से कोई समझौता नही किया। उन्होंने कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह गरीब, शोषितों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आम जनमानस के अधिकार के लिए हमेशा जनपक्षीय संघर्ष के रास्ते से लोकतंत्र को मजबूत बनाया। मौके पर भागीरथ सिंह घटवार, कृष्ण कांत मेहता, राजेन्द्र साव, सेराज उद्दीन, सरोज मेहता, जगदीश यादव, लाल बिहारी मेहता, बबन मेहता, मो. अबदुल्ला, विनोद सिंह घटवार, प्रकाश पासवान, भुनेशवर ठाकुर, संजय तिवारी, सुरज कुमार रजक आदि मौजूद थे।

## नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना परिसर में थाना प्रभारी सोनी प्रताप की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक मंगलवार को की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा एवं 26 जनवरी गणतंत्रता दिवस सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी पर्व खुशी और आनंद बांटने के लिए होता हैं। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों को शांति से मनाये ऐसा कोई काम ना करें, जिससे किसी दूसरे को परेशानी हो। मौके पर बेदु साव, एसआई रंजीत कुमार, शिवम कुमार, विनय प्रसाद यादव, किशोर यादव, देवनारायण यादव, कमलेश ठाकुर, वासुदेव पाण्डेय, संजय साव, कलीमउद्दीन अंसारी, असरफ अंसारी एवं थाना के कई जवान मौजूद थे।

## जैविक खेती से संबंधित तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सिंगल विंडो सेंटर में मंगलवार को संध्या महाशक्ति सेवा केंद्र भोपाल एवं जैविक जीवन प्रा ०लि० भोपाल व कृषि चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विकास एवं वीपाटन संस्थान जयपुर के तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां जैविक खेती से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जहां जैविक खेती का लाभ तथा जैविक खाद बनाने से संबंधित प्रशिक्षण सुधांशु शर्मा के द्वारा बताया गया, जहां खेती में रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं करना चाहिए रासायनिक खाद का प्रयोग करने से कई प्रकार की बीमारी हो सकती है तथा संध्या लकड़ा ने बताया कि जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए इससे कोई भी बीमारियों को रोका जा सकता है मौके पर उपस्थित अखिलेश श्रीवास्तव, बिटीएम अरविंद पांडेय, एटीएम दीनदयाल प्रसाद, पूर्व मुखिया योगेंद्र सिंह, पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि पर

## प्री-बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए दशवीं और बारहवीं के परीक्षार्थी

कोडरमा। आगामी मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा प्रोजेक्ट रेल 3 .0 के तहत जिले के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार को प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राऐं शामिल हुए। जिले सभी सरकारी स्कूलों में आयोजित परीक्षा में 10वीं के छात्र छात्राओं ने विज्ञान और 12वीं के छात्र छात्राओं ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दिए।

## 184 बिरहोरों को आयुष्मान कार्ड का मिला लाभ



कोडरमा। पीएम जनमन प्रोग्राम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 184 बिरहोरों ( आदिम जनजाति ) को आयुष्मान भारत मुख्यालय जन आरोग्य योजना का लाभ दिया गया। इन बिरहोरों के लिए योजना के तहत 184 आयुष्मान कार्ड राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराया गया। इसमें डोमचांच प्रखड के 44, कोडरमा के 41 चंदवारा के 2, सतगावां के 20, जयनगर के 17 और मरकच्चो प्रखंड के 51 बिरहोर शामिल हैं। आयुष्मान मित्रों के द्वारा बिरहोरों के बीच इन आयुष्मान कार्डों का वितरण किया जा रहा है। गौरतलब हो कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मुफ्त किया जाता है, लाल, पिला और हरा कार्ड के योजना के तहत उपचार में आने वाले खर्च बीमा से वहन होता है, मरीज या उसके परिजनों से किसी प्रकार की राशि नही ली जाती है।

## मुखिया संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, कई प्रस्ताव पारित



खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। अनुमंडल मुख्यालय के किसान भवन परिसर में मंगलवार को मुखिया संघ की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन शकुंतला देवी ने किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें जल नल योजना में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत चतरा उप विकास आयुक्त से की जाएगी। डीएमएफटी मद की दो करोड़ रुपए की योजना प्रत्येक वर्ष पंचायतों को उपलब्ध कराना, इस बाबत संघ के एक प्रतिनिधि मंडल चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग करेगा और समस्त पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय 26 जनवरी से पूर्व भुगतान करने की मांग शामिल है। बैठक में पुरण राम, चंदा देवी, बीना देवी, सुनीता कुमारी, उमेश राम, कविता देवी, मनोरंजन सिंह, चोपे मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार भोगता, मुखिया प्रतिनिधि करम साहू, प्रतिनिधि सुरेश महतो सहित संघ के सदस्य मौजूद थे।

## सतगावां बीआरसी में एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को निपुण भारत मिशन योजना के तहत एफएलएन का प्रशिक्षण की शुरूआत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक उपाध्याय ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रशिक्षक जमील अख्तर और नीतीश कुमार ने इस प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में बताया की प्राथमिक विद्यालय के तीन से नौ वर्ष आयु के बच्चे का बुनियाद अच्छा होना चाहिए, जहां एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना है, जिसमे बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त किया जाय। इसके तहत प्रत्येक बच्चा कक्षा तीन के अंत तक पढ़ने, लिखने व बुनियादी संख्या ज्ञान के स्तर को प्राप्त कर सके। इसके तहत बच्चे अच्छे स्वास्थ्य एवं विकास को प्राप्त कर सके, बच्चे प्रभावी संवाद स्थापित करने में निपुण बन सके एवं अपने वातावरण से जुड़ते हुए सीखने की प्रक्रिया में शामिल हो सके। मौके पर मो. शहजाद, बिरेंद्र कुमार, पंकज महतो, राजेश करमाली, रितेश कुमार, प्रमोद सिंह, सुधीर कुमार, प्रणव मुरारी, बिनोद मंडल, अनिल यादव, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, रंजित कुमार, हसीबा खातून, अर्चना कुमारी, पूनम प्रसाद, राधा कुमारी, सुनीता कुमारी, अमन कुमारी, मिथलेश कुमार, अफरोजा खातून, मनु प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## चतरा में शीतलहर से लोग बेहाल

चतरा। जिले में शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। ठंड से आम जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बर्फीली हवा लोगों की परेशानी और बढ़ा रही है। सर्द मौसम में छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए अभिभावकों को ज्यादा मशक्कत करनी पड़ रही है सुबह के समय तमाम बच्चे ठिठुरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचे।जिले में एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के बीच चलने वाली पश्चिमी हवा सर्दी को और बढ़ रही है। ठंड के चलते लोगों को सुबह-शाम बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। दिन में भी लोग ठिठुरते नजर आते हैं। जिले का तापमान अधिकतम 18 डिग्री तथा न्यूनतम 06 डिग्री दर्ज किया गया। चौराहों और सड़कों पर लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए।

# स्कूल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में जी.एस. पब्लिक स्कूल की जीत

खबर मन्त्र संवाददाता



डोमचांच (कोडरमा)। डोमचांच चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान में डोमचांच युवा एकता मंच द्वारा आयोजित स्कूल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला डिवाइन कोचिंग सेंटर और जी.एस पब्लिक स्कूल डोमचांच के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रुप में निर्वतमान उपाध्यक्ष पप्पु मेहता, कमल क्लब पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत मेहता, पूर्व उपप्रमुख आदर्श कुमार पंकज, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार मौजूद रहे। वहीं टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डिवाइन कोचिंग की टीम ने 16 ओवर में 146 रन बनाकर आउट हो गई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी जी.एस पब्लिक स्कूल की टीम ने जीत का लक्ष्य 147 रन को हासिल कर मैच को अपने नाम कर लिया। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दोनों टीमों को अच्छे खेल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हमारा क्षेत्र खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़े, खेल में जीत-हार लगी रहती है। मौके पर आयोजक कन्हैया गुप्ता, सागर कुमार, निखिल कुमार, सौरव आनंद, नितेश कुमार, परवेज खान, अजय कुमार, जीतेन्द्र कुमार, मोनू सिंह, गोलू कुमार, ऋतिक कुमार, रंजीत राम, दीपक कुमार समेत कई खेल प्रेमी मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

62वीं औपबंधिक सूची
जिला:-गुमला

| क्र० | आवेदनकर्ता की विवरणी | काण्ड/वाद सख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक- 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र०-01/24 2. आवेदक-भागीरथी साहु 3. पिता-स्व० राम प्रसाद साहु 4. ग्राम-भागीडेरा, कोनबीर पोस्ट-कोनबीर 5. थाना-बसिया प्रखण्ड-बसिया 6. लिंग-पुरूष आयु-56 वर्ष 7. पहचान चिन्ह-बॉये ओर मस्सा। | नहीं | नहीं | कारण:-जिला स्तरीय पार्टी बैठक से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित। पार्टी का नाम-झामुमो | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र०-02/24 2. आवेदक-जुबैर अन्सारी 3. पिता-स्व० इदन अंसारी 4. ग्राम-करकरी पोस्ट-करकरी 5. थाना-सिसई प्रखण्ड-सिसई 6. लिंग-पुरूष आयु-51 वर्ष 7. पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारण:-i. पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित। ii. आयोग के सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष दिये गये बयान के आधार पर पार्टी का नाम-झामुमो | 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र०-03/24 2. आवेदक-महमुद आलम अंसारी 3. पिता-स्व० जहीरूद्दीन अंसारी 4. ग्राम-लोहंजरा पोस्ट-सहीजाना 5. थाना-सिसई प्रखण्ड-सिसई 6. लिंग-पुरूष आयु-50 वर्ष 7. पहचान चिन्ह-सिर के दाहिने ओर घाव का निशान। | | | कारण:-i. अभिप्रमाणित पार्टी सदस्यता रसीद ii. आयोग के सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष दिये गये बयान के आधार पर पार्टी का नाम-झामुमो | 2(ix) |

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं०, झा० आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करायें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 316161 (Home) 23-24 (D)



हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका मे क्रमांक 1 से 21का वित्तिय वर्श 2024-2025 (01.04.2024 से 31.03.2025 तक) एवं क्रमाक 22 वित्तिय वर्श 2024-2025 से 2026-2027 तक के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 10.02.2024 को 12:00 बजे पुर्वाहन से नगर निगम सभागार में आयोजित की जायेगी इच्छुक व्यक्ति दिनांक 18.01.2024 से 08.02.2024 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन के साथ शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है:-

| क्र.स. | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेडियम के निकट स्थित टैक्सी स्टैण्ड की निलामी। | 2024-2025 | 8,62,000 | 86,200 |
| 2 | स्दर थाना के सामने दोपहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 4,07,000 | 40,700 |
| 3 | मालवीय मार्ग दक्षिण मुख्य नाला स्लैब पर टैम्पु वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,16,000 | 11,600 |
| 4 | खिरगॉव डम्पिंग ग्राउण्ड में स्थित वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 4,74,000 | 47,400 |
| 5 | गुरू गोविन्द सिंह पार्क के सामने दोनो तरफ वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,31,000 | 13,100 |
| 6 | बैंक ऑफ बडौदा के समाने दो पहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 75,000 | 7,500 |
| 7 | कुणाल नर्सिंग होम से सरदार चौक तक ट्रैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 25,35,500 | 2,53,550 |
| 8 | इन्द्रपूरी चौक से कल्लू चौक तक ट्रैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 7,75,000 | 77,500 |
| 9 | सब्जी बाजार की निलामी। | 2024-2025 | 55,80,000 | 5,58,000 |
| 10 | सरकारी बस स्टैण्ड की निलामी। | 2024-2025 | 4,72,000 | 47,200 |
| 11 | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा के सामने वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,79,000 | 17,900 |
| 12 | कचहरी रोड/वकालत खाना रोड मे वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 2,79,000 | 27,900 |
| 13 | आनन्दा कॉलेज गेट से गिरधारी साव के घर तक वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 2,80,000 | 28,000 |
| 14 | बैंक ऑफ इण्डिया के समीप वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 69,000 | 6,900 |
| 15 | इन्द्रपूरी से पुलिस लाईन के बीच पश्चिम तरफ की वाहन पडाव निलामी। | 2024-2025 | 1,18,000 | 11,800 |
| 16 | समहरणालय से पश्चिम बगोदर रोड एवं उत्तर झील रोड बी.एड कॉलेज तक वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 2,63,000 | 26,300 |
| 17 | गुरू गोविन्द सिंह रोड उर्दू स्कुल के सामने दो पहिया एवं टेम्पू वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 5,75,000 | 57,500 |
| 18 | पोस्ट ऑफिस के सामने दो पहिया की वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 62,500 | 6,250 |
| 19 | काली बाडी मीठा तालाब सब्जी बाजार की निलामी। | 2024-2025 | 13,51,000 | 1,35,100 |
| 20 | त्रिमूर्ति चौक के पास वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,23,500 | 12,350 |
| 21 | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सदर) परिसर में वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 4,01,000 | 40,100 |
| 22 | छडवा डैम की निलामी। | 2024-2025 से 2026-2027 | 8,11,000 | 81,100 |

-डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाक वक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
-किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एव किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
-सफल डाक वक्ता द्वारा बिना निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
-डाक की शेश नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्टपर में देखा जा सकता है।

PR 316228 Urban Development and Housing(23-24)D

नगर आयुक्त-सह-प्रशासक नगर निगम, हजारीबाग।

स्पीड न्यूज

## गांव में चलाया गया पीएम जनमन कार्यक्रम


कार्यक्रम में शामिल लोग।

**चंदवा।** जनजाति गौरव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को स्वास्थ विभाग द्वारा विभिन्न गांवों मे पीएम जनमत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के आयुष्मान मित्र विकास रंजन, एमपीडब्ल्यू सीताराम कुमार, बीटीटी, सहिया के द्वारा विभिन्न गांवों में लाभुकों के बिच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया साथ ही लाभुकों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया की पीवीसी आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के इलाज के लिए सरकार पांच लाख रूपए तक का सहयोग करती है। मौके पर मुखिया, आयुष्मान मित्र, विकास रंजन, एमपीडब्ल्यू सीताराम कुमार, बीटीटी, सहिया व लाभुक उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** सड़क परिवहन, नियम उल्लंघन एवं यातायात सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के कई स्थानों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन नियम का उल्लंघन करते आधा दर्जन बड़े वाहनों को जब्त किया गया। जिसमें ईंट लदा ट्रक, ट्रैक्टर समेत अन्य वाहन शामिल है। इधर अभियान के बीच नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों के बीच हड़कंप व्याप्त रहा। खबर लिखे जाने तक वाहन चालकों को सीजर लिस्ट काटकर स्थानीय थाना को सुपुर्द किया गया था। अभियान में सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य तनवीर आलम समेत जिला बल के जवान शामिल थे।

## सासंग व बनहरदी में लगा शिविर



**चंदवा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के सासंग व बनहरदी पंचायत सचिवालय परिसर मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पश्चिमी जिप सदस्या सरोज देवी, बीडीओ विजय कुमार, अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल, सासंग मुखिया मुखिया पुष्पा देवी, बनहरदी मुखिया रामेश्वर उराँव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। बीडीओ विजय कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओ को विस्तार पूर्वक बताया। जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा की केंद्र सरकार गरीब, किसान व समाज के निम्न वर्ग के लोगो को ध्यान में रखते हुए पीएम किसान, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर नल जल, पीएम आवास जैसी कई योजनाएं संचालित की है। जिसका सीधा लाभ जरुरुतमन्दों को मिल रहा है। शिविर कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओ ने बच्चो का अन्नप्राशन भी कराया। मौके पर जेएसएलपीएस के सखी सदस्य, स्वास्थ विभाग के कर्मी, गैस वितरक समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## अक्षत व निमंत्रण पत्र का किया गया वितरण

**बेतला।** राम जन्मभूमि अयोध्या से आये पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र केचकी, पोखरीकला और बेतला पंचायत में घर-घर जाकर वितरित किया गया। अक्षत और आमंत्रण पत्र के वितरण करने के पूर्व प्रसिद्ध सरईडीह शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। जिसमे जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मुखिया बुद्धेश्वर सिंह अध्यक्ष उमेश प्रसाद मंदिर समिति के जोखन प्रसाद, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह समेत कई लोग शामिल हुए।

## पीएमजीएसवाइ से कालीकरण कराई जा रही सड़क की गुणवत्ता से किया जा रहा है खिलवाड़

# ग्रामीणों ने किया हंगामा, सड़क को दोबारा बनाने की कर रहे है मांग

- विभागीय अधिकारियों की गैर मौजुदगी में कराया जा रहा है कार्य, उठ रहें है सवाल
- एक तरफ से बनाई जा रही है तो दूसरी तरफ से उजड़ती जा रही है सड़क

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत अंतर्गत अमवाटिकर से लाभर तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत आरईओ विभाग से कराए जा रहे कालीकरण कार्य में संवेदक द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यह सड़क लगभग 11 किलोमीटर बनाई जानी है, लेकिन स्थिति यह है कि एक तरफ से सड़क बन रही है, और दूसरी तरफ से उजड़ती जा रही है। इसे लेकर मंगलवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर जमकर हंगामा किया। वहीं मामले की सूचना मिलते ही मुखिया बलदेव परहिया, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला मंत्री अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, समाजसेवी राजू परहिया और सुशील कुमार समेत अन्य कई लोग स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता से खिलवाड़ होता देख ठिकेदार को फिर से रोड को उखाड़कर दुबारा बनाने की बात कही। सभी ग्रामीण ठिकेदार की कार्यप्रणाली से काफी आक्रोशित दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि संबधित विभाग के अधिकारियों की गैरमौजूदगी में सड़क कालीकरण का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह सड़क एक महीने भी नहीं टिक सकती है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि आजादी के इतने वर्षो के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लाभर से नावाडीह होते हुए अमवाटिकर तक यह सड़क बनाई जा रही है, लेकिन दुर्भाग्य है कि इस कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही हैं।


कार्य स्थल पर हंगामा करते स्थानीय ग्रामीण।

### धूल हटाए बिना इमल्सन डालकर बिछाई जा रही है गिट्टी

मिली जानकारी के अनुसार सड़क कालीकरण में सिलकोट केमिकल के साथ मिलाकर या अलकतरा के साथ भुजकर डाला जाता है, जिससे गैप भर जाता है, लेकिन ठिकेदार द्वारा पत्थर का डस्ट डाल दिया जा रहा है। वहीं धूल में ही इमल्सन डाल दिए जाने से सड़क की पकड़ पूरी तरह कमजोर हो गई है और उखड़ जा रही है। कार्य स्थल पर मिक्स मेटेरियल काफी किमी दूर से लाया जा रहा है, जो पूरी तरह से ठंडा हो जा रहा है। जिससे सड़क की गुणवत्ता खराब हो रही है। इसके अलावा सड़क की मोटाई चालीस एमएम होनी चाहिए लेकिन कहीं पर चालीस एमएम नहीं है, जो की जांच का विषय है। उधर सड़क की हालत देखकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार और मौके पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने भी नाराजगी जताई और संवेदक को सड़क की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया।

### क्या कहते है संवेदक

इस संबंध में मौके पर मौजूद संवेदक विकास अग्रवाल ने कहा कि जहां जहां सड़क खराब हुई है वहां दुबारा से उजाड़कर बनाया जाएगा।

## प्रत्यक्षण कार्यक्रम का सही क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण


मौके पर उपस्थित लोग।

**लातेहार।** निदेशक चावल विकास निदेशालय भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा लातेहार जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अन्तर्गत प्रत्यक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन सही तरीके से किया जा रहा है। इसी को लेकर मंगलवार 16 जनवरी से 18 जनवरी तक लातेहार जिला में संचालित केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अनुश्रवण हेतु डॉ. अमित कुमार मिश्रा, सलाहकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का मंगलवार को लातेहार जिला में आगमन हुआ। डॉ. अमित कुमार मिश्रा के द्वारा लातेहार प्रखंड के जगलदगा, पंचायत-जालिमखुर्द में चना प्रत्यक्षण, सबानो, पंचायत-जालिमखुर्द में सरसों प्रत्यक्षण, ग्राम-कल्याणपुर, पंचायत शीशी में मसूर प्रत्यक्षण एवं एवं मनिका प्रखंड के ग्राम-बिचलीदाग, दुन्दू राकीकला, बरवैया इत्यादि ग्रामों के प्रत्यक्षण स्थल के प्लॉट का निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया गया। भ्रमण के दौरान इनके द्वारा खुशी जाहिर करते हुए बताया गया कि लातेहार जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत प्रत्यक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन सही तरीके से किया जा रहा है। लाभुकों के द्वारा विभागीय मार्गदर्शन में कृषि के उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए इसे धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. दिवेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, आत्मा, सविता उरॉव, उप परियोजना निदेशक आत्मा एवं बलबीर सिंह, जिला परामर्शी, एनएफएसएम, लातेहार शामिल थे।

## तेतरियाखाड़ कोलियरी में ट्रक चालक पर जानलेवा हमला, पीड़िता ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के तेतरियाखाड़ कोलियरी में सोमवार की रात्रि ट्रक संख्या जेएच 19 ए 9082 के चालक राम यादव पिता सतोखी यादव ग्राम निन्दिर थाना लातेहार पर जानलेवा हमले किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चालक राम यादव के भाई लक्ष्मण यादव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे दो ड्राइवर में बकझक हो रहा था इसी बीच एक चालक सुजीत यादव पिता श्याम लाल यादव ग्राम मानसिंधा ने फोन कर अपने पिता श्याम लाल यादव को बुला लिया। आवेदन में कहा गया है कि श्याम लाल यादव पूर्व में माओवादी संगठन का सब जोनल कमांडर भी रह चुका है और श्याम लाल यादव, झंडूल यादव,


घायल युवक।

विक्रम यादव, रोहित यादव, कमलेश यादव, सुजीत यादव ने लाठी डंडा लोहे का रड से मेरे भाई के ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह अधमरा हो गया। उसे गंभीर रूप से घायल स्थिति में अन्य ड्राइवर द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु राम यादव को रिम्स रेफर कर दिया। जहां रांची सिटी हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा है। राम यादव की स्थिति नाजुक बनी हुई है वह आईसीयू में भर्ती है मरीज को अभी तक होश नहीं आया है पेट फुलता जा रहा है एवं पेशाब के रास्ते से खून आ रहा है जहां डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति गंभीर बनी हुई है। इतना होने के बाद भी श्याम लाल यादव द्वारा धमकी दिया जा रहा है कि मेरे ऊपर 20 केस तो मेरे पहले से ही चल रहा है 21 वां केस अभी मेरे ऊपर होगा तो कुछ नहीं होगा। लेकिन तुम लोगों को छोड़ेंगे नहीं। आवेदन में उचित कार्रवाई की मांग की गई है। इधर घटना के विरोध में तेतरियाखाड़ कोलियरी परिसर में दर्जनों ट्रक चालकों ने अपना अपना ट्रक खड़ा कर रोड जाम कर दिया है एवं कोलियरी के सारे कामकाज को ठप कर दिया है। ट्रक चालकों का कहना है कि हमला करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए।

### एक नजर में

## जिला परिषद प्रांगण में गुप्ता मेडिकल हॉल का हुआ उद्घाटन


मेडिकल हॉल का उद्घाटन करते लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद मार्केट कंपलेक्स प्रांगण में मंगलवार को गुप्ता मेडिकल हॉल दवाखाना का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, पंसस नीलम देवी, डॉ मनोज कुमार, बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रकाश बड़ाईक ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता फटकार किया। अतिथियों ने कहा कि जिला परिषद मार्किट कॉम्प्लेक्स में दवाखाना खुलने से लोगो को काफी सहूलियत होगी। दवाखाना के संचालक सह पूर्व स्वस्थ्य कर्मी सुरेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उनके वाखाना में सभी प्रकार के दवाइयां, नेत्र जांच, खून व पेशाब जांच की सुविधा उपलब्ध है साथ ही जानवरों की भी दवा हमारे यहां उचित दर पर मिलेगी। मौके पर प्रवीण कुमार भोला, रवि डे, विजय दुबे, रामजी राम वर्मा, सत्येंद्र यादव, अंकित कुमार, रमेश राम, मोनू साहू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ठगी की शिकार महिलाओं ने थाना प्रभारी से की मुलाकात


मामले की जानकारी देते पीड़ित।

**चंदवा।** वर्ष 2022 में दर्जनों महिलाओं के साथ माइक्रोफाइनेंस बैंक में लोन दिलाने के बाद बिचौलियों के माध्यम से लाखों रुपए ठगी कर लिए जाने के मामले में कार्रवाई को लेकर राजद नेता संजय यादव के साथ दर्जनों की संख्या में महिलाएं मंगलवार को चंदवा थाना पहुंची, जहां थाना प्रभारी शुभम कुमार से मुलाकात कर अपनी पीड़ा को व्यक्त किया। भुक्तभोगी महिलाओं ने फरियाद लगाते हुए कहा कि वर्ष 2022 में दर्जनो आदिवासी महिलाओं के साथ लोन के नाम पर ठगी हुआ था। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 82/22 में मुकदमा भी दर्ज हुआ था, मुख्य आरोपी जेल भी जा चुकी है। महिलाओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि मामले में समसता बैंक के दो कर्मी विवेक मिश्रा व आकाश दास का नौकरी छोड़ने के बाद भी चंदवा आना-जाना है। इसलिए उनकी भूमिका संदेहास्पद है, इसकी जांच की जाए। महिलाओं की समस्या को सुनने के बाद थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि मामले अब तक क्या कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी के लिए आपसभी कोर्ट से नकल निकाल लें व उन्हें दिखाएं, जिसे देखने के बाद नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। फरियाद लगाने वालों में सरिता खलखो, शीतल श्रेष्ठ, मंजू देवी, लालमुनि देवी, मीणा देवी, धनेश्वरी देवी, तारामणि देवी, सोमारी देवी, ललिता देवी, मीणा देवी, कुंती देवी शामिल हैं।

## मनिका प्रखंड में शहीद महेंद्र सिंह का मनाया गया 19वां शहादत दिवस

- जनता के विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को भाकपा माले, अखिल भारतीय किसान महासभा, इंकलाबी नौजवान सभा,ऑल इंडिया स्टूडेंट संघ के द्वारा संयुक्त रूप से राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत शहीद कामरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस बीआरसी रोड स्थित खेल के मैदान में श्रद्धांजलि समारोह के रूप में मनाया गया। जहां शहीद कामरेड महेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए गए मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह ने किया और संचालन अखिल भारतीय किसान महासभा प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं के द्वारा गैर मंजूरूआ जमीन का रसीद अभिलंब काटने, पलामू प्रमंडल सहित पूरे झारखंड में रिसर्वे कराने, किसानों के लिए एमएसपी कानून लागू करने, एकल शिक्षक विद्यालय में कक्षावार शिक्षक की व्यवस्था करने, मॉडल स्कूल और डिग्री कॉलेज मनिका के पास ब्रेकर बनाने, राशन में दाल और तेल भी मुहैया कराने, राशन में कालाबाजारी बंद करने ,मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी 600 करने और साल में 200 दिन मानव दिवस गारंटी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ मनोज कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनेश्वर सिंह ने कहा कि कामरेड महेंद्र सिंह झारखंड के सिर्फ एक विधायक ही नहीं एक विचार भी थे आज उनके विचारधाराओं पर चलने की जरूरत है। उन्होंने हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ी थी आज हमारे बीच दर्जनों महेंद्र सिंह की जरूरत है ताकि झारखंड के हर सीटों पर भाकपा माले के लाल झंडे की जीत हो। उन्होंने कहा कि जो सच्चाई की लड़ाई लड़ते हैं उन्हें प्रशासन षड्यंत्र के तहत फर्जी मुकदमा कर जेल भेजने का काम कर रही है ऐसे अफसर के ऊपर भी कार्रवाई होनी चाहिए और इन्हें भी जेल होना चाहिए लूट, भ्रष्टाचार एवं महंगाई पर रोक लगना चाहिए मौके पर अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष धनेश्वर सिंह, एआईएसए जिला सचिव नागेंद्र राम, कुई ग्राम प्रधान दीपनारायण सिंह, भाकपा माले प्रखंड सदस्य फनेश्वर सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर, चार लोग घायल


घायल युवक को रिम्स ले जाते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ मेदिनी नगर मुख्य पथ पर बोहटा नदी के समीप दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिसमें के रॉबिन लकड़ा पिता निकोलस लकड़ा ग्राम सेमरबुढ़नी उम्र लगभग 35 वर्ष का पैर टूट गया है और चेहरे में भी चोट है। आर्यन मिंज पिता ज्योतिष मिंज ग्राम सेमरबुढ़नी उम्र लगभग 20 वर्ष का दाहिना हाथ दाहिना पैर टूट गया है और सर में भी चोट लगी है। वही वेस्ट बंगाल 24 परगना अशोकनगर कोलकाता से आए हुए टूरिस्ट सुवेंदु घोष 55 वर्ष को पैर में चोट है। वही उनके पुत्र सोमेतू घोष उम्र 26 का बाया पैर में एवं दाहिना हाथ एवं कमर में चोट लगा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार वेस्ट बंगाल 24 परगना अशोकनगर कोलकाता से आए हुए टूरिस्ट सुवेंदु घोष एवं उनके पुत्र सोमेतू घोष महुआडांड़ से अक्सी जा रहे थे। वहीं रॉबिन लकड़ा और आर्यन मिंज अपने गांव सेमरबुढ़नी से महुआडांड़ आ रहे थे। इसी क्रम में बोहटा नदी के समीप यह दुर्घटना हुई है। दुर्घटना की सुचना ग्रामीणों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ को दिया गया। सूचना प्राप्त होने के उपरांत 108 एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतू लाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर के द्वारा किया गया और बेहतर उपचार हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। कहीं दूसरी ओर दुर्घटना की जानकारी पाकर महुआडांड़ थाना पुलिस सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर कागजी कार्रवाई पूर्ण की। साथ ही महुआडांड़ थाना पुलिस दल बदल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया और दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों से पुछताछ भी की।

## मजदूरों को काम नहीं मिला तो होगा आंदोलन : शीतल



**बालूमाथ।** बालूमाथ में मजदूर नेता शीतल साहू ने बैठक किया है। यह बैठक मजदूरों के हितार्थ रखा गया था। जिसमें मजदूरों ने बेरोजगारी, पलायन, सुरक्षा किट पर चर्चा किया। इस बाबत मजदूर नेता शीतल साहू ने बताया कि बालूमाथ में खनिज संपदा का अकुत भंडार है। जहां का कोयला बाहर के राज्यों में भी जाता है लेकिन यहां के मजदूर बेबस व लाचार हैं। उनका कोई सुध लेने वाला नहीं है। आने वाले समय में अगर कोल कंपनियों के द्वारा मजदूरों को रोजगार मुहैया नहीं कराया जाता है। तो संगठन के माध्यम से बड़ी आंदोलन की तैयारी की जा सकती है। इधर मजदूर राजेंद्र ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड प्रदूषण के मार झेल रहा है। स्थानीय लोग कोयला ढोने वाले वाहनों के कारण कोल डस्ट से बीमार होते देखे जा रहे हैं। कोयला का खनन करने वाली कंपनियां जनता के हित में कोई कदम नहीं उठा रही है। कंपनियां अपने मैन्युअल का भी पालन नहीं करती है। अधिकांश काम मशीनों से किया जाता है। मजदूरों को रोजगार भी नहीं मिलता है। जिसके कारण मजदूरों में पलायन करने की स्थिति बनी हुई है ऐसे में सरकार को मजदूरों के हित में कदम उठाना चाहिए। मौके पर संगीता देवी, अनीता देवी, सुशीला देवी, नाजिया खातून, रिंकी ,तानिया ,आरती चिंता विष्णु, शिव, मोहन समेत सैकड़ो मजदूर मौजूद रहे।

## शेरेगड़ा में दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद एक समुदाय के लोगों ने की बैठक, गिरफ्तारी की मांग

# प्रशासन दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करें : चेतलाल रामदास

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के शेरेगड़ा ग्राम में सोमवार को लोडिंग स्लिप लेने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद समाजसेवी रंजीत यादव पर एक समुदाय के लोगों द्वारा किए गए जानलेवा हमला के विरोध में मंगलवार को एक समुदाय के लोगों ने बैठक करते हुए घटना का विरोध किया व पुलिस प्रशासन से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि उभरता हुआ युवा चेहरा रंजीत यादव को दबाने के उद्देश्य से सामाजिक तत्वों द्वारा यह हमला की गई है। जबकि यादव नेता बली यादव ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों को सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। हमलोग कानून को हांथ में नही लेंगे लेकिन कानून से मांग करते है कि किसी भी दोषी को बख्शा तो चरणबद्ध आंदोलन होगा। वहीं लालू यादव ने कहा कि आज एक विशेष समुदाय के द्वारा सनातन धर्म के लोगों पर हमला किया जा रहा है और अपराधी तत्व के लोग थाना में काउंटर केस करने जाते हैं तो उसका काउंटर कैसे ले लिया जाता है। जब पुलिस के सामने रंजीत यादव की पिटाई की गई तो काउंटर केस लेकर पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि यह हमला रंजीत यादव का नहीं बल्कि सनातन धर्म पर हमला है जिसे सनातन सनातनी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की पुलिस प्रशासन दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं करती है तो सनातन धर्म के लोग सड़क पर उतरेंगे। वहीं भाजपा नेता लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि आज हमारा समाज में एकता की कमी के कारण और सामाजिक तत्व के लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। रंजीत यादव एवं एक पक्ष द्वारा किए गए हमले की निंदा जितनी भी की जाए वह कम है। वहीं बिहारी यादव, प्रीतलाल यादव, सुभाष यादव, प्रदुम यादव, कामेश्वर राम, आनंदी प्रसाद गुप्ता, सतन सिंह, कुलदीप यादव, प्रदीप यादव, मनोज यादव समेत दर्जनों लोगों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक विशेष संप्रदाय के कुछ सामाजिक तत्व जो इस हमले में शामिल है। उसे गिरफ्तार करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है व कहा है कि अगर प्रशासन कड़ा कार्रवाई नहीं करता है तो इसका हम लोग मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक 20 सदस्य कमेटी बालूमाथ थाना प्रभारी से मिलकर दोषियों को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की जाएगी एवं रंजीत यादव को सुरक्षा दिया जाए। घटना के दूसरे दिन भी आपसी शौहर्द बिगड़ने से रोकने के लिए बालूमाथ पुलिस के जवान गस्त करते नजर आए वही रंजीत यादव समेत कई लोगों पर हुए हमले के विरोध में मंगलवार को शेरगढा बाजार स्वेच्छा से बंद कर दिया गया एवं सभी दुकानदार दुकान बंद करके बैठक में शामिल होकर घटना का विरोध जताया। मौके पर लखन राणा, पदुम यादव, देवनारायण यादव, ललसू भुइयां, जीतू साव, संजय यादव, सहेंद्र राम, सुरेश गंझू, बहादुर सै, दशई साव, महेंद्र यादव, अमित कुमार, हरिहर यादव, चंद्रमोहन यादव समेत कई हिंदू समुदाय के दो हजार लोग उपस्थित थे। इधर दूसरे समुदाय के मो.हसन, मो. महफूज और मो. अजहर ने तीन अलग-अलग बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## सुदूरवर्ती गांव बकुलावन में पुलिया निर्माण का मजदूरी डकार रहा है ठीकेदार


ग्रामीणों से बात करते जीरा देवी।

- जिला परिषद सदस्या की जांच में बाद मामला प्रकाश में आया

**गारू।** गारू प्रखंड अंतर्गत कोटाम पंचायत के बकुलावन में वगैर योजना पट्ट लगाए पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। कम मजदूरी भुगतान की शिकायत पर गारू जिला परिषद सदस्या जीरा देवी और जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां कार्यस्थल पर जाकर मजदूरों से बातचीत किया। मजूदरों नें बताया कि, पुलिया निर्माण का ठीकेदार 250 रुपए मजदूरी का भुकतान कर रहा है। मजदूरों नें जब उचित मजदूरी की बात रखा तो ठीकेदार काम बंद करने का धमकी देने लगा। वहीं मुंसी ब्रह्मदेव सिंह नें बताया कि उन्हें ठीकेदार ही मजदूरी 250 रुपए प्रति मजदूर दे रहा है जिसे वह भुगतान किया। जिला परिषद सदस्या जीरा देवी बगैर योजना पट्ट के कार्य शुरू करने पर आक्रोश दिखी। उन्होंने कहा कि मजदूरों को कम मजदूरी मिलना काफी चिंताजनक है। श्रम अधीक्षक लातेहार को मामले पर पत्रचार किया जायेगा। मजदूर इन्द्रमनी देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, मुनिया देवी, नरेश सिंह, जीतेन्द्र सिंह अन्य दर्जनों मजदूरों नें बताया कि मजदूरी 250 रुपए की दर से हमलोग को दिया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

### शिक्षिका का पितृ शोक, हुआ शोक सभा का आयोजन



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित सीसीएल एडेड स्कूल शिशु विकास विधालय संडे बाजार लम्बी सेन्टर की शिक्षिका पूजा कुमारी वर्णवाल के 70 वर्षीय पिता विजय लाल वर्णवाल का निधन रांची में सोमवार को अहले सुबह हो गई । स्व वर्णवाल का ईलाज रांची के डाक्टर अमीत कुमार के नर्सिंग होम में चल रहा था। स्व वर्णवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। इसी को मंगलवार को शिशु विकास विधालय में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर प्राचार्य आर ए सिंह, शिक्षक संजीव कुमार, वरीय शिक्षका शशिबाला शर्मा, रम्भा सिंह, ममता सिन्हा, तनुजा खातुन, भावना कुमारी, पूजा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### श्री कृष्णा स्ट्रीट कॉलोनी के अध्यक्ष बने कुमार आभास



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत ब्लॉक कॉलोनी में अवस्थित श्री कृष्णा स्ट्रीट के निवासियों ने मंगलवार को कुमार आभास को सर्वसम्मति से माला पहनाकर अध्यक्ष चुन लिया है। कुमार आभास ने कहा की कॉलोनी वालो ने जिस विश्वास के साथ कॉलोनी वासियों ने मुझे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रदान की है। मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा की हर प्रकार की समस्या का समाधान कर सकू। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बतलाया की हर महीने एक बैठक की जाएगी। जिसमे कॉलोनी के सभी सुख दुख पर चर्चा होगी। मौके पर कॉलोनी की संरक्षिका डॉ शकुंतला कुमार, बालेश्वर पांडेय, राजेंद्र अग्रवाल, मदन वर्णवाल, मुन्ना बरनवाल, शंकर शर्मा, रोहित मित्तल, राकेश मालाकार, शंकर अग्रवाल, पिंकू वर्मा, मोहित नंदन, अमित नंदन, विजय अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, विजय मालाकार, युगल अग्रवाल, अरुण बरनवाल, मोहन गुप्ता सहित कॉलोनी के कई लोग उपस्थित थे।

### जंगली हाथी ने घर को किया क्षतिग्रस्त



**बोकारो/कसमार।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत भस्की पंचायत के ग्राम लिपु टोला जारा टांड रेनाघुटू में जंगली हाथी सोमरी देवी पति सोहन माझी के घर का दरवाजा तोड़कर करीब दो क्विंटल धान खा गये। घर पर सो रहे सोमरी देवी तथा सोमर मांझी डरकर हल्ला करने लगे तो गांव वाले घर से बाहर निकले और मशाल जलाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि सह वन अधिकार समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार महतो मौके पर पहुचे और घटना की जानकारी वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मी ठाकुर दास महतो पहुंचे तथा वन से क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाने की बात कही। इस दौरान मंटू कुमार सुभाष चन्द्र महतो फुलचंद हेम्ब्रम सोमर मांझी आदि उपस्थित थे।

# मनाया गया शहीद महेंद्र सिंह की 19वीं शहादत दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** शहीद महेंद्र सिंह के शारीरिक रूप से बिछड़े 19 साल हो गये लेकिन आज भी वे लाखों लाख मेहनती जनता के अरमानों में जिंदा हैं। उक्त बातें विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने मंगलवार को चलकरी में भाकपा माले द्वारा आहूत श्रद्धांजलि सभा में कही। उन्होंने कहा कि शहीद महेंद्र सिंह का नाम जेहन में उभरते ही जनसंघर्षों का एक क्रांतिकारी योद्धा की छवि सामने आती है। जनवादी सवाल देश के किसी भी हिस्से की जनता का हो उसे महेंद्र सिंह अपनी बुलंद आवाज जरूर देते थे। सड़क से लेकर सदन तक जनता की वाजिब सवालों को कड़कती आवाज में उठाने की नायाब कला महेंद्र सिंह जानते थे। महेंद्र सिंह शोषित जनता के सच्चे रहनुमा थे। उन्होंने महेंद्र सिंह का बोकारो जिले में किये गए संघर्षों को विस्तार से चर्चा की। माले नेता बालेश्वर गोप ने कहा कि आज देश में धार्मिक उन्माद फैलाकर नफरत की राजनीतिक के बल पर केन्द्र सरकार शासन कर रही है और देश के लोकतंत्र व संविधान को कमजोर कर रही है। इसलिए देश व राज्य के लोकतंत्र संविधान पसंद लोगो को एकजुट होकर लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ आंदोलन को मजबूत करना होगा। पंचानन मंडल ने कहा कि चलकरी को केंद्र कर बोकारो जिले में महेंद्र सिंह और काशीनाथ केवट ने आईपीएफ का विस्तार किया था। इन्हीं नेताओं के मार्गदर्शन में हमलोगों ने विस्थापितों के बड़े बड़े आंदोलन संचालित किये। अलका मिश्रा ने बगोदर के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पारित तीन प्रस्ताव को पढ़ा और देश बचाओ संविधान व लोकतंत्र बचाओ मुहिम में भाकपा माले के साथ जुड़ने का आवाहन किया। बालगोबिन्द मंडल ने केंद्र सरकार की आलोचना करते कहा कि मोदी सरकार फासिस्ट नक्शेकदम पर चल रही है। रघुवीर राय ने कहा कि केंद्र की सरकार दो करोड़ नौकरी देने के वायदे से मुकर गई। बेरोजगार के लिए लड़ना होगा। राजदेव चौहान, माधो मंडल, अर्जुन महतो, अजय रविदास, कामेश्वर गिरी, बैजनाथ सिंह, समेत दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राज केवट ने की जबकि संचालन नारायण केवट ने किया।

## एसएमएस एवं सीसीएस में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस टू एवं सीसीएस विभाग में 20 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक विशेष अभियान के रूप में चलने वाले वाले कार्यक्रम का शुभारम्भ ईडी संकार्य बीके तिवारी द्वारा सीजीएम सुरक्षा व अग्निशमन बीके सरतापे व सीजीएम एसएमएस टू एवं सीसीएस अरविन्द कुमार जीएम एवं डीएसओ अशोक कुमार वरीय अधिकारी तथा विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सुरक्षा शपथ ली उसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। आज से शुरू किये गए इस कार्यक्रम में अलग अलग दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

## गरीब असहाय की सेवा करना पुण्य का काम : राकेश

● समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित राकेश पाल एवं राजीव चैबे।

**गढ़वा।** शहर के सोनपुरवा स्थित एसएनसी होटल के प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर 500 जरूरतमंदों के बीच कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। यह कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण एसएनसी होटल के संचालक राजीव चैबे व युवा समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश पाल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश पाल ने कहा कि वर्तमान समय मे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे में गरीब व असहाय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गरीब व असहाय लोगों की परेशानी को देखते हुए आज उक्त कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण किया गया। ताकि गरीब व असहाय लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की मदद करने से पुण्य मिलता है। एसएनसी होटल के संचालक राजीव चैबे ने कहा कि वर्तमान समय में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जिले का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। ऐसे में गरीब व असहाय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब व असहाय लोगों की परेशानी को देखते यह कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि चार वर्ष पूर्व यह कार्यक्रम शुरू की गई थी। इस कायर्क्रम का मुख्य उद्देश्य जरुरतमंद को राहत पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान रामनाथ गौड़, सुषमा देवी, लालती देवी, उपेंद्र पासवान, कुमारी देवी, देवंती कुंवर, अनिल गौड़, अनीता देवी, लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, दीनानाथ गौड़, पूनम देवी सहित 500 लोगों के बीच कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। मौके पर बैजनाथ सिंह, संतोष मिश्रा, गौरव कुमार, हिमांशु मिश्रा, मयंक कुमार, दिनेश कुमार, सुमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सफल वार्ता के बाद 19 घंटो से चल रहा धरना हुआ समाप्त

● मृतक के आश्रितों को मिलेगा नौकरी और मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** इंटेक टावर में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत कृष्ण कुमार बेसरा, 40 वर्षीयद्ध की रविवार रात ड्यूटी जाने के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण कंपनी से रोजगार और मुआवजे की मांग को लेकर इंटेक टावर के निकट शव के साथ धरना पर बैठ थे। आईपीईएल बारूद कंपनी के प्रबंधक ने 15 जनवरी की रात धरने पर बैठे लोगों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की। जिसमें नौकरी और मुआवजे को लेकर लिखित आश्वासन दिया गया। इसके बाद 19 घंटे से जारी धरना समाप्त हो गया। त्रिपक्षीय समझौता वार्ता में प्रबंधन के रोशन सिन्हाए सीओ प्रदीप कुमार महतो, बीडीओ महादेव महतो, इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी देवानंद कुमार एवं जनप्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, दर्जा प्राप्त मंत्री सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, सीओ प्रदीप कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार, मुखिया बंटी उरांव, मुखिया शांति देवी, पंसस प्रतिनिधि धनेश्वर रविदास, पूर्व प्रमुख गुलाब हांसदा, वार्ड सदस्य राजकुमारी देवी, समाजसेवी सोना राम बेसरा, मृतक कृष्ण कुमार बेसरा की पत्नी शीला बेसरा को वेतन का 90% जो कि लगभग 13500 प्रति महीना ताउम्र एम्प्लोयी स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन, के नियमों व प्रावधानों के अनुसार मिलने वाले पेंशन को यथाशीघ्र निर्गत कराने में कंपनी सहायता करेगी। वही एम्प्लाइज डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम के तत्वाधान में लगभग 4 लाख भुगतान नियम एवं प्रावधानों के अंतर्गत करवाया जायेगा।

## किराना दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दुकानदार गिरफ्तार



प्रेस कान्फ्रेंस करते प्रशिक्षु डीएसपी।

**मेराल।** गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल थाना की पुलिस ने गोंदा मेन रोड स्थित एक किराना दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त किया है। पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचते हुए दुकान संचालक सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके दुकान से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 24 बोतल विदेशी शराब, 20 पीस केन बियर तथा 7 बोतल देसी शराब बरामद किया है। मेराल थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम मिली गुप्त सूचना की सत्यापन के लिए तत्काल सशस्त्र बल के साथ पुलिस पदाधिकारियों की टीम गठित कर छापामारी की गई। सूचना के अनुसार किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध देषी तथा विदेशी शराब जप्त किया गया। साथ ही मौके पर संचालक सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। श्री मंडल ने बताया कि जप्त शराब और गिरफ्तार सुजीत कुमार के खिलाफ थाना में कांड दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल के नेतृत्व में गठित छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, सुरजीत चैधरी, सुमन कुमार शर्मा, संजय हेंब्रम, सअनि रामायण सिंह, हवलदार मनोज राम तथा रिजर्व गार्ड के आरक्षी जितेंद्र कुमार शामिल थे।

## यज्ञ को लेकर प्रचार वाहन रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग महावीर स्थान के शिव मंदिर में विश्व कल्याण के लिए श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ को लेकर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। इस पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम को लेकर सहायतार्थ राशि संग्रह के लिए वाहनों को रवाना किया गया। मंगलवार को मंदिर परिसर में पूजन के बाद मंदिर कमेटी सदस्यों ने महायज्ञ प्रचार वाहनों को रवाना किया। वाहन कई गांवों का भ्रमण कर महायज्ञ सहायतार्थ लोगों से राशि संग्रह करने के साथ धार्मिक कार्यक्रम का प्रचार करेगा। वैदिक यज्ञ निर्देशक पंडित श्री चंदन शास्त्री, श्री कृष्णानंद शास्त्री, यज्ञ आचार्य पूज्य श्री संजय पाण्डेय, मंदिर पुजारी श्री आदित्य पाण्डेय सहित अनेक ब्राह्मण शामिल होंगे। यह अनुष्ठान 12 से 16 मार्च तक चलेगा। मौके पर आदित्य पाण्डेय निर्मल निषाद, गुड्डू केवट, विकास रवानी, रवि चौहान, संजय सिंह, विनोद चौहान, करु चौहान, विक्की कुमार, करण वर्मा तथा शिव मंदिर समिति एवं एमबीएस क्लब सहित अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## भाजपा के कुमार अमित ने टूनार्मेंट के विजेताओं को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर नौ बड़ा खटाल के जय माता दी मैदान में आयोजित सात दिवसीय सूरज मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मैच में बमबम एलेवन टीम ने केएसपी इलेवन को छह विकेट से पराजित कर टूनामेंट को जीता। टूनामेंट में कुल सोलह टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुमार अमित ने कहा कि बोकारो क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बोकारो के खिलाड़ी आदित्य सिंह और कुमार कुशाग्र का क्रमश रणजी और आइपीएल में चयन हुआ है जो बोकारो के लिए गर्व का विषय है। इस टूनामेंट का मैन ऑफ द सिरीज श्री रसल हुए जबकि मैन ऑफ द मैच सन्नी को दिया गया। मौके पर टूनामेंट के आयोजक विक्रम यादव नवल यादव धर्मेन्द्र यादव नितिश कुमार पिंटू मुकेश रवि यादव संजय यादव बैद्यनाथधाम यादव आनंद लालबाबू चंद्रप्रकाश शंकर सत्येन्द्र गुप्ता अमित गिरि जानकी यादव आदि एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# विधायक ने किया 61 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन विधायक।

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत भंडरिया गांव स्थित भीम बराज एप्रोच रोड निर्माण कार्य का षिलान्यास विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंगलवार को पूजा अर्चना कर व नारियल तोड़कर किया। जिला अनाबद्ध योजना अंतर्गत भंडरिया मुख्य पथ से भीम बराज तक लगभग 700 मीटर लम्बी सड़क 61 लाख 15 हजार रुपए की लागत से बनाया जाना है। ज्ञात हो कि कांडी, बरडीहा एवं मझिआंव प्रखंड को पलामू के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाली भीम बराज एप्रोच रोड वर्षों से बदहाल पड़ी है। बारिश के मौसम में उक्त रोड में गड्ढा व कीचड़ भर जाने के कारण लोगों का आना जाना मुश्किल हो जाता है। उक्त सड़क में लगातार लोग दुर्घटनाग्रस्त भी होते रहे हैं। भीम बराज एप्रोच रोड बनने की खबर से लोग काफी उत्साहित हैं। उक्त सड़क के बन जाने से कांडी, बरडीहा एवं मझिआंव प्रखंड सहित इर्दगिर्द के हजारों लोगों को मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पहुंचने में काफी सहूलियत होगी। वार्ड सदस्य सत्यम सिंह ने विधायक को फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के कई सड़कें बनवाने का काम किया हूं और शेष कई छोटे मोटे सड़कों का टेंडर होने वाला है। विधायक ने भंडरिया गांव का एक और सड़क जो गांव का मुख्य सड़क को बनवाने का आष्वाशन दिया। मौके पर राणाडीह मुखिया ललित बैठा, जिप सदस्य नेहा कुमारी, वार्ड सदस्य सत्यम सिंह, भाजपा नेता रामलाला दुबे, शशिरंजन दुबे, मणिकांत सिंह, रविंद्र चंद्रवंशी, सीताराम तिवारी, राजेंद्र पांडेय, संतोष सिंह, सुदामा सिंह, गिरवर सिंह, लव सिंह, सिद्धि सिंह, ललन सिंह, धन्नजय सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### उर्दू शिक्षक का पद मरणशील घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण



**बेरमो।** झारखंड सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा उर्दू शिक्षक के पद को मरणशील घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर झारखण्ड सरकार ने शिक्षा विभाग के इस प्रारूप को मंजूरी दे दी तो यह उर्दू जबान के साथ सौतेला व्यवहार होगा। उपरोक्त बाते यूनाइटेड मिल्ली फोरम फुसरो नगर प्रभारी मो मेराज अंसारी ने कही। कहा कि झारखंड सरकार को अविलंब इस प्रारूप को रद्द करना चाहिए।

### बोकारो के मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता का विशेष अभियान



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के मुख्य चौराहों पर सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के द्वारा जनमानस के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया। बोकारो स्टील सिटी के चार प्रमुख चौराहों बीजी एच गाँधी चौक पत्थर कट्टा तथा राम मंदिर चौराहे पर एनसीसी के लगभग 60 बच्चों के द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों के माथे पर तिलक लगा कर और टॉफी देकर वहां चालकों से सड़क सुरक्षा समबन्धित नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। मौके पर बच्चों के साथ एनसीसी ऑफिसर जेपी पांडेय एसएस यादव सुरक्षा अभियंत्रण विभाग बीएसएल सिक्योरिटी विभाग के अधिकारीगण तथा कर्मचारी मौजूद थे। सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के जीएम विकास गुप्ता वरीय प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो नगर में सड़क सुरक्षा रथ का परिचालन भी किया गया।

### 22 जनवरी को फुसरो नप क्षेत्र मे बाइक रैली निकाली जाएगी : राजन



**बेरमो।** 22 जनवरी को फुसरो नप क्षेत्र मे बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। उक्त बाते एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन साव ने मंगलवार को अमलो स्थित एसोसिएशन कार्यालय मे कही। कहा कि रामलला मंदिर प्राण .प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह है। इस महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। 22 जनवरी को सुबह फुसरो शहर में भी भगवान राम नाम के जयकारों के साथ नगर परिक्रमा के रूप में विशेष बाइक रैली निकलेगीए जो घर-घर में इस उत्सव का संदेश देगी। मौके पर धर्मेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, धर्मेंद्र यादव, नवीन सिंह, छोटे सिंह, पंकज सोनी, कुंदन सोनी, सुनील दुबे, बैकुंठ सिंह, अखिलेश प्रसाद साहू, मनीष यादव, बंटी सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सोनी, राजीव कुमार सिंह, मेघी महतो, संतु ठाकुर, रामेश्वर मिश्रा, टप्पू मिश्रा, अंकित मिश्रा, टिंकू महतो, शिवलाल, बीरेंद्र साहू, रूपलाल महतो, पिंटू महतो, दिनेश यादव, सुनील दुबे, जितेंद्र सिंह नाजू आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### फुटलाही में सलखू ओहदार टुसू परब पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के फुटलाही खांजो नदी किनारे आयोजित सलखू ओहदार टुसू मेला में कसमार ओरमो मधुकरपुर सुरजुडीह चंडीपुर बरईकला हंसलता कुलागूजू बेमरोटांड़ समेत आसपास के गांवों के लोग उमड़ पड़े।

## पेज 1 का शेष

### इडी के नाम पर...

उन्होंने कहा कि संशय को खत्म करना जरूरी है। ईडी को क्या-क्या पूछना है, यह बताना होगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट के फैसले के हिसाब से मंगलवार को सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद इडी दफ्तर नहीं गये। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में इडी काम कर रही है। ऐसे में हमें भी ईडी का मुकाबला राजनीतिक रूप से ही करना होगा। अगर राजनीतिक लड़ाई भाजपा की जगह इडी लड़ेगी तो हमें भी वही करना होगा। ऐसे नहीं चलेगा। लोगों में आक्रोश है। यह आक्रोश कहीं वीभत्स रुप ना ले ले। इससे पहले यह जरूरी है कि इडी की विश्वसनीयता बनी रही। उसे तथ्यपरक बने रहना होगा। उनसे पूछा गया कि आप इडी को चेतावनी दे रहे हैं या सलाह। जवाब में सुप्रीयो ने कहा कि हमारा सलाह है कि उन्हें पारदर्शी होना चाहिए। उनसे पूछा गया कि क्या 20 जनवरी को लोगों का आक्रोश दिखेगा, जवाब में उन्होंने कहा कि मैं भविष्यवक्ता नहीं हूं।

### प्रसिद्ध कोयला कारोबारी...

**एक साथ कई ठिकानों पर रेड :** इडी उनके रामगढ़ जिले के सांडी बोंगाबार हार्ड कोक फैक्ट्री में भी जांच करने के लिए पहुंची। मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज भी पहुंची। इडी की टीम ने वहां कागजातों का खंगाला। ओम कोक इंडस्ट्रीज के प्रबंधक हरिनाथ महतो से पूछताछ की गयी। सूचना के मुताबिक, इडी इंडस्ट्रीज से दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया है। मंगलवार को उनके रामगढ़ के अलावा हजारीबाग के ठिकानों पर भी इडी ने छापेमारी की। इजहार अंसारी के पेलावल थाना इलाके में मौजूद उनके आवास पर भी इडी की टीम ने दस्तक दी।

### हाइकोर्ट ने केंद्र से पूछा...

वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया था कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है, वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 का गाइडलाइन इसमें अप्लाई होता है। जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है। जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

### अयोध्या पहुंची 108 फीट...

खबर पाकर ननिहाल से लौटे भरत प्रभु श्रीराम को चित्रकूट से अयोध्या वापस लाने की मनुहार की इच्छा असफल रहने पर श्रीराम जी की चरण-पादुका (खड़ाऊॅ) को शीर्ष पर रखकर वापस अयोध्या लौटे। उसी चरण-पादुका को राज्य सिंहासन पर विराजमान कर 14 वर्षों तक अयोध्या की सत्ता चलाने का काम किया था। यात्रा मंगलवार को मंझनपुर, कौशाम्बी से गुजरते हुए रात्रि प्रवास प्रयागराज में करेगी। जहॉ भव्य, दिव्य प्रस्तुतियॉ संस्कृति विभाग की विख्यात कलाकारों द्वारा करायी जायेगी। 17 जनवरी को राम भक्तों एवं सांस्कृतिक कलाकारों, साधु सन्तों एवं स्वयंसेवकों के साथ हजारों की संख्या में यह यात्रा प्रयागराज नगर भ्रमण करती हुई सायंकाल ऐतिहासिक रामकेवट स्थल श्रृंग्वेरपुर पहुंचेगी। 19 जनवरी को अपने अन्तिम पड़ाव नन्दीग्राम अयोध्या शाम छह बजे पहुॅचेगी। इस यात्रा का समापन प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह द्वारा किया जायेगा। समापन कार्यक्रम के बाद श्रीराम गमन पथ यात्रा की चरण-पादुका को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों को सौंप दी जायेगी।

# बिहार में 94 लाख गरीब परिवारों को मिलेंगे दो-दो लाख

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ा दाव खेला है। बिहार सरकार गरीबी रेखा से नीचे रह रहे 94 लाख परिवारों में एक-एक सदस्य को दो लाख रुपये अनुदान देगी। बिहार कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। दो वित्तीय वर्ष के लिए 1250 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दे दी गई है। जाति आधारित गणना के अनुसार बिहार में गरीब परिवारों की संख्या 94 लाख से अधिक है। बिहार सरकार अगले 5 वर्षों में प्रत्येक गरीब परिवार को कम से कम एक सदस्य को रोजगार के लिए प्रेरित करेगी। इसके लिए अधिकतम दो लाख अनुदान की राशि तीन किस्तों में दी जाएगी, जिससे वे लघु उद्योग स्थापित कर सकें। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नीतीश कैबिनेट ने बिहार लघु उद्यमी योजना के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है। यह योजना अगले पांच वर्षों के लिए दी गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ढाई सौ करोड़ रुपये, 2024-25 में 1000 करोड़ रुपये यानी कुल 1250 करोड़ रुपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। दिल्ली स्थित बिहार निवास का पुनर्विकास होगा। इसके लिए 121 करोड़ 83 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। बिहार उद्यान अधीनस्थ सेवा के प्रखंड उद्यान पदाधिकारी भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। दुर्गावती जलाशय परियोजना का पंचम पुनरीक्षित राशि 1263 करोड़ 30 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। एनएच प्रमंडल मोतिहारी के तत्कालीन सहायक अभियंता मोहम्मद गजनफर को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। सरकार के स्वामित्व वाले बीमा रहित मोटर वाहनों से हुई दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को पांच लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

**कैबिनेट का फैसला**

- गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों को दो लाख रुपये अनुदान देगी सरकार
- लघु उद्यमी योजना को भी मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी
- दिल्ली स्थित बिहार निवास का होगा पुनर्विकास



### किडनी प्रत्यारोपण के बाद मिलेंगे 16 हजार

किडनी प्रत्यारोपण के बाद मरीज के दवा सेवन के लिए पहले साल में दो लाख 16,000 रुपये मिलेंगे। चिकित्सीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। प्रथम वर्ष के लिए 6-6 महीने पर दो किस्तों में इस राशि का भुगतान होगा।

कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है इसके अलावा 19 अगस्त, 2020 को कैबिनेट में स्वीकृत बिहार काश्त आधारित उद्योग अध्यादेश 2020 के प्रस्ताव को वापस लिया गया है। राज्य के गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना की स्वीकृति दी गई है। मोकामा नगर परिषद क्षेत्र से जल निकासी के लिए 40 करोड़ 56 लाख 15 हजार 100 रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए बुड़को को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता संजय कुमार ओझा 31 जनवरी को सेवानिवृत हो रहे हैं उन्हें एक साल के लिए मानदेय पर रखा गया है। मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत पूर्व में सम्मिलित परीक्षाओं के अलावा अब यूपीएससी, केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग, विभिन्न राज्य के लोक सेवा आयोग, विभिन्न बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, आईबीपीएस तथा विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता (प्रारंभिक) परीक्षा को सम्मिलित किया गया है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले राज्य के अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निर्धारित दर के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए 9 करोड़ 79 लाख 50 हजार रुपये के अनुमानित वार्षिक व्यय की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम में कुल वार्षिक व्यय 71 लाख 61 हजार 240 रुपये पर 7 नए पदों के सृजन एवं प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई है। बिहार सरकार की गाड़ी से दुर्घटना होने पर मृतकों के आश्रितों और घायलों को मुआवजा देने का फैसला लिया गया है। कैबिनेट की बैठक में कहा गया कि जिन गाड़ियों की मालिक राज्य सरकार होती है, उसका बीमा नहीं होता है। इस स्थिति में राज्य सरकार के स्वामित्व वाले वाहन से दुर्घटना होने की स्थिति में मृतकों के आश्रितों या घायल को मुआवजा भुगतान किये जाने में कठिनाई होती है। अब सरकार ने फैसला लिया है कि सरकारी गाड़ी से दुर्घटना होने पर तत्काल मुआवजा दिया जायेगा। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि सरकारी स्वामित्व वाले मोटर वाहनों से हुई दुर्घटना में मृत्तक के आश्रितों को तत्काल 5 लाख रुपये दिया जायेगा। वहीं, ऐसी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ितों या उनके आश्रितों को 2 लाख 50 हजार रुपये का मुआवजा दिया जायेगा।

# अयोध्या में आतंकी हमले का खतरा, यूपी पुलिस हुयी अलर्ट

एजेंसी

- होटल, गेस्ट हाउस और ढाबा में हो रही है चेकिंग
- अयोध्या में तीन डीआइजी, 17 आइपीएस,100 पीपीएस स्तर के अधिकारी तैनात

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार से अनुष्ठान के कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। इसी बीच देश की सुरक्षा जांच एजेंसियों ने राम मंदिर के उद्घाटन से पहले आतंकी हमले की साजिश को लेकर यूपी पुलिस को अलर्ट किया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक खुफिया एजेंसियों की तरफ से जारी अलर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी अयोध्या में कोई बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। आतंकी यहां पर किसी भी वेशभूषा में आ सकते हैं, लिहाजा कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किया जाए।

खुफिया एजेंसी की इस सूचना के बाद यूपी पुलिस और यहां की लोकल जांच एजेंसी, एटीएस, एसटीएफ, एलआईयू अलर्ट मोड पर आ गयी है। अयोध्या या फिर उससे सटे जनपद, सुलतानपुर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती और लखनऊ में पुलिस सतर्क है। होटल, गेस्ट हाउस, ढाबा में चेकिंग की जा रही है। अयोध्या आने वाले सभी मार्गों पर सघन वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। जिले में चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

यूपी पुलिस की तरफ से तीन डीआईजी, 17 आईपीएस,100 पीपीएस स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। इनके साथ ही 325 इंस्पेक्टर, 800 सब इंस्पेक्टर और एक हजार से अधिक सिपाही की ड्यूटी लगायी गई है। पीएसी की चार कंपनियों को लगाया गया है। इसके लिए 10 हजार से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिन लोगों के दुकान, घर में सीसीटीवी कैमरा लगा है उसे भी पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा। एसपीजी की निगरानी में सब काम होगा।

# विश्व में किसी देश का मोहताज नहीं है भारत

**अर्थव्यवस्था में दुनिया की पांचवीं महाशक्ति होना कोई छोटा काम नहीं : उपराष्ट्रपति**



**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत आज राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से इतना बदल गया है कि वह अब विश्व में किसी देश का मोहताज नहीं रहा और अर्थव्यवस्था में दुनिया की पांचवीं महाशक्ति होना कोई छोटा काम नहीं है। श्री धनखड़ ने मंगलवार को विधानसभा में राजस्थान के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित एकदिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत का दुनियां में नाम हो गया हैं और वह जिस मुकाम पर पहुंचा हैं, इन सब का निर्माण सदन करती है। इस बहुत बड़े हवन में जनप्रतिनिधि, नेतृत्व , नीति और आम आदमी का योगदान है। उन्होंने कहा कि आपके सामने चुनौती ज्यादा है क्योंकि जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है, दुनिया अचंभित है, दुनिया सोच नहीं पाई की क्या भारत में कभी ऐसा हो सकता था। कभी सोचा नहीं कि भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजिकल डेवलपमेंट विकास स्तर का होगा। यह हर भारतीय के खून और पसीने का नतीजा है। नीतियां और समर्पण की भावना से है।

उन्होंने कहा कि किसी भी विकास की गंगा की शुरूआत विधायिका से होती है। विधायिका का सबसे प्रमुख कर्तव्य है कि विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों को सही दृष्टिकोण में रखें। कार्यपालिका को सही रास्ता दिखाने में एवं कार्यपालिका नियम के अनुसार काम करें, यह सदन का कर्तव्य है। अगर सरकार को आइना दिखाया जाएगा तो सरकार के लिए बहुत लाभकारी होगा।

# विकसित राष्ट्र बनने के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी

## महिलाओं के अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता : राष्ट्रपति

एजेंसी



- मेघालय के तुरा में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से द्रौपदी मुर्मू ने की बात

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है।

श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को मेघालय के तुरा में बलजेक हवाई अड्डे पर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। देश की महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चाहे वह क्षेत्र रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, कृषि या कोई अन्य कोई भी क्षेत्र हो। महिलाओं को केवल कुछ प्रेरक शब्दों, प्रोत्साहन और अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि महिला नेतृत्व-विकास का विचार तभी लागू किया जा सकता है जब महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की स्वतंत्रता मिले। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ, यह कुछ हद तक संभव हो पाया है। आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से और बड़ी संख्या में योगदान दें। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई कार्य किए गए हैं। सरकार ने न केवल महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए कई प्रयास किए हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। हालांकि, महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं के नैतिक मूल्यों और गुणों को पहचानना शुरू करें और उनका समर्थन करें।

मुर्मु ने स्वयं-सहायता समूहों के सदस्यों से कहा कि वे विकास के मार्ग पर आगे बढ़े और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यह अकेले उनकी यात्रा नहीं है, बल्कि देश में बड़ी संख्या में महिलाओं की यात्रा है, जिन्हें अभी भी अपने घरों की चारदीवारी से परे अवसरों का पता लगाना बाकी है। उन्हें अपने क्षेत्र और देश की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनना चाहिए।

## एक नजर में

### यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश में इमरजेंसी का एलान

**मास्को।** यूक्रेन की ओर से किये गये ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश शहर में मंगलवार को आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। मेयर वादिम कस्टेनिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हमले से प्रभावित लोग, क्षतिग्रस्त मकान और चल संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन एक आयोग करेगा।श्री कस्टेनिन ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पास के एक स्कूल में शरण दी गयी है और उन्हें सभी अनिवार्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं।

### इजरायल ने मिस्र की सीमा पर गोलीबारी की

**यरूशलेम।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि उसके सैनिकों ने मिस्र की सीमा पर नित्जाना क्रॉसिंग के पास हथियारबंद लोगों के एक समूह पर गोलियां चलाईं। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि थोड़ी देर पहले लगभग 20 संदिग्ध मिस्र के क्षेत्र से इजरायल के साथ सीमा के क्षेत्र की ओर पहुंचे। क्षेत्र में सक्रिय आईडीएफ सैनिकों ने सशस्त्र व्यक्तियों की ओर गोलीबारी की।

### छत्तीसगढ़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर/दंतेवाड़ा।** बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मंगलवार शाम को हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक इनामी नक्सली ढेर कर दिया गया। मामले की पुष्टि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन ने की है। दंतेवाड़ा पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में जवानों ने एरिया कमांडर रतन को ढेर किया है। एरिया कमांडर रतन पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। एरिया कमांडर रतन कई बड़ी वारदातों को अंजाम देने का मास्टर माइंड था।

# अब जनता के दरवाजे तक पहुंच रहा है योजनाओं का लाभ : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**अब भारत को ताकतवर देश माना जाता है : रक्षा मंत्री**



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जनता के दरवाजे तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कोई परिवार ऐसा नहीं होगा जिसे किसी न किसी योजना का लाभ ना मिला हो। राजनाथ सिंह लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित मान लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पहले भारत को कमजोर माना जाता था। कहा जाता था कि ये गरीबों का देश है। अब भारत को मजबूत और ताकतवर देश माना जाता है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के लोगों से प्रश्न करते हुए राजनाथ ने कहा कि मैं जो कुछ कर सकता था, उसे लखनऊ के लोगों के लिए किया है। मेरे काम से आप लोग संतुष्ट हैं या नहीं हैं। आप सभी लोग मुझे बताइये। ये देश मजबूत रहेगा और देशवासी मजबूत रहेंगे तो हम भी मजबूत रहेंगे।रक्षामंत्री ने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 10वें स्थान पर था। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। राजनाथ ने कहा कि देश-दुनिया के अर्थशास्त्री पूछते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी क्या करिश्मा करते हैं। वो दिन दूर नहीं है, जब भारत टॉप थ्री देशों की सूची में भी शामिल हो जाएगा।

### नायडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी पीठ करेगी फैसला

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में 3,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मामले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका पर मंगलवार को विभाजित फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने वर्ष 2018 के भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 ए की प्रयोज्यता पर निर्णय लेने के लिए एक बड़ी पीठ गठित करने के लिए मामले को शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने करने का आदेश दिया।

# डीप फेक पर सरकार सख्त

एजेंसी

**अगले एक हफ्ते में नए संशोधित आईटी नियम जारी करेगा केंद्र**

**नयी दिल्ली।** डीप फेक को रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए नए संशोधित आईटी नियम लाने जा रही है। मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि केंद्र सरकार अगले सात से आठ दिनों में नए संशोधित आईटी नियम जारी करने जा रही है। इसे जल्दी ही अधिसूचित किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हमने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म को स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके प्लेटफार्म पर अगर कोई डीप फेक सामग्री साझा की जाती है तो उसके लिए जिम्मेदारी उनकी है और अगर वे गलत सूचनाओं पर कार्रवाई नही करते तो सरकार सख्त कदम उठा सकती है। उन्हें ब्लॉक भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर के साथ डिजिटल इंडिया वार्ता के दो दौर किए हैं। हमने उनको मौजूदा नियमों से अवगत करवाया है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि देश में मौजूदा समय में लाख स्टार्टअप बन चुके हैं और 112 यूनिकॉर्न बने हैं। आने वाले समय में स्टार्टअप की संख्या 10 लाख की जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'गरीबी हटाओ' के खोखले नारे के 65 वर्षों के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने केंद्रित, मेहनती, दृढ़ और भ्रष्टाचार मुक्त शासन और कल्याण नीतियों के माध्यम से 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26
Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1
Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

# ब्रेन डेड महिला ने दिया चार लोगों को नया जीवन

**मृत घोषित महिला के परिवार ने उनके अंगदान को दिया दान**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दिमागी तौर पर मृत घोषित 62 वर्षीय महिला के परिवार ने उनके अंगदान का फैसला लिया, जिससे चार लोगों को नया जीवन मिलेगा। सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. वंदना तलवार ने बताया कि अस्पताल में लगभग साढ़े छह साल के अंतराल के बाद 16 जनवरी को दिमागी तौर पर मृत महिला के अंग प्राप्त हुए। 62 वर्षीय महिला कामिनी दिल्ली के तहखंड इलाके की रहने वाली थी। 13 जनवरी को ब्रेन हेमरेज के कारण होली फैमली अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां से उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। महिला को डायबिटीज और उच्च रक्तचाप भी था। सोमवार को ब्रेन डेड घोषित होने के बाद महिला के बेटे और बेटी ने उसके अंगों को दान करने का फैसला किया, जिसके बाद वह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कैडवेरिक मल्टी ऑर्गन डोनर बन गई। मृतक के बेटे ने बताया कि 15 जनवरी को उनकी मां का जन्मदिन था । बेटे ने बताया कि मां के अंगों को दान करने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि वे चाहते थे कि उसकी मां को हमेशा याद किया जाए। वे आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनके जन्मदिन के मौके पर उन्होंने चार अन्य लोगों को नया जीवन दिया है। मृतक के अंगों को चार 4 लोगों को दिया जाएगा। इसमें दो प्राप्तकर्ताओंको एक-एक कॉर्निया और 2 अन्य प्राप्तकताओं को किडनी और लीवर मिलने से उन्हें नया जीवन मिलेगा।

# ऐश्वर्या राय की संपत्ति 800 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से एक ऐश्वर्या दौलत के मामले में भी टॉप पर आ गई हैं। ऐश्वर्या बच्चन ने संपत्ति के मामले में प्रियंका चोपड़ा, अनुष्का शर्मा, करीना कपूर, माधुरी दीक्षित को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की टॉप 10 सबसे अमीर अभिनेत्रियों की लिस्ट सामने आ गई है। इस मामले में ऐश्वर्या सबसे आगे हैं। नयनतारा इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। नयनतारा 100 करोड़ की मालकिन हैं। बॉलीवुड की सबसे अमीर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कुल संपत्ति 800 करोड़ रुपये है। इस बीच अफवाह थी कि ऐश्वर्या और अभिषेक का ब्रेकअप हो गया है। ऐसी भी अफवाहें थीं कि वे तलाक लेने वाले हैं, लेकिन इसके बाद दोनों को एक पार्टी में साथ देखा गया। इसके बाद इन अफवाहों पर विराम लग गया है।



### राजस्थान के पूर्व मंत्री जोशी के ठिकानों पर इडी ने की छापेमारी

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले के संबंध में मंगलवार को पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री जोशी के दो आवासों, जलदाय विभाग के दो ठेकेदारों और दो अधिकारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इस घोटाले पर पिछले छह महीने से ईडी की टीमें जांच कर रही हैं। जयपुर, दिल्ली और गुजरात की दस टीमों ने मंगलवार सुबह छह बजे पांच लोगों के ठिकानों पर दबिश दी। ईडी की कार्रवाई जयपुर और बांसवाड़ा समेत कई इलाकों में चल रही है। इससे पहले भी इस घोटाले के सिलसिले में ईडी की टीम ने राजस्थान में 25 जगह छापा मारा था। इसमें महेश जोशी के कार्यालय और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल के ठिकाने भी शामिल थे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar- II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# अयोध्या देश ही नहीं, संपूर्ण विश्व को दिशा देगी



गोपाल शर्मा

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की घड़ी नजदीक है। भारत ही नहीं दुनियाभर के देशों में उत्साह है। उत्साह हो भी क्यों न। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर 500 वर्षों से भी ज्यादा के संघर्ष और बलिदान के बाद भगवान का मंदिर पुनः साकार रूप लेने जा रहा है। सौभाग्यशाली हैं कि यह क्षण हमारे जीवन में आया है। हम 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं। भारत के स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की तरह 22 जनवरी 2024 की तारीख पीढ़ियों के अखंड तप, त्याग और संकल्प के प्रतीक के रूप में युगों-युगों तक जाना जाएगा। प्रभु श्रीराम एक राजा या आराध्य ही नहीं, भारत की आत्मा हैं । सांस्कृतिक पहचान हैं। अस्मिता हैं।

प्रभु श्रीराम की शक्ति देखिए। इमारतें नष्ट कर दी गईं, अस्तित्व मिटाने का कुत्सित प्रयास किया गया लेकिन श्रीराम जनमानस के मन में बसे रहे। श्रीराम का जीवन चरित्र भारत ही नहीं भारत की सीमाओं को लांघकर मानवता को प्रेरणा देता है। विश्व की सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या वाले देश इंडोनेशिया के साथ कंबोडिया, ईरान, श्रीलंका, थाईलैंड आदि में भी श्रीराम और रामायण के कई रूप देखने को मिलते हैं।

रमणे कणे कणे इति श्रीरामह्व अर्थात, जो कण-कण में बसा है वही श्रीराम है। आज भी समाज जीवन का कोई ऐसा पहलू नहीं है जो श्रीराम नाम से प्रेरित न हो। श्रीराम सबके हैं, सबमें श्रीराम हैं। श्रीराम की यही सर्वव्यापकता भारत की विविधता का चरित्र दिखाती है। श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जनजातीय क्षेत्रों में खुशी और उमंग है। झारखंड के जनजातीय समाज के संत प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। जनजातीय समाज के 20 संतों को प्राण-प्रतिष्ठा में आने का निमंत्रण मिला है। वे स्वयं को परम सौभाग्यशाली मान रहा हैं कि प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उन्हें शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

असम से लेकर गुजरात और विंध्यांचल से लेकर नीलगिरि तक में रहने वाले असंख्य जनजातीय समाज जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपना प्रेरणापुंज मानता है। भगवान श्रीराम 14 साल तक वन में रहे। इस दौरान वनवासियों के अपार समर्थन के बल पर ही उन्होंने रावण पर विजय पाई। श्रीराम चाहते तो रावण से युद्ध के लिए अयोध्या और उसके आसपास मित्र राजाओं की सेना का प्रयोग कर सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं किया। भगवान श्रीराम के लिए जनजातीय समाज युद्ध लड़ा। वनवास के समय श्रीराम कोल, भील, निषाद आदि जनजातियों के संपर्क आये। मतंग ऋषि के संपर्क में भीलनी शबरी भगवान श्रीराम की भक्त बन गई। भील, सहरिया आज भी शबरी को अपना पूर्वज मानते हैं। वानर, हनुमान, बाली, सुग्रीव, जटायु, जामवंत वनवासी ही थे जिन्हें श्रीराम ने संगठित किया, सेना बनाई और रावण को समाप्त किया। इसे कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वनवासियों अथवा जनजातीय समाज के बिना श्रीराम अधूरे हैं।

मुगल आक्रांता बाबर ने 1528 में अपने सेनापति मीर बाकी को अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर को तोड़ने का आदेश दिया था। इतिहासकार कनिंघम के अनुसार, श्रीराम मंदिर को बचाने के लिए हिंदुओं ने जान की बाजी लगा दी थी। 1 लाख 74 हजार हिंदू वीरों के बलिदान के बाद ही मुगल श्रीराम मंदिर को तोड़ने में सफल हो सके। मंदिर इतना मजबूत था कि इसे तोड़ने के लिए तोपों का इस्तेमाल करना पड़ा। मंदिर को नष्ट करने के बाद जलालशाह ने हिंदुओं के खून के गारा बनाकर लखौरी ईंटों से बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया। श्रीराम मंदिर जन्म भूमि के लिए हिंदू समाज ने 78 धर्म युद्ध लड़े, जिनमें 3 लाख 50 हजार से ज्यादा हिंदू वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इतिहासकार कनिंघम अपने 'लखनऊ गजेटियर' में लिखता है कि 1,74,000 हिन्दुओं की लाशें गिर जाने के पश्चात मीर बकी अपने मंदिर ध्वस्त करने के अभियान में सफल हुआ।

साल 1885 में महंत रघुबीर दास ने फैजाबाद जिला अदालत में याचिका दायर की। इसके तहत उन्होंने श्रीराम की मूर्ति स्थापित करने की अर्जी लगाई, जो खारिज हो गई। इसके बाद 23 दिसंबर साल 1949 को विवादित ढांचे में श्रीरामलला की मूर्ति मिली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि श्रीराम प्रकट हुए हैं, जबकि मुस्लिमों ने आरोप लगाया था कि किसी ने रातों-रात मूर्तियां रख दीं। इसके बाद इसे विवादित ढांचा मानकर ताला लगवा दिया गया था। वर्ष 1950 में फैजाबाद सिविल कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गईं। पहली याचिका में गोपाल सिंह विशारद ने पूजा के अधिकार को लेकर अर्जी दाखिल की, तो दूसरी याचिका में विवादित ढांचे में भगवान श्रीराम की मूर्ति रखे रहने की इजाजत मांगी। साल 1959 में निमोर्ही अखाड़ा ने तीसरी याचिका दाखिल कर श्रीरामलला स्थल का अधिकार मांगा। 1986 में कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि हिन्दू श्रद्धालुओं के लिए जगह खोली जाए। यूसी पांडे की याचिका पर जिला जज केएम पांडे ने आदेश दिया। इसके बाद विवादित ढांचे का ताला खोला गया और श्रद्धालुओं को पूजा करने की इजाजत दे दी गई। 1989 में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में श्रीराम जन्म भूमि का शिलान्यास हुआ। अनुसूचित समाज के नेता कामेश्वर चौपाल के हाथों श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखी गई।

30 अक्टूबर 1990 को हजारों श्रीराम भक्तों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव द्वारा खड़ी की गई तमाम बाधाओं को पार कर अयोध्या में प्रवेश किया और विवादित ढांचे के ऊपर भगवा ध्वज फहरा दिया। लेकिन 2 नवंबर 1990 को मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया, जिसमें सैकड़ों श्रीरामभक्तों ने अपने जीवन की आहुति दीं। कोठारी बंधुओं के बलिदान को कौन भूल सकता है। इसके बाद छह दिसंबर 1992 में कारसेवकों ने विवादित ढांचे को को गिरा दिया।

अदालत में श्रीराम मंदिर पर हिन्दू पक्ष को पहली सफलता 2010 में मिली। हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने फैसला सुनाते हुए विवादित जमीन को तीन हिस्सों सुन्नी वक्फ बोर्ड, निमोर्ही अखाड़ा और श्रीरामलाला के बीच बांट दिया। लेकिन फैसला मंजूर नहीं था, फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अंततः वो दिन आ गया। नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरी विवादित जगह को श्रीरामलला को सौंपने का आदेश दिया। पांच जजों की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया और विवादित जमीन हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मंदिर के निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया। इसके बाद भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण- प्रतिष्ठा के साथ ही देश का गौरव और पहचान वापस लौट रही है। श्रीराम प्राचीनता और आधुनिकता के समागम हैं। श्रीराम न सिर्फ भारत के अतीत हैं बल्कि वर्तमान और भविष्य भी हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भारत की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान हैं। लौकिक धरातल पर रहकर भगवान श्रीराम ने धर्म एवं मयार्दा का पालन, असत्य से सत्य की ओर, अधर्म से धर्म की ओर तथा अन्याय से न्याय की ओर चलने की प्रेरणा दी। कर्तव्य की वेदी पर स्वयं चढ़कर अपने व्यक्तिगत सुख-प्रलोभनों की आहुति प्रभु श्रीराम के जीवन की कहानी का सार है। आज के भारत का मन अयोध्यामय हो चुका है। एक तरफ प्रगति का उत्सव है तो दूसरी तरफ परंपरा का उत्साह भी है। विकास की भव्यता और विरासत की दिव्यता भी दिखाई दे रही है। विकास और विरासत की संयुक्त शक्ति से 21वीं सदी में भारत विश्वगुरु के पद पर पुनर्प्रतिष्ठित होगा। अयोध्या देश ही नहीं संपूर्ण विश्व को दिशा देगी।

(लेखक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झारखंड के प्रांत प्रचारक हैं।)

# एक महान योद्धा और धर्मात्मा



17 जनवरी गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर विशेष ..........

मनोज कुमार सिन्हा।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के दौरान अद्वितीय साहस, उद्दीपन और सच्चे धर्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध हुए हैं। वे सिख धर्म के दसवें गुरु थे और उनका योगदान भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण योगदान के रूप में जाना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के दौरान वीरता, धर्म रक्षा, और साहस की भावना को बढ़ावा दिया और उन्होंने सिखों को एक सशक्त और स्वतंत्र समाज की ओर मुख करने के लिए प्रेरित किया।

गुरु गोबिंद सिंह का जन्म सन 1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उनके पिता का नाम गुरु तेग बहादुर था, जो अपने पूर्वजों के लिए धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा करने में जाने जाते थे। गुरु गोबिं सिंह का बचपन और युवावस्था उनके पिता गुरु तेग बहादुर जी के संग में बिता। उन्होंने अपने पिता की शिक्षा का पालन करते हुए बहादुरशाह के खिलाफ उनके अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा होने का भी सामना किया।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पिता की शिक्षा और मार्गदर्शन में अपनी प्रबल प्रतिबद्धता के बावजूद भी, उनके पिता की शहादत के बाद सिख धर्म के गुरु बने। वे बहुत बुद्धिमान, योद्धा और धार्मिक व्यक्ति थे, और उनका मुख्य उद्देश्य सिख समुदाय को सशक्त और स्वतंत्र बनाना था।

गुरु गोबिंद सिंह ने सिख धर्म के दसवें गुरु के रूप में 1675 में अपनी पधारा ली। उन्होंने अपने पिता के उदार और साहसी आचरण का आदान-प्रदान करते हुए अपने अनुयायियों को भी उननति और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में एक सच्चे नेता की भूमिका निभाई, और उन्होंने सिख समुदाय को साहस, उत्साह, और एकता के साथ समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन किया। उनका संदेश था कि सिख धर्म के अनुयायियों को समृद्धि और सुख भरा जीवन जीने का हक है और उन्हें अपने धर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए।

गुरु गोबिंद सिंह का एक अद्वितीय और इतिहासपूर्ण क्षण है खालसा पंथ की स्थापना। 1699 में, उन्होंने अनंगपूर साहिब में आयोजित एक समागम में पांच सिख योधाओं को खालसा पंथ में शामिल करने के लिए बुलाया और उन्हें अमृत दान किया। इसके बाद, उन्होंने सिख समुदाय को एक मजबूत और संघटित सेना बनाने का प्रेरणा दिया, जिसे उन्होंने 'खालसा' कहा। गुरु गोबिं सिंह ने यहां तक कहा कि खालसा सेना का एक अब्बूल बक्र (अलगाव) और एक बीर (बहादुर) होना चाहिए, जो धर्म रक्षा के लिए सदैव तैयार रहे।

गुरु गोबिंद सिंह का यह निर्णय एक महत्वपूर्ण परिवर्तन था जो सिख समुदाय को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। खालसा सेना ने उस समय के राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का सामना करने में सिख समुदाय को साहस और उत्साह का सामर्थ्य प्रदान किया और उन्हें अपने धर्म के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ जीने का साहस दिया।

**खालसा पंथ की स्थापनाः**

1699 में वैसाखी के पावन पर्व पर गुरु गोबिंद सिंह जी ने पंज प्यारे - दया राम, धर्म दास, हिरा सिंह, मोहकम सिंह और साहिब राम को अमृत छकाकर खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने पांचों प्यारे को केश, कंघा, कच्छा, करा और कृपाण धारण करने का आदेश दिया और उन्हें ₹सिंह₹ की उपाधि प्रदान की। इस प्रकार खालसा पंथ ने जन्म लिया, जो निडरता, बलिदान, भाईचारे और ईश्वर भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित था।

**वीरता के किस्सेः**

गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन वीरता के गाथागीतों से भरा पड़ा है। मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचार के खिलाफ उन्होंने कई युद्ध लड़े। आनंदपुर की दूसरी लड़ाई में चारों साहिबजादों (अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह) का बलिदान सिख इतिहास का सबसे मार्मिक अध्याय है। वहीं चमकौर की लड़ाई में गुरु जी स्वयं मैदान में उतरे और शौर्य का प्रदर्शन किया। ये युद्ध भले ही हार मिली, लेकिन गुरु जी का दृढ़ संकल्प और मुगलों के अत्याचार के खिलाफ विद्रोह का भाव अमर हो गया।

**गुरु जी की कविता और लेखनः**

गुरु गोबिंद सिंह जी न केवल एक योद्धा थे, बल्कि एक महान कवि और लेखक भी थे। उन्होंने दशम ग्रंथ की रचना की, जिसमें उनके भजन, कविता, युद्ध वर्णन और उपदेश शामिल हैं। उनका लेखन शक्ति, भक्ति और नैतिकता का सम्मिश्रण है। ₹जफरनामा₹ नामक पत्र, जो उन्होंने औरंगजेब को लिखा था, साहित्य जगत में अद्वितीय रचना है, जिसमें शौर्य और नैतिकता की गजब मिसाल पेश की गई है।

**एक समाज सुधारक के रूप में:**

गुरु गोबिंद सिंह जी ने समाज सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जाति-पात के भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया और महिलाओं को समान अधिकार दिए। उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया और विधवाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया। शिक्षा पर भी उन्होंने बल दिया और गुरुद्वारों को शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित किया।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन में योद्धा के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने समय के सबसे शक्तिशाली राजा और सेनापति के रूप में कार्य किया और उन्होंने अपनी योद्धा रूप से देश की सुरक्षा के लिए अपनी शक्ति का उपयोग किया।

गुरु गोबिंद सिंह का एक और महत्वपूर्ण पहलु था उनका साहित्यिक योगदान। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया और उसे सिख समुदाय के लिए सच्चे धर्म का स्त्रोत बनाया। उनकी रचनाएं भागवत धर्म, शस्त्र, कविता, और राजनीति पर आधारित थीं, और उन्होंने इन रचनाओं के माध्यम से लोगों को धर्म और नैतिकता की महत्वपूर्ण बातें सिखाईं।

गुरु गोबिंद सिंह की महानता उनके आदर्शवाद, धर्मरक्षा, साहस और एकता के सिद्धांतों में छिपी है। उन्होंने अपने जीवन के दौरान अपने अनुयायियों को एक सकारात्मक और समृद्धि भरा जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

# भारतीय कृषि का ड्रोन क्षण

डॉ मनसुख मांडविया
केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री

**पंजाब** के हरे-भरे खेतों की हरियाली से गुजरते हुए, मेरा ध्यान कहीं दूर गूंजती एक आवाज ने आकर्षित किया। स्वाभाविक मानवीय जिज्ञासा हुई कि इस आवाज का स्त्रोत क्या है। उतरते ही मेरा स्वागत दो किसानों ने किया। वे ड्रोन के जरिए नैनो यूरिया का छिड़काव कर रहे थे। देश के एक ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा एक नई तकनीक को इतने उत्साहपूर्वक स्वीकार किए जाने को देखकर मुझे सुखद अनुभूति हुई। मुझे लगा कि यह भारत के कृषि क्षेत्र के लिए वह 'ड्रोन क्षण' था, जिसने हमारे देश में 'ड्रोन आंदोलन' की शुरूआत की। किसानों ने मुझे बताया कि उन्हें कृषि-ड्रोन के बारे में जानकारी उनके गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान मिली और यह नई तकनीक उनके खेतों में सबसे कुशल तरीके से तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए बेहद उपयोगी है।

भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है। हैंड पंपों के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के थकाऊ और समय लेने वाले हाथ से छिड़काव के दिन चले गए। अब इसकी जगह ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की अधिक कुशल और उत्पादक तकनीक ले रही है। कृषि क्षेत्र की दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि पद्धतियों का आधुनिकीकरण आवश्यक और अपरिहार्य है ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, जो कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का एक महत्वपूर्ण तत्व है।

1960 के दशक की हरित क्रांति में नए कृषि उपकरण, एचवाईवी (उच्च उत्पादकता किस्में) बीज, कीटनाशक और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की शुरूआत देखी गई। पिछले कुछ वर्षों में हमारे पर्यावरण, मिट्टी के स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता की दीर्घकालिक स्थिरता बनाए रखने के लिए, उर्वरकों के अधिक संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता महसूस की गई। खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इसका आह्वान 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किया। इससे प्रेरित होकर सरकार ने जैव, नैनो और जैविक उर्वरक जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम और गोबरधन जैसी कई पहल शुरू की हैं। इन नई पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और किसानों को एक ही छत के नीचे एकीकृत समाधान प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) की




स्थापना की गई है।

स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरक बेहतर हैं क्योंकि वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। अब पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की जगह नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल ने ले ली है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और फसल की उपज में सुधार करने में सहायता मिल रही है। साथ ही बेहतर पोषक तत्व उपयोग दक्षता और आसान प्रबंधन जैसे कई फायदे भी हैं। इसकी व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में अगली चुनौती कुशल अनुप्रयोग प्रणाली की एक विधि विकसित करना, आसानी से अपनाने के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण करना और कृषक समुदाय को लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करना था।

भारत के युवा और गतिशील स्टार्टअप्स द्वारा किसान ड्रोन का विकास तरल उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए एक प्रभावी और कुशल तकनीक प्रदान करता है। मिनटों में एक एकड़ कृषि भूमि पर छिड़काव करने की क्षमता अपने खेतों में घंटों मेहनत करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हुई। अपने पास अधिक खाली समय होने से, किसान अपनी कमाई बढ़ाने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक उत्पादक कार्यों में लग सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान नमो ड्रोन दीदी का प्रारंभ स्वयं किया। इसका उद्देश्य आसान वित्तीय समाधान प्रदान करके कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराना है। इसके लिए नमो ड्रोन दीदी के तहत 15,000 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान किया जा रहा है। यह अनूठी पहल न केवल किसानों को तरल उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन आसानी से उपलब्ध कराएगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान देगी। यह भारत के ड्रोन वैमानिकी को बढ़ावा देगा और ड्रोन निर्माण स्टार्टअप को विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में मदद करेगा। यह देश के दूरदराज के इलाकों में ड्रोन पायलटों और ड्रोन मैकेनिकों के लिए रोजगार उद्यम बनाकर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और साथ ही ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

प्रभावी संवाद किसी भी नई पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। 15 नवंबर, 2023 से शुरू हुई देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन एक प्रमुख आकर्षण बन गए हैं। यात्रा के दौरान सभी राज्यों में 50,000 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन हुए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के भीतर अपनी खेती में इस नई उच्च स्तर तकनीक को अपनाने के लिए रुचि जगाई है।



# अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के व्यापक मीडिया कवरेज की सरकारी तैयारी

अयोध्या धाम में 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम मंदिर के प्रतिष्ठापना समारोह के सुचारू और सफल संचालन के लिए अत्यधिक सावधानी के साथ व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्धारित अनुष्ठानों के अनुसार 'प्राण प्रतिष्ठा' करेंगे। 8,000 से अधिक अतिथि उस दिन मंदिर में आएंगे। इसके बाद 23 जनवरी से लाखों भक्त आएंगे।

सीधा प्रसारणः श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठापना समारोह के सीधे प्रसारण के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। दूरदर्शन पूरे कार्यक्रम का डीडी न्यूज और डीडी नेशनल चैनलों पर 4के गुणवत्ता में सीधा प्रसारण करेगा। 23 जनवरी को दूरदर्शन आरती और जनता के लिए श्रीराम मंदिर खुलने का भी सीधा प्रसारण करेगा।

दूरदर्शन 22 जनवरी को एएनआई और पीटीआई के साथ अयोध्या में कार्यक्रम की क्लीन फीड साझा करेगा। अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों के लिए क्लीन फीड की कुंजी के साथ एक यू-ट्यूब लिंक तैयार किया जा रहा है। यह लिंक संबंधित प्रसारकों के अनुरोध पर उनके साथ साझा किया जाएगा। यू-ट्यूब लिंक प्राप्त करने के लिए, घरेलू प्रसारक पत्र सूचना कार्यालय के पास अपना अनुरोध भेज सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय टीवी चैनलों को अपना अनुरोध सीधे प्रसार भारती से करना होगा। यदि क्लीन फीड की आवश्यकता नहीं है, तो चैनलों के पास डीडी न्यूज से पैचिंग का भी विकल्प होगा। पीआईबी अंग्रेजी, हिंदी और राज्य की भारतीय भाषाओं में कार्यक्रम की तस्वीरें और प्रेस विज्ञप्ति जारी करेगा।

अयोध्या मीडिया सेंटरः सरकारी स्तर पर अयोध्याधाम के राम कथा संग्रहालय में सीमित क्षमता के साथ एक मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। वहां प्रसारण देखने की सुविधा के लिए बड़े एलईडी टीवी लगाए जाएंगे। मीडियाकर्मियों को अपनी स्टोरी भेजने के लिए मीडिया सेंटर में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

मीडिया पास के लिए पोर्टलः

योध्याधाम से इस कार्यक्रम को कवर करने के इच्छुक मीडिया संगठन पीआईबी के केन्द्रीकृत पोर्टल के माध्यम से 17 जनवरी शाम 6 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इसके आधार पर राज्य प्रशासन के माध्यम से सुरक्षा पास जारी किए जाएंगे।